24012025-Cit-01_page1.qxd 24-01-2025 00:51 Page 1



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## 210 किमी का सफर तय कर पहुंचते थे पामेड़



बताया जा रहा है कि कोरागुट्टा इलाका नक्सलियों के पीएलजीए का कोर क्षेत्र कहलाता है। बीजापुर से तर्रेम, कोंडापल्ली होकर पामेड़ जाने वाले इस रास्ते पर पिछले 30 सालों से आवागमन बाधित था। इलाके के लोगों को पामेड़ पहुंचने के लिए तेलंगाना राज्य के चेरला होकर पामेड़ जाना पड़ता था। क्षेत्र के लोग 210 किलोमीटर की दूरी तय करके बीजापुर से पामेड़ पहुंचते थे। अब सफर आसान हो जाएगा। दूरी बेहद कम हो जाएगी।

# 30 बरस बाद नक्सलियों से मुक्त हुआ 'मार्ग'...



**पामेड़ जाने के लिए अब तेलंगाना नहीं जाना होगा, 100 किमी का फासला हुआ कम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

खूंखार नक्सली हिड़मा के पैतृक गांव पूवर्ती गांव तक सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। इसका जिम्मा सीमा सड़क संगठन को दिया गया है। गौरतलब है, यह गांव टॉप नक्सलियों का पनाहगार बना था। सड़क बनने से यहां की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। इसी तरह नक्सलियों का मांद कहे जाने वाले कोरागुट्टा में फोर्स का डेरा लगते ही 30 सालों से बंद पड़े बीजापुर से तर्रेम होकर पामेड़ जाने वाले रास्ते को फिर से बहाल करा दिया गया है। फिलहाल इस मार्ग पर सड़क निर्माण का काम चल रहा है। इस मार्ग के खुल जाने से अब लोगों को पामेड़ पहुंचने के लिए तेलंगाना से होकर जाने की ▶▶|शेष पेज 7 पर

**बड़े पैमाने पर जवानों की तैनाती, पामेड़ तक सड़क का फिर से निर्माण शुरू हो गया बीआरओ को जिम्मा**



### बीआरओ बना रही सड़क

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने बताया कि बीजापुर से तर्रेम तक सड़क निर्माण पीडब्ल्यूडी ने सुरक्षा बलों के सहयोग से शुरू किया और उसके बाद तर्रेम से पामेड़ तक सड़क निर्माण कार्य बीआरओ की ओर किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### ऑस्कर 2025 में शार्ट फिल्म अनुजा की एंट्री

**मुंबई।** डायरेक्टर एडम जे ग्रेव्स की हिंदी भाषा में बनाई अमेरिकन फिल्म 'अनुजा' को ऑस्कर 2025 में नॉमिनेट किया गया है। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की एग्जक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं। भारत की दो फिल्में- डायरेक्टर संध्या सूरी की 'संतोष' और डायरेक्टर पायल कपाड़िया की 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' से नॉमिनेशन की उम्मीद की जा रही थी।

### माउंट एवरेस्ट का शुल्क 15000 अमेरिकी डॉलर

**काठमांडू।** नेपाल ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए परमिट शुल्क में 36 प्रतिशत की भारी वृद्धि की है। वसंत ऋतु में सामान्य दक्षिण मार्ग से एवरेस्ट पर चढ़ने वाले विदेशियों के लिए परमिट शुल्क मौजूदा 11,000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति से बढ़ाकर 15,000 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है।

### गांधीवादी कार्यकर्ता मोहन का निधन

**नागपुर।** गांधीवादी और वन अधिकार कार्यकर्ता मोहन हीराबाई हीरालाल का एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। विनोबा भावे और जयप्रकाश नारायण से प्रेरित हीरालाल ने पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के मेंधा-लेखा गांव में 'हमारा गांव-हमारी सरकार' अभियान में प्रमुख भूमिका निभाई थी।

**गिरफ्तार जालसाजों में कलिंगा यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले तीन नाइजीरियन छात्र**

# 85 करोड़ की साइबर ठगी, कई राज्यों में 1435 केस

# दबोचे गए 62 जालसाज, इनमें रायपुर के 40

**देश के अलग-अलग राज्यों में 14 सौ से ज्यादा ठगी के अपराध**

रेंज साइबर पुलिस ने राज्य में एक बड़े साइबर फ्रॉड गैंग का खुलासा करते हुए 62 जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 55 जालसाज छत्तीसगढ़ के हैं। गिरफ्तार जालसाज बैंक में म्यूल अकाउंट खुलवाकर साइबर ठगी करने वालों को उपलब्ध कराने का काम करते थे।

## बैंक में म्यूल अकाउंट खुलवाकर साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराने के साक्ष्य मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूरे मामले का खुलासा करते हुए रेंज साइबर पुलिस ने बताया है कि गिरफ्तार जालसाजों के खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों में 1435 अपराध दर्ज हैं। इन शातिरों ने 84 करोड़ 88 लाख की ठगी की है। गिरफ्तार आरोपियों में कई लड़कियां हैं। छग के आरोपियों में 40 रायपुर के बताए गए हैं।

रेंज साइबर पुलिस के मुताबिक आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देश पर 48 घंटे से अभियान चलाया जा रहा है, अभी कार्रवाई जारी भी है। जिन 62 जालसाजों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें कलिंगा यूनिवर्सिटी में पढ़ने आए तीन नाइजीरियन छात्र के साथ राजस्थान, ओडिशा के जालसाज भी शामिल हैं। जालसाजों को गिरफ्तार करने पुलिस ने एक साथ 40 स्थानों पर छापे की कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार किया। जालसाजों के अलग-अलग बैंक अकाउंट से पुलिस ने दो करोड़ रुपए फ्रीज कराए हैं। पुलिस ने ठगी के आरोप में जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें आठ युवती रायपुर की शामिल हैं। ▶▶|शेष पेज 7 पर





### रकम वापसी की प्रक्रिया

रेंज साइबर पुलिस ने जालसाजों के अकाउंट फ्रीज कराने के साथ न्यायालय से चार करोड़ रुपए वापस दिलाने आदेश कराया है, जिनमें से दो करोड़ रुपए पीड़ितों को अब तक मिल चुका है। पीड़ितों को जो रकम वापस दिलाने की प्रक्रिया न्यायालय से की गई है, वह पिछले छह माह के भीतर प्रथम लेयर की ठगी की रकम है।

### म्यूल अकाउंट का इस तरह इस्तेमाल

म्यूल अकाउंट एक बैंक खाता है जिसका उपयोग अवैध गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिये किया जाता है। मनी म्यूल वह व्यक्ति होता है जो किसी अन्य व्यक्ति की ओर से अवैध रूप से अर्जित धन को स्थानांतरित ▶▶|शेष पेज 7 पर

### इस प्रकार की ठगी में अकाउंट का इस्तेमाल

म्यूल अकाउंट के माध्यम से जालसाज डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग फर्जी ऐप, क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट, गूगल रीव्यू टास्क, टेलीग्राम टास्क, बैंक केवाईसी अपडेट एवं गूगल सर्च जैसे साइबर अपराध में प्राप्त ठगी की रकम आहरण करने का काम करते थे। गिरफ्तार आरोपियों में कई ऐसे भी जिन लोगों ने किसी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### इनकी गिरफ्तारी

- *नाइजीरियन छात्र* - *एबदुलाजीज बेना राबीयू, मोहम्मद बसीर सुलेमान, अमीनू गरबा*
- *राजस्थान* - *विजय सिंह मीणा*
- *ओडिशा* - *शिवा राव, सुरेश राव*
- *रायपुर* - *मेहुल विज, देवेन्द्र सेन, सौरभ पाल, अशोक लाल बघेल, हरीश सोनकर, तुलसी तांडी, वासु पटेल, दीपक पटेल, दीपक कपूर, पुरूषोत्तम बजाज, सूरज सक्सेना, राहुल नायक, ललित बंश्रे, समीर जनबंधु, प्रीति साहू , लोकेश्वर चन्द्राकर, मनोज धीवर, गौतम भारती, टेमन हियाल, उपासना जगत, भारती बाघ, वीणा तांडी, डी. कामराजू, कल्पना खरे, राहुल शर्मा, श्रेया यादव, दीपक छुरा, प्रेमदास मानिकपुरी, आयुष सागर, पंकज भोंडलेकर, नवीन गोस्वामी, भीमाशंकर नायक, संदीप डोन्डेकर, अजय निर्मलकर, इंद्र कुमार साहू, अभय अडवानी, सूर्यकांत मंझवार, सौरभ शर्मा, संगीता मांझी, यमन बंजारे, गोविंद यादव*
- *राजनांदगांव* - *गजेन्द्र वर्मा, अफजल खान, प्रवीण कुमार ठाकुर, शेख जीशान, धनेश सेन, शुभम दत्ता, तनिष्क सिंह भाटिया, अरविंद चौरे, रजत श्याम कुंवर, हरीश ध्रुवे, रोशन वर्मा, कमलेश उईके, उमेश तड़स*
- *महासमुंद* - *सत्यम देवानी*
- *बिलासपुर* - *सिप्रियन जैकब*

**नवा रायपुर में जमीन आवंटन का मामला**

# *हाईकोर्ट सीईओ से नाराज असिस्टेंट मैनेजर से कहा आप पद के लायक नहीं*



- सभी के खिलाफ एफआईआर कराने के दिए निर्देश
- कोर्ट ने पूछा- मिस्टर सौरव याचिका लंबित रहने के बाद भी आपने जमीन कैसे दे दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

नवा रायपुर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) के सीईओ सौरव कुमार को हाईकोर्ट ने जमकर फटकार लगाई है। साथ ही जमीन अलॉटमेंट कमेटी के सभी सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल एनआरडीए ने कमेटी की अनुशंसा पर जमीन अलॉट कर दी जबकि आबंटन का मामला हाईकोर्ट में लंबित है। हाईकोर्ट इस बात को लेकर भी नाराज हुआ कि शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने सीईओ को निर्देश दिया था लेकिन मातहत अधिकारी से शपथ पत्र दिलाया गया। उसमें भी कोर्ट को गलत जानकारी दी गई। गलत जानकारी देने और कोर्ट को गुमराह ▶▶|शेष पेज 7 पर

### असिस्टेंट मैनेजर को कहा- क्यों दी गलत जानकारी

हाईकोर्ट ने हलफनामा पेश करने वाली असिस्टेंट मैनेजर को तलब किया। हलफनामा में उनके द्वारा दिए गए जवाब को पढ़वाया और पूछा कि आखिर इस तरह की गलत जानकारी कोर्ट को क्यों दी जा रही है। कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश किसलिए की जा रही है ? क्यों न आपके खिलाफ कार्रवाई की जाए ? कोर्ट ने पूछा कि आपका स्टेटस क्या है ? महिला अफसर ने बताया कि एनआरडीए में असिस्टेंट मैनेजर है। कोर्ट की नाराजगी और सामने आ गई और कहा कि आपको यही नहीं पता कि हलफनामा कैसे फाइल करना है ? आप इस पोस्ट के सुटेबिल नहीं है। कोर्ट ने सीईओ से पूछा कि किसके कहने पर जमीन आवंटित कर दी ? सीईओ ने बताया कि अलॉटमेंट कमेटी की अनुशंसा से जमीन का आवंटन किया गया है।

**आंबेडकर अस्पताल की रिपोर्ट के आधार पर अब स्वास्थ्य विभाग कराएगा जांच**


## मोतियाबिंद ऑपरेशन में लापरवाही, चार मरीजों की आंखों की रोशनी गई, रायपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दंतेवाड़ा में मोतियाबिंद ऑपरेशन के दौरान लापरवाही और मरीजों के आंखों की रोशनी जाने की घटना से भी स्वास्थ्य विभाग सबक नहीं ले सका है। अब एक अन्य मामला सूरजपुर में सामने आया है। कोरिया जिले के सरकारी अस्पताल में ▶▶|शेष पेज 7 पर

### दो मरीजों का ऑपरेशन

आंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया, कोरिया के जिला अस्पताल से आए पोस्ट-ऑपरेटिव एंडोफ्थालमाइटिस के दो मरीजों का ऑपरेशन किया गया है। संभावना है कि तीसरे मरीज को ऑपरेशन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यहां आए तीनों मरीजों की 15 जनवरी को कोरिया जिले में मोतियाबिंद की सर्जरी की ▶▶|शेष पेज 7 पर




**गुरुवार को रायपुर का अधिकतम तापमान पहुंचा 34.4 डिग्री पर**

## ये गर्मी कुछ घंटों की! पारा 34 डिग्री पार, आज से आएगी ठंडी और शुष्क हवा, फिर गिरेगा तापमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

गुरुवार दोपहर शहरवासियों को अचानक ही गर्मी का अहसास हुआ। इसके पूर्व बुधवार को भी तापमान में हल्की वृद्धि दर्ज की गई थी, लेकिन गुरुवार दोपहर लोगों को पंखे चलाने की जरूरत महसूस हुई। ये गर्मी 48 से 72 घंटों की ही है। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार से आ रही ठंडी हवा के कारण तापमान में फिर से गिरावट आएगी। 26 जनवरी तक तापमान में 4 डिग्री तक गिरावट आएगी। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### चलने लगे पंखे

*दक्षिण-पूर्व से आ रही गर्म और नमीयुक्त हवा का प्रभाव इतना अधिक रहा कि दोपहर में लोगों को पंखे चलाने पड़े। राजधानी का तापमान सामान्य से 5.4 डिग्री अधिक 34.4 डिग्री दर्ज किया गया। यह प्रदेश में सर्वाधिक है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक 16.2 डिग्री रहा। माना में 33.8 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। प्रदेश में सबसे कम तापमान 8.9 डिग्री बलरामपुर में रहा।*

*यहां लोगों को अधिक गर्मी का सामना नहीं करना पड़ा। बिलासपुर में अधिकतम तापमान 32 डिग्री, अम्बिकापुर में 30.4 डिग्री, जगदलपुर में 32.9 डिग्री, दुर्ग में 32.6 डिग्री तथा राजनांदगांव में 32.5 डिग्री रहा।*

## शिक्षा विभाग के अफसर के घर से निकले करोड़ों रुपए

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार के बेतिया में गुरुवार को विजिलेंस टीम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण के घर पर छापेमारी की। इस दौरान तलाशी में 2 करोड़ से ज्यादा नकद बरामद किया गया। शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए रजनीकांत प्रवीण को सस्पेंड कर दिया है। छापेमारी में मिले पैसों को गिनने के लिए विजिलेंस टीम को मशीनें मंगवानी पड़ी।

### कई ठिकानों पर छापे

फिलहाल विजिलेंस टीम रजनीकांत से पूछताछ कर रही है। उन पर लगे अन्य आरोपों की जांच भी विजिलेंस टीम की तरफ से की गई। इसके अलावा, उन पर आय से अधिक संपत्ति के भी आरोप लग चुके हैं। बेतिया, समस्तीपुर और दरभंगा स्थित उनके ठिकानों पर भी छापेमारी जारी है।



## सुभाष चंद्र बोस जयंती पर बंगाल की सीएम ममता का आरोप

# 'केंद्र सरकार हमें फंड नहीं दे रही पर हम भीख नहीं मांग रहे'

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा।



अलीपुरद्वार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सीएम ममता ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर फंड ना देने का आरोप लगाया है। सीएम बनर्जी ने कहा, 'केंद्र सरकार हमें फंड नहीं दे रही है। लेकिन हम भीख नहीं मांग रहे हैं। हम आत्मसम्मान के साथ लड़ रहे हैं।' बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा के लिए धन आवंटित नहीं कर रही है। लेकिन हमने भीख मांगने की जगह 'कर्मश्री योजना' शुरू की है, जिससे लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं।' ममता बनर्जी ने यहां ये भी घोषणा की कि हम चाय बागानों में काम करने वालों को जमीन के पट्टे दे रहे हैं।

### बोस के 'योजना आयोग' को खत्म करना दुर्भाग्यपूर्ण

बनर्जी ने कहा, 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देश के लिए योजना आयोग की स्थापना की थी, जिसे अब खत्म कर दिया गया है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। नेताजी का जन्मदिन तो हमें पता है, लेकिन उनका निधन कब और कैसे हुआ...आज भी रहस्य है। यह सोचकर दुख होता है कि वह एक षड्यंत्र का शिकार हुए हैं।' ममता बनर्जी ने समारोह में अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र जयगांव में अवैध कब्जों के मुद्दे पर भी चर्चा की।

## जलगांव में पटरी पर 13 मौतों पर बड़ा खुलासा

# चायवाले ने फैलाई थी ट्रेन में आग लगने की अफवाह

### हादसे के चश्मदीद ने दी जानकारी | लखनऊ से मुंबई जा रही थी पुष्पक एक्सप्रेस

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार, 22 जनवरी को लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के यात्रियों के साथ बड़ा हादसा हो गया। ट्रेन में आग की अफवाह फैली, चेन खींची गई और यात्री परेशान होकर अचानक ट्रेन से उतरने लगे। ऐसे में बगल के ट्रैक पर आ रही ट्रेन ने कई मुसाफिरों को रौंद दिया। घटना में 13 लोगों की जान चली गई। अब इस मामले से जुड़ा नया अपडेट सामने आया है।*

हादसे के वक्त ट्रेन पर मौजूद एक यात्री ने बताया कि ट्रेन में आग लगने की अफवाह एक चाय वाले ने फैलाई थी। हादसे के एक चश्मदीद ने बताया कि एक चाय वाले ने अफवाह फैला दी कि ट्रेन में आग लग गई है। इसके बाद ट्रेन के अंदर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। उस चायवाले ने खुद ही चेन खींच दी. जब ट्रेन धीमी होने लगी तो यात्री जान बचाने के लिए ट्रेन से कूदने लगे। चश्मदीद ने आगे बताया, 'कुछ लोग उस ट्रैक पर कूद गए, जहां से बंगलौर एक्सप्रेस गुजर रही थी और वे कुचलकर मर गए। सैकड़ों लोग दूसरी तरफ कूद गए, जहां ट्रैक नहीं था। अगर वे इस तरफ कूदते तो और भी ज्यादा लोग मारे जाते।'



**आंखों देखा मंजर**

लखनऊ से पुष्पक एक्सप्रेस पूरी रफ्तार से मुंबई के लिए निकली थी। बुधवार को शाम 4:42 बजे का वक्त था, जब ट्रेन मुंबई से 425 किमी पहले जलगांव के पचोरा स्टेशन के करीब पहुंची थी, तभी आग की अफवाह ने भयंकर तबाही मचा दी. पटरी पर मौत के इस तांडव के बाद अब हादसे के गवाह और मृतकों के परिजनों ने मंजर को विस्तार से बताया है।

### 'न आग थी न कोई धुआं'

*हादसे में जान गंवाने वाली कमला भंडारी की बहू राधा भंडारी ने बताया, 'मां ने कहा- तू सो जा... फिर अचानक बोली बोगी में आग लगी है भाग...भगदड़ मची तो मैं भी भीड़ में नीचे उतरी... न आग थी न कोई धुआं, बगल की पटरी पर देखा तो मां की बॉडी थी।' राधा ने बताया कि धक्का मुक्की में मैं एक दरवाजे से बाहर निकली थी जबकि मां उस दरवाजे से गिरी, जिसके बगल में अन्य ट्रेन आ रही थी। इधर मां का शव लेने मुंबई से आए राधा के देवर और कमला भंडारी के पुत्र तपेंद्र ने बताया कि कैसे आखिरी बार फोन पर बात करते हुए मां ने कहा था कि 'अपना ख्याल रखना, हम पहुंच जाएंगे।'*

## मप्र में सहारा लैंड स्कैम

## बीजेपी विधायक पाठक ईओडब्लू जांच के घेरे में

# महज 48 करोड़ में बेची 1000 करोड़ की जमीन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



एमपीआर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा (ईओडब्लू) ने करोड़ों रुपए के सहारा लैंड स्कैम का खुलासा किया है। ईओडब्लू का दावा है कि भोपाल, कटनी और जबलपुर में सहारा समूह की 310 एकड़ जमीनों को गैरकानूनी ढंग से औने पौने दामों पर बेचा गया है। यह करोड़ों रुपए का फर्जीवाड़ा है। आरोप है कि जमीन बेचने से मिली रकम निवेशकों को लौटाने के बजाय निजी कंपनियों के खातों में भेज दी गई। भाजपा विधायक संजय पाठक ईओडब्लू की जांच के घेरे में हैं। संजय पाठक और उनके परिजनों पर इन सौदों में शामिल होने का आरोप है। सहारा समूह की जिन जमीनों की बाजार कीमत 1,000 करोड़ रुपए से ज्यादा थी, उन्हें महज 90 करोड़ रुपए में बेच दिया गया। भोपाल में 600 करोड़ रुपए कीमत की 110 एकड़ जमीन सिर्फ 48 करोड़ में बेच दी गई। जबलपुर और कटनी में भी 100-100 एकड़ जमीन, जिसकी बाजार कीमत क्रमशः 200 करोड़ और 180 करोड़ थी। इन दोनों जमीनों को भी सिर्फ 20 करोड़ और 22 करोड़ रुपए में बेच दिया गया।

### निवेशकों के साथ हुआ करोड़ों का धोखा

सुप्रीम कोर्ट ने सहारा समूह को निर्देश दिया था कि जमीनों को बेचकर मिली राशि निवेशकों को लौटाई जाए। इसके लिए सेबी-सहारा के रिफंड खाते में रकम जमा करनी थी। लेकिन यह राशि वहां जमा न कर निजी कंपनियों को ट्रांसफर कर दी गई। इस घोटाले से निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। साथ ही यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना भी है। कई साल तक कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद कोर्ट ने भले ही निवेशकों को पैसे वापस लौटाने के निर्देश दे दिए हों, लेकिन इस फर्जीवाड़े की वजह से अब जमीनें भी बिक गई और पैसा उन तक नहीं पहुंचा।

## कोर्ट ने जेल-जुर्माने के बाद डिपोर्ट करने का दिया आदेश

# 18 साल से मुंबई में छुप कर रह रहा था अफगानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अपनी पहचान छुपाकर भारत में रह रहे अफगान नागरिक



हबीबुल्लाह प्रांग को कोर्ट ने मुंबई में दोषी पाया है। उसे 11 महीने जेल की सजा सुनाई गई है और 8000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इसके बाद उसे अफगानिस्तान वापस डिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है। वह 2007 यानी 18 साल से मुंबई में रह रहा था। मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 5 ने फरवरी 2024 में एक रेड के दौरान उसे गिरफ्तार किया था। 38 वर्षीय हबीबुल्लाह प्रांग (उर्फ जहीर अली खान) मूल रूप से अफगानिस्तान के पाकिता प्रांत के तामेर जुरमत जिले का रहने वाला है।

### 11 महीने जेल की हुई थी सजा

मुंबई में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने उसे 11 महीने जेल की सजा और 8000 रुपये जुर्माने के बाद वापस अफगानिस्तान भेजने का आदेश दिया है। यूनिट इंचार्ज पुलिस इंस्पेक्टर घनश्याम नायर, जांच अधिकारी सदानंद येरेकर, कोर्ट ऑफिसर पीएसआई विजय बेंडाले और पुलिस कांस्टेबल राऊसाहेब फुंडे ने सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

## *मुंबई में चलती थी रंगदारी, पुलिस ने उठाया*

# छोटा राजन का करीबी गैंगस्टर राव चढ़ा पुलिस के हत्थे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

छोटा राजन का नाम सुनते ही दहशत फैल जाती है। छोटा राजन जरायम की दुनिया में बड़ा नाम कमाया है। मुंबई पुलिस ने उसके एक करीबी को गिरफ्तार किया है। कुख्यात गैंगस्टर डीके राव को क्राइम ब्रांच ने जबरन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार किया है।




एंटी-एक्सटॉर्शन सेल क्राइम ब्रांच मुंबई को एक होटल व्यवसायी से शिकायत मिली थी कि गैंगस्टर डीके राव ने 6 लोगों के साथ मिलकर उनके होटल पर कब्जा करने की साजिश रची थी। इसके अलावा उसने ढाई करोड़ की रंगदारी मांगने के साथ जान से मारने की धमकी भी दी थी। मामले की जानकारी सामने आने के बाद मुंबई पुलिस ने जबरन वसूली, धोखाधड़ी और जालसाजी की बीएनएस धाराओं के तहत मामला दर्ज कर इन आरोपियों की तलाश शुरू की। तलाश के दौरान मुंबई की क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली और पुलिस ने डीके राव समेत सभी सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## लाइव शो के दौरान फैंस से मांगी माफी

# सिंगर मोनाली को सांस लेने में दिक्कत, रोकी परफॉर्मेंस

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

मशहूर प्लेबैक सिंगर मोनाली ठाकुर की लाइव परफॉर्मेंस के दौरान अचानक से उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें सांस



लेने में दिक्कत होने लगी। जिसके बाद मोनाली ने शो छोड़ा और तुरंत उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। वो दिनहाटा फेस्टिवल में परफॉर्म कर रही थीं। पहले मोनाली को दिनहाटा के प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया था। फिर उन्हें कूचबिहार शहर के निजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया। कुछ समय बाद जब मोनाली को ठीक महसूस हुआ तब वो अस्पताल से डिस्चार्ज हुईं। जानकारी के मुताबिक, दिनहाटा फेस्टिवल पश्चिम बंगाल के इसी शहर में हो रहा है। मंगलवार की रात फेस्टिवल की सबसे बड़ी हाईलाइट मोनाली थीं।

### लगातार शोज करने से बीमार पड़ीं सिंगर

उनकी बहन मेहुल ठाकुर ने मीडिया को बताया कि मोनाली बीमारी के बावजूद परफॉर्म करने आई थीं। महीनों से वो अलग-अलग राज्यों में शोज कर रही हैं। इस वजह से वो बीमार पड़ गई थीं। मंगलवार को वो छोटे प्लेन से कूचबिहार गई थीं तभी उन्होंने अनकंफर्टेबल फील करना शुरू कर दिया था।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**रायपुर**

**शुक्रवार, 24 जनवरी 2025**

माघ कृष्ण पक्ष दशमी

वर्ष : 23, अंक : 189

पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5.00**

**मौसम**

अधि. 33.6

न्यून. 16.2

haribhoomi.com




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आदित्य बिड़ला ग्रुप के अध्यक्ष कुमारमंगलम बिड़ला ने मुंबई में आयोजित इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट के दौरान छत्तीसगढ़ में निवेश संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

**मुंबई में सीएम साय ने देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों से किया संवाद**

# इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट, छत्तीसगढ़ में एफडीआई के खुले रास्ते, 6000 करोड़ का निवेश प्रस्ताव

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुंबई में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में छत्तीसगढ़ के लिए विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के रास्ते खुल गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुंबई में अमेरिकी काउंसिल जनरल और रशिया काउंसिल जनरल से मुलाकात की। दोनों अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश की इच्छा जताते हुए राज्य के अनुकूल कारोबारी माहौल की सराहना की। इन्वेस्टर कनेक्ट मीट के दौरान अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के काउंसिल जनरल ▶▶शेष पेज 7 पर

- अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के काउंसिल जनरल व रूस के काउंसिल जनरल से सीएम ने की मुलाकात




### एनओसी प्रक्रिया आसान

मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 की खूबियों को साझा करते हुए कहा, सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से अब क्लियरेंस हो रहे हैं। इससे निवेशकों को खासी राहत मिल रही है। उद्योग नीति में निवेश एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि के लिए 1 हजार करोड़ रुपए अथवा 1 हजार ▶▶शेष पेज 7 पर

### बिड़ला, एस्सार और गोदरेज ने भी संभावनाएं तलाशी

मीट के दौरान आदित्य बिड़ला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उद्योगों के विस्तार के बारे में चर्चा की। आदित्य बिड़ला ग्रुप द्वारा वस्त्र, पेंट और आभूषण के क्षेत्र में निवेश की सम्भावना जताई है। वहीं गोदरेज समूह की कार्यकारी निदेशक तान्या डुबाश ने भी राज्य में रासायनिक उर्वरक, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण के साथ-साथ मोल्डेड फर्नीचर निर्माण के क्षेत्र में निवेश की संभावना व्यक्त की है। ऊर्जा, इस्पात, और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में अग्रणी एस्सार ग्रुप के वरिष्ठ सलाहकार डॉ हसीब द्रबू ने छत्तीसगढ़ में ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, इस्पात और खनन जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं जताई हैं। वहीं, क्लोथिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष संतोष कटारिया ने मुलाकात के दौरान कहा खनिज संसाधन और सुलभ कुशल श्रमिक को राज्य में वस्त्र उद्योग के लिए अच्छी संभावनाएं हैं।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### लातूर जिले में मुर्गियों के 4,200 चूजे मृत



**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर जिले में कुक्कुट पालन केंद्र (पोल्ट्री फार्म) में करीब 4,200 चूजे मृत पाए गए। इससे कुछ दिन पहले ही बर्ड फ्लू के कारण जिले में करीब 60 कौओं की मौत हो गई थी। अहमदपुर तहसील के ढालेगांव में पांच से छह दिन के चूजों की मौत हो गई।

### कोहरे में वाहन की टक्कर दो कारोबारियों की मौत




**पीलीभीत।** यूपी के पीलीभीत जनपद के बिलसंडा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह दो लकड़ी कारोबारियों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना भीखमपुर गांव के बकानिया मोड़ के पास आज सुबह लगभग 10 बजे हुई।

अभिनेता पर हुए हमले के मामले में शुरू हुई राजनीति

# मंत्री राणे ने सैफ को बताया 'कचरा' कहा- हमला हुआ था या एक्टिंग कर रहे

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे ने कहा कि चाकू से हमला होने के बाद जिस तरह से सैफ अली खान अस्पताल से बाहर निकले, उससे उन्हें हैरानी हुई कि क्या बॉलीवुड स्टार पर 'वास्तव में हमला हुआ था या वे नाटक कर रहे थे'। भाजपा के नेता ने पड़ोसी देश के नागरिक द्वारा सैफ पर उनके घर में घुसकर हमला करने की घटना का संदर्भ देते हुए कहा कि पहले, अवैध रूप से देश में घुसने वाले बांग्लादेशी सड़कों के किनारे पड़े मिलते थे, लेकिन अब वे घरों में घुस जाते हैं। राणे ने गुरुवार को यहां भाजपा के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, जिस तरह से सैफ अस्पताल से बाहर आए, मुझे आश्चर्य हो रहा है कि क्या उन पर वाकई हमला हुआ था या वह नाटक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले अवैध रूप से भारत आने वाले बांग्लादेशी सड़क किनारे पड़े ▶▶शेष पेज 7 पर

*बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में अब राजनीति भी जुड़ गई है। महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने पुणे की एक सभा में कहा कि आप मुंबई में बांग्लादेशियों को देखिए। वे सैफ के घर में घुस रहे हैं। पहले वे सड़क के किनारे खड़े रहते थे, अब उन्होंने घर में घुसना शुरू कर दिया है। हो सकता है कि वह उन्हें (सैफ अली खान) ले जाने आया हो। अच्छा है, कचरे को कहीं और ले जाना चाहिए।*

### हिंदू अभिनेता पर कोई नहीं बोलता

मंत्री राणे ने दावा किया कि जब किसी 'खान' पर हमला होता है तो हर कोई



बोलता है लेकिन जब किसी हिंदू अभिनेता पर हमला होता है तो कोई नहीं बोलता। राणे ने आरोप लगाया, विपक्षी नेता जितेंद्र आव्हाड, सुप्रिया सुले ने (दिवंगत अभिनेता) सुशांत सिंह राजपूत के बारे में कुछ नहीं कहा। उन्हें केवल सैफ अली खान की चिंता है। राजपूत ने जून 2020 में मुंबई में अपने घर पर आत्महत्या कर ली थी।



फाइल फोटो

### शरीफुल के पिता ने दिया चौंकाने वाला बयान

इधर, आरोपी शरीफुल जिसे पुलिस ने सैफ पर हमला करने के आरोप में पकड़ा है, उसके पिता रुहुल अमीन का कहना है कि सीसीटीवी में जो लड़का दिख रहा है, वह उनका बेटा नहीं है। हां, जिस मुंबई पुलिस ने पकड़ा है, वह जरूर उनका बेटा है। इस बयान के बाद से सैफ अली खान का केस अलग मोड़ ले सकता है।

**पटोले ने कहा- यह भाजपा का एजेंडा**

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के बजाय 'धार्मिक विभाजन' में लिप्त होने के लिए सरकार की आलोचना की। 'धर्म और राजनीति को मिलाना भाजपा का एजेंडा है'।

**अब तक की जांच में खुलासे**

- आरोपी ने बताया कि उसे नहीं पता था कि वो सैफ अली खान के घर में घुसा है। सुबह न्यूज देखकर अभिनेता का घर मालूम हुआ।
- आरोपी शरीफुल ने बताया वह 15 जनवरी की रात चोरी के इरादे से बॉलीवुड स्टार के अपार्टमेंट में घुसा था।
- हमलावर का नाम पहले विजय दास बताया गया था, लेकिन उसका असली नाम मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद है, बांग्लादेशी घुसपैठिया है।

## गुफा के अंदर नक्सलियों के हथियारों का मिला जखीरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

बुधवार को सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। हाल ही में मेट्टागुड़ा में नया कैंप खोला गया है, कैंप से 203 कोबरा बटालियन, 131 बटालियन सीआरपीएफ और जिला बल की एक संयुक्त टीम दुलेड क्षेत्र में आरओपी और डेप्ट प्रोटेक्शन ड्यूटी पर निकली थी। इसी दौरान मेटागुडेम और दुलेड गांवों के बीच जंगल में एक गुफा के अंदर जवानों को विस्फोटक सामग्री और हथियार निर्माण उपकरणों का एक बड़ा भंडार मिला है। सर्च ऑपरेशन के दौरान जवानों को बुधवार दोपहर करीब 3 बजे मेटागुडेम गांव से करीब डेढ़ किमी दूर एक गुफा में नक्सलियों का शस्त्रागार मिला।

- एक्सप्लोसिव और वेपन बनाने की मशीन बरामद

### बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद

एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि बरामद शस्त्रागार में साबुन के डिब्बों में पैक 21 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), मल्टीपल बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (बीजीएल) बम, एक जनरेटर सेट, लेथ मशीन का सामान, बड़ी मात्रा में विस्फोटक बनाने की सामग्री, बंदूक निर्माण के उपकरण, गैस वेल्डिंग के लिए बड़े आकार के ऑक्सीजन गैस सिलेंडर, कार्बाइड टैंक, सोलर होम लाइटिंग सिस्टम कैबिनेट की बॉडी, होंडा जेन सेट 1000 ईबीके, होंडा जेनसेट 1000 ईबीके-01, बीजीएल बम आयरन टेल यूनिट, फायर ब्लोअर, मगरमच्छ क्लिप, ग्रीस और मेडिकल सामान मिला है।

शक में वारदात को दिया अंजाम

## पत्नी की हत्या कर कुकर में उबाले लाश के टुकड़े

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

देश में हत्या के कई ऐसे मामले सामने आते हैं, जोकि लोगों को बुरी तरह से झकझोर कर रख देते हैं। हाल ही में एक ऐसा मामला तेलंगाना के हैदराबाद में देखने को मिला है। जहां पर एक पूर्व सैनिक गुरुमूर्ति ने अपनी पत्नी वेंकट माधवी की हत्या कर दी। इतना ही नहीं पत्नी की लाश के टुकड़े कर उसे प्रेशर कुकर में उबालने रख दिया। साथ ही बॉडी के कुछ हिस्से को उसने जिल्लेलागुडा के चंदन झील इलाके में फेंक दिया।

ये पूरा मामला मीरपेट पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के पास का बताया जा रहा है। 13 जनवरी के दिन मृतक के माता-पिता ने अपनी बेटी की गुमशुदगी की शिकायत पुलिस में दर्ज करवाई थी।



### सेना में था मृतक महिला का पति

महिला का पति पहले सेना में था। इस समय वह सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम कर रहा है। संदेह है कि आरोपी ने पत्नी के साथ झगड़ा किया, फिर उसकी जान ले ली। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही इस संबंध में अधिक जानकारी सामने आ पाएगी।

हर दिन संगम में बढ़ रही भीड़

## महाकुंभ में अब तक 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महाकुंभ नगर

प्रयागराज में आयोजित किए जा रहे महाकुभ में अब तक 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा चुके हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, 10 करोड़ श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का यह आंकड़ा बृहस्पतिवार दोपहर 12 बजे पार हो गया। सरकार ने इस बात पर प्रकाश डाला कि श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, प्रतिदिन संगम में डुबकी लगाने और आध्यात्मिक पुण्य के लिए लाखों लोग पहुंच रहे हैं। स्नान पर्वों के दौरान यह संख्या करोड़ों में पहुंच जाती है।



### मकर संक्राति पर सबसे अधिक

इसमें कहा गया कि 23 जनवरी तक संगम में स्नान करने वाले कुल श्रद्धालुओं की संख्या 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। सबसे अधिक करीब 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के दौरान डुबकी लगाई, जबकि पौष पूर्णिमा के दौरान 1.7 करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया।

## कपिल, रेमो और राजपाल को धमकी, पाक से ई-मेल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मनोरंजन जगत के सितारे कपिल शर्मा, राजपाल यादव और कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा को धमकी भरे ईमेल भेजे जाने के मामले में मुंबई पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इस मेल को पाकिस्तान से भेजे जाने की आशंका है। बीते 14 दिसंबर को विष्णु नामक व्यक्ति की ओर से अभिनेता राजपाल यादव को धमकी भरा मेल भेजा गया था। मामले में अंबोली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

- मुंबई पुलिस ने मामले में दर्ज की एफआईआर



### मुंबई में स्कूलों को बम की धमकी

मुंबई के जोगेश्वरी और ओशिवारा इलाके के एक स्कूल में बम की धमकी भरा ईमेल आने से हड़कंप मच गया। धमकी मिलने के बाद मुंबई पुलिस और बम स्क्वॉड की टीम ने स्कूल परिसर में पहुंची और जांच शुरू की। ईमेल में अफजल गैंग की तरफ से बम रखने का दावा किया गया है।

### इधर, पन्नू ने मान को दी धमकी

खालिस्तानी आतंकी और सिख फॉर जस्टिस चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को जान से मारने की धमकी दी है। पन्नू ने वीडियो जारी कर कहा कि भगवंत सिंह मान का हाल पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह जैसा होगा। उसे भी बम से उड़ा देंगे।

## 'संजय', 'प्रलय' मिसाइल का पहली बार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

ब्रह्मोस, पिनाका और आकाश समेत कुछ अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियां कर्तव्य पथ पर 76वें गणतंत्र दिवस समारोह का हिस्सा होंगी। सेना की युद्ध निगरानी प्रणाली 'संजय' और डीआरडीओ की सतह से सतह पर मार करने वाली सामरिक मिसाइल 'प्रलय' पहली बार परेड में प्रदर्शित की जाएंगी। भारत 26 जनवरी को यहां कर्तव्य पथ पर फ्लाईपास्ट में भारतीय वायुसेना के 40 विमान और भारतीय तटरक्षक बल के तीन डोर्नियर विमान शामिल होंगे।

### इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो पहुंचे भारत

**नई दिल्ली।** 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर होने वाले गणतंत्र दिवस परेड समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने के लिए



इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो गुरुवार देर रात नई दिल्ली पहुंचे। उनका विमान भारतीय वायुसेना के पालम हवाईअड्डे पर उतरा। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, राष्ट्रपति सुबियांतो की इस चार दिवसीय यात्रा के दौरान शुक्रवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के साथ ताजमहल होटल में शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। इसके अगले दिन 25 जनवरी को राष्ट्रपति सुबियांतो को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में परंपरागत गार्ड ऑफ आर्नर दिया जाएगा।








## ग्रामीण/शहरी रणभूमि

### जनता से डरी कांग्रेस, घोषणा पत्र के लिए नहीं मांगे सुझाव: श्रीवास्तव



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, 2018 के चुनावों में कांग्रेस ने बढ़ चढ़ कर घोषणा पत्र में जनता से सुझाव लेने की बात को प्रचारित किया था। इसके लिए बाकायदा टीएस बाबा जगह-जगह घूमे थे, लेकिन इस बार नगरीय निकाय के चुनावों में कांग्रेस ने जनता से कन्नी काट ली है।

### भाजपा सरकार के 13 माह के कुशासन से जनता ऊब चुकी है- राजपूत



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा, भाजपा सरकार के 13 माह के कुशासन से जनता ऊब चुकी है। प्रदेश में प्रत्येक दिन निर्भया कांड जैसी घटना घट रही है। रायपुर को सबसे सुरक्षित स्थान माना जाता था, लेकिन विष्णु के कुशासन के कारण रायपुर रहवासी के साथ प्रदेश भर में भय का वातावरण बना हुआ है।

### हॉट सीट

विधानसभा से लेकर लोकसभा चुनावों में हाईप्रोफाइल रहने वाली राजनांदगांव सीट इस नगरीय निकाय में भी चर्चा का विषय बनी हुई है। दो पूर्व सीएम की पसंद के दावेदारों का ही चयन होने की संभावना है। इस लिहाज से इस सीट पर प्रत्याशियों के बीच रोचक मुकाबला हो सकता है। एक तरफ जहां पूर्व सीएम एवं मौजूदा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की पसंद के प्रत्याशी पर भाजपा मुहर लगा सकती है, वहीं कांग्रेस भी उस प्रत्याशी को ही टिकट दे सकती है, जिसका नाम पूर्व सीएम भूपेश बघेल फाइनल करेंगे। अगले 72 घंटों में दोनों ही प्रत्याशियों का नाम भी सामने आ जाएगा।

# दो पूर्व सीएम की वजह से हाईप्रोफाइल रहेगी नांदगांव की सीट, उनकी पसंद के बीच शहरी सत्ता की जंग संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

इधर महापौर का पद अनारक्षित होने के बाद रोचक हो चुकी राजनांदगांव नगर निगम की लड़ाई में जनता के बीच से भी सामान्य वर्ग से प्रत्याशी उतारने की मांग होने लगी है। ऐसे में दोनों दलों में भी सामान्य वर्ग के दावेदारों की संख्या अधिक दिखाई दे रही है। हालांकि भाजपा ने अपने सर्वे, पर्यवेक्षक से मिले फीडबैक के बाद तीन नामों का पैनल महापौर को लेकर तय कर लिया है। इनमें से दो सामान्य वर्ग एवं एक ओबीसी चेहरा शामिल है। अब बताया जा रहा है कि पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह से सहमति के बाद प्रत्याशी का ऐलान कर दिया जाएगा। वहीं कांग्रेस में दो नामों के बीच पेंच फंसा हुआ है। दोनों ही सामान्य वर्ग से आने वाले प्रत्याशी हैं। हालांकि पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने अपनी पसंद पार्टी को बता दी है।




### पूर्व सीएम के भरोसेमंद के हाथों जिम्मा

पूर्व सीएम भूपेश बघेल राजनांदगांव महापौर से लेकर पार्षद के टिकट वितरण पर भी बराबर नजर बनाए हुए हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने यहां शैलेष नीतिन त्रिवेदी को प्रभारी बनाया है। उन्होंने दावेदारों से वन-टू-वन रायशुमारी पूरी कर ली है। इस बीच अब पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेहद करीबी माने जाने वाले गिरीश देवांगन लगातार यहां गोपनीय बैठक लेकर प्रत्याशियों के चयन की कवायद में जुटे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि श्री देवांगन इस सूची को पूर्व सीएम श्री बघेल के जरिये आगे बढ़वाएंगे।

### पैनल पर रमन की नजर

इधर भाजपा ने भी महापौर दावेदारों के साथ ही वार्डों में पैनल बनाने के बाद उसे विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को भेजा है। आज विस अध्यक्ष जिले के दौरे में ही हैं, उनसे रायशुमारी के बाद ही पहले पार्षद पद के प्रत्याशियों का ऐलान होगा। उसके बाद अगले दिन महापौर प्रत्याशी का नाम फाइनल कर दिया जाएगा। ज्ञात हो कि उनके सुपुत्र पूर्व सांसद अभिषेक सिंह भी लगातार बैठक में शामिल होकर प्रत्याशी चयन में अपना अभिमत दे रहे हैं।

### रोचक खबरें

# चार बार निर्विरोध जीतने वाला पार्षद, अब छठवां चुनाव लड़ने की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम बनने के बाद 2025 में पांचवीं बार नगरीय निकाय का चुनाव होगा। इस पूरे कार्यकाल में एकमात्र प्रत्याशी के.यशवर्धन राव के नाम रिकार्ड बना है। वे इकलौते पार्षद हैं जो निर्विरोध चुने गए हैं। इसके अलावा वे दो बार कांग्रेस से और दो बार निर्दलीय पार्षद बन चुके हैं। यह चुनाव उनका छठवां होगा। कुछ महीने पहले वे कांग्रेस छोड़ भाजपा ज्वाइन कर चुके हैं। इसीलिए उन्हें पहली बार भाजपा से चुनाव लड़ना पड़ेगा। बताया जा रहा है कि उनकी लगातार जीत को देखते हुए प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कह दिया है कि वे जहां से चाहें चुनाव लड़ें टिकट मिल जाएगा। इस बार वे अपने पुराने बालाजी वार्ड से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे लेकिन वहां से हरीश पारख दावेदार हैं। जिनका कहना है कि यशवर्धन जहां से भी लड़ें चुनाव जीत सकते हैं इसलिए बालाजी वार्ड मेरे लिए छोड़ दें। ऐसी स्थिति में यशवर्धन को सदर वार्ड से चुनाव लड़ना पड़ सकता है यह भी एक नया रिकार्ड होगा।



मोतीलाल नेहरू वार्ड और बालाजी वार्ड से निर्दलीय, प्रतापदेव वार्ड से निर्विरोध और बालाजी वार्ड से दो बार कांग्रेस के वे पार्षद रह चुके हैं। इस बार वे एक अन्य सदर वार्ड से छठवीं बार जीत का रिकार्ड बनाने मैदान में उतरेंगे। अब देखना है वहां की जनता अन्य वार्ड के निवासी को जीताने में कितना समर्थन देती है। वैसे कांग्रेस में यदि रहते तो वे अपनी सीनियरटी और लंबे अनुभवों के चलते महापौर के प्रत्याशी हो सकते थे।

## राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया कैसे करनी है व्यवस्था

# छग की कई पंचायतें ऐसी, जहां सदस्य चुनने एक नहीं, दो या तीनों चरणों में डाले जाएंगे वोट

रायपुर। छत्तीसगढ़ में हो रहे पंचायत चुनाव में संभवतः ये पहली बार होगा कि एक जिला पंचायत क्षेत्र के लिए एक बार में नहीं बल्कि दो या तीन बार वोटिंग होने के बाद संबंधित जिला पंचायत का चुनाव पूरा हो पाएगा। ऐसा दरअसल इसलिए हो रहा है कि राज्य में पहली बार पंचायतों के चुनाव तीन चरणों में कराए जा रहे हैं। अब से पहले हुए पंचायत चुनावों में एक ही चरण में पूरा चुनाव हो जाता था। इस बार तीन चरणों में मतदान इसलिए भी करवाना पड़ा है क्योंकि पंचायतों और नगरीय निकायों के चुनाव एक साथ कराए जा रहे हैं।

### इन जिलों में होगा तीन चरणों में चुनाव

राज्य में कई जिले जहां ब्लॉक की संख्या अधिक है वहां कई ब्लॉक में तीन चरणों में पंचायत चुनाव होने जा रहा है। इनमें बिलासपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ती, कोरबा, रायगढ़, सांरगढ़-बिलाईगढ़, सूरजपुर, मनेंद्रगढ़ -चिरमिरी-भरतपुर, महासमुंद, दुर्ग, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, कोंडागांव, कांकेर,दंतेवाड़ा, बस्तर, सुकमा आदि जिलों के कुछ ब्लॉक में एक से लेकर तीन चरणों में चुनाव हैं।

### एक से लेकर तीन चरणों में मतदान हो तो क्या करना है




### आयोग ने दिए हैं ये निर्देश

एक जिला पंचायत क्षेत्र में अलग-अलग चरणों में मतदान होने पर क्या करना है। इसके संबंध में आयोग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि अगर निर्वाचन क्षेत्र एक से अधिक खंड़ो में फैला है और इन खंड़ों का मतदान ऐसी स्थिति में जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व चरणों के अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों की मतपेटियों को उस जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन क्षेत्र के अंतिम चरण के मतदान की समाप्ति तक सुरक्षित रखा जाए।

### कई जिलों में होगा तीन चरणों में चुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में कलेक्टरों को निर्देश जारी किया है जिसमें कहा गया है कि ऐसी स्थिति में जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन में मतपेटियों का उपयोग किस प्रकार करना है। यह मसला इसलिए भी आया है क्योंकि कुछ जिलों में जिसाप पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र एक से अधिक खंडों में फैला हुआ है और उन खंड़ों में पंचायतों के चुनाव अलग-अलग चरणों में हो रहे हैं। पंचायतों के चुनाव में सामान्यतः मतदान होने के बाद मतगणना मतदान केंद्र पर ही करने की व्यवस्था रहती है। इस परिस्थिति में जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतगणना अलग-अलग चरणों में मतदान होने से मतदाताओं के पूर्ववर्ती मतदान के परिणाम से प्रभावित होने की संभावना रहती है।

### बड़ी मतपेटी सरपंच, छोटी जिला पंचायत सदस्य के लिए

अगर जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन का क्षेत्र दो खंड़ों में फैला है और अलग-अलग तिथियों में चुनाव होना है ति उन क्षेत्रों के मतदना केंद्रों में दो अलग-अलग मतपेटियों का उपयोग किया जाएगा। बड़ी मतपेटी पंच, सरपंच तथा जनपद सदस्य के मतदान के लिए, छोटी मतपेटी जिला पंचायत सदस्य के लिए उपयोग में की जाएगी। छोटी मतपेटी को मतदान के बाद सील कर खंड मुख्यालय के स्ट्रांग रुम में जमा कराया जाएगा और बड़ी मतपेटी के मतपत्रों की गिनती कर मतदान स्थल पर ही कर ली जाएगी। खंड़ मुख्यालय में जमा कराई गई छोटी मतपेटी के मतपत्रों की गिनती संबंधित जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन क्षेत्र के अंतिम चरण के मतदान के बाद खंड मुख्यालय पर की जाएगी। अगर किसी जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन क्षेत्र में मतदान पहले, दूसरे और तीसरे चरण में होगा तो पहले और दूसरे चरण में आने वाले उन जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्रों के मतपत्रों की गिनती खंड मुख्यालय में की जाएगी, इसके साथ ही अंतिम चरण के मतदान केंद्र के मतपत्रों की गिनती मतदान केंद्र में ही कराई जाएगी।

# मेयर के लिए जमानत राशि 20 हजार, पार्षदों से ली जा रही पांच हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारों के लिए जमानत राशि तय की है। नगर निगम के महापौर, पार्षद, नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षद आदि के लिए यह राशि अलग-अलग है। इसके तहत नगर निगम चुनाव में मेयर प्रत्याशी को 20 हजार रुपये की जमानत राशि जमा करनी होगी। वहीं पार्षद के लिए यह पांच हजार रुपये है। चुनाव में केवल गंभीर उम्मीदवार ही हिस्सा लें और निवार्चन व्यय का दुरुपयोग न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए ही जमानत राशि का प्रावधान किया गया है। जीतने और हारने वाले सभी उम्मीदवारों को राशि वापस कर दी जाती है। बशर्ते उम्मीदवार ने सीट पर पड़े कुल वोटों का कम से कम 1/6 वोट हासिल किए हों। नगरीय निकाय चुनाव में भी राज्य निर्वाचन आयोग ने इस बात को ध्यान में रखते हुए जमानत राशि का प्रावधान किया है।

नामांकन भरते समय उम्मीदवार के द्वारा दी जाने वाली तय जमानत राशि की घोषणा निर्वाचन आयोग ने कर दी है। वहीं महिला उम्मीदवारों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को यह राशि आधी जमा करने की छूट दी गई है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने पार्षद, सरपंच व पंचों के लिए निर्वाचन प्रारूप फॉर्म भी अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। उम्मीदवारों को यह राशि जमा कराने के साथ ही एक एनओसी भी देनी होगी, इसमें लिखा होगा कि उनके ऊपर किसी सरकारी संस्थान से लोन नहीं है।

### वार्ड स्तर पर कम मतों पर फैसला

विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के लिए तय किए गए जमानत राशि की वापसी जीते और हारे हुए प्रत्याशी को उसी दशा में किया जाता है, जब उसे कुल मतदान किए गए मतों को दसवां हिस्सा प्राप्त किया हो। चूकि नगरीय निकाय के चुनाव वार्ड स्तर पर होते हैं यहां पर मतदाताओं की संख्या कम होती है, इसलिए इसे घटाकर 1/6 वोट कर दिया गया है। चुनाव में जीत हार का हिस्सा कम अंतर से होता है।

### इस तरह देनी होगी राशि

**20,000**
महापौर

**5,000**
नगर निगम पार्षद

**15,000**
नगरपालिका अध्यक्ष

**5,000**
नगर पंचायत अध्यक्ष

### वापसी के लिए देना होगा आवेदन

चुनाव परिणाम आने के बाद उम्मीदवारों को जमा जमानत राशि के लिए आवेदन पत्र देना होगा। उम्मीदवार के विधिक प्रतिनिधि के द्वारा भी उनकी ओर से आवेदन किया जा सकता है। जमानत राशि उसी व्यक्ति को वापस कि जाएगी जिसने जमा कराया है। अगर उसकी मृत्यु हो गई है, तो उसकी जमानत राशि उसके विधिक प्रतिनिधि को वापस की जाएगी।

### टुकुन की नजर से...




# चुनाव संचालन के लिए चुनाव आयोग ने जिलों में की पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संचालन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने अलग-अलग जिलों के लिए 33 प्रेक्षकों की नियुक्ति की है। बनाए गए पर्यवेक्षक में आईएएस, आईएफएस और राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शामिल हैं। रायपुर जिले के लिए आईएएस इफ्फत आरा को पर्यवेक्षक बनाया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने जारी सूची में आईएएस जनक प्रसाद पाठक को बलौदाबाजार-भाटापारा, शिखा राजपूत को बस्तर, विपिन मांझी को मुंगेली, केडी कुंजाम को रायगढ़, जय प्रकाश मौर्य को महासमुंद, तारण प्रकाश सिंहा को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, पुष्पा साहू को धमतरी, विनीत नंदनवार को बिलासपुर, जगदीश सोनकर को दुर्ग, जयश्री जैन को राजनांदगांव, फरिहा आलम को जांजगीर-चांपा, रोक्तिमा यादव को कोरबा, रेना जमील को गरियाबंद, कुमार विश्वरंजन को कांकेर, आईएफएस एस वेंकटाचलम को बालोद, अमिताभ बाजपेयी को बेमेतरा, मनोज कुमार सक्ती, एम मर्सीबेला को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, मनिवासगम एस को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, बी विवेकानंद को कबीरधाम, शमा फरूकी को दंतेवाड़ा, दिव्या गौतम को कोंडागांव, ग्रीष्मी चांद को सारंगढ़-बिलाईगढ़ के नाम शामिल हैं।

### 33 जिलों में आईएएस, आईएफएस और राज्य सेवा के अधिकारी पदस्थ



### राज्य सेवा के अफसर

राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों में डॉ. संतोष देवांगन को सरगुजा, अभिषेक अग्रवाल को सुकमा, सुनील कुमार चंद्रवंशी को जशपुर, राम प्रसाद चौहान को नारायणपुर, नीलम टोप्पों बीजापुर, यामिनी पांडेय कोरिया, दुष्यंत कुमार रायस्त को मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, प्रणव सिंह को सूरजपुर और विभोर अग्रवाल को बलरामपुर-रामानुजगंज जिले का पर्यवेक्षक बनाया गया है।

# 1918 में दुर्ग बना पालिका, 1981 में निगम, पहले मेयर थे सुच्चा सिंह, मेयर का चुनाव होता था हर एक साल में

दुर्ग निकाय 100 साल से अधिक पुराना है। वर्ष 1918 में दुर्ग को नगर पालिका का दर्जा मिला। इसके बाद वर्ष 1981 में दुर्ग को नगर पालिक निगम का दर्जा दिया गया। पहले मेयर के रूप में कांग्रेस नेता सुच्चा सिंह ढिल्लो ने कुर्सी संभाली। उसम समय पार्षद तो पांच वर्षों के लिए चुने जाते थे, लेकिन मेयर का कार्यकाल सिर्फ एक वर्ष का होता था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग निकाय चुनाव हमेशा से सुर्खियों में रहा। लंबे समय तक निगम ने कांग्रेस का शासन देखा। 1998 के बाद से करीब 20 वर्षों तक भाजपा का शासन रहा। वर्ष 2018 में पुनः कांग्रेस सत्ता में आई। वर्तमान में संख्याबल में कांग्रेस के पार्षद अधिक होने की वजह से कांग्रेस का मेयर है। इससे पहले दो बार लगातार महापौर सरोज पांडेय बनी। इसके बाद डॉ. शिवकुमार तमेर वर्तमान में महापौर रहे। उनके बाद भाजपा की चंद्रिका चंद्राकर ने प्रत्यक्ष चुनाव में जीत हासिल की।

### अगस्त 1983 में चुना गया दुर्ग निगम का पहला मेयर





जानकारी के मुताबिक दस अगस्त 1983 से पांच नवंबर 1983 तक दुर्ग निगम के पहले महापौर सुच्चा सिंह ढिल्लो रहे। उनके बाद 23 नवंबर 1983 से आठ फरवरी 1984 तक आलमदास गायकवाड़, नौ अगस्त 1984 से आठ अगस्त 1985 तक गोविंद धींगरा, नौ अगस्त 1985 से सात अगस्त 1987 तक दो बार लगातार शंकर लाल ताम्रकार महापौर रहे। जनता पहली बार महापौर चुनकर सरोज पांडेय को निगम परिषद में भेजा। वे छह जनवरी 2000 से पांच जनवरी 2005 तक पहली बार छह जनवरी 2005 से चार जनवरी 2010 तक दूसरी बार महापौर निर्वाचित हुईं।

### पहले महापौर का कार्यकाल सिर्फ एक साल का होता था

पूर्व महापौर और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता 80 वर्षीय शंकरलाल ताम्रकार बीते दिनों को याद करते हुए बताते हैं कि पहले महापौर का कार्यकाल सिर्फ एक साल का रहता था। उसे भी पार्षद चुना करते थे। सुच्चा सिंह ढिल्लो, आलमदास गायकवाड़, गोविंद धींगरा और मैं खुद इस नियम के अंतर्गत ही मेयर चुना गया। मैं दो बार मेयर बना। इसके बाद यानी 1987 से 1994 तक निगम में प्रशासक बैठा दिया गया। ऐसा शासन के अधिकार में होता था, वह चाहे तो चुनाव कराए या न कराए। वर्ष 1994-95 में निगम में फिर चुनाव हुए, जिसमें आरएन वर्मा सीधे पांच वर्षों के लिए मेयर चुने गए। यह पहला मौका था, जब परिषद कार्यकाल के पांच वर्षों में एक ही मेयर रहा।





# महाकुंभ में डुबकी लगाकर इमोशनल हुए अनुपम खेर

**नई दिल्ली।** अभिनेता अनुपम खेर ने बुधवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने पवित्र स्नान की एक झलक शेयर की है। वीडियो में अनुपम आध्यात्मिक क्षण में भगवान से प्रार्थना करते हुए मंत्रों का जाप करते हुए नजर आए। अभिनेता ने इसे अपने जीवन का एक 'भावनात्मक' क्षण बताया और कहा कि उनका जीवन अब 'सफल' हो गया है। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'महाकुंभ में गंगा स्नान करके जीवन सफल हुआ। पहली बार उस स्थान पर पहुंच कर मंत्र उच्चारण किए जहां मां गंगा, जमुना जी और सरस्वती जी का संगम होता है!

लाइफ Style


# उर्वशी रौतेला

## एक और पॉप हिट देने के लिए तैयार

एजेंसी ⏭ मुंबई

*उर्वशी रौतेला जस्ट म्यूजिक के गीत 'फरारी' के साथ एक और पॉप हिट देने के लिए तैयार हैं, जैकी भगनानी द्वारा निर्मित, इस जोशीले गीत को तनिष्क बागची ने संगीतबद्ध किया है और अक्षरा सिंह ने गाया है।*

अभिनेता-निर्माता जैकी भगनानी 2025 की शुरुआत नए इरादों के साथ शुरू कर रहे हैं। उनकी कंपनी जस्ट म्यूजिक ने 23 जनवरी अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर दुनिया भर में एक नया गीत 'फरारी' रिलीज किया है। इस भोजपुरी पॉप गीत को अक्षरा सिंह और राजा हसन ने आवाज दी है। अक्षरा ने जिस तरह से अपनी ताज़गी भरी, युवा आवाज से इस गीत में प्राण फूंकें हैं, उससे प्रशंसक रोमांचित हैं। गीत को रचा है तनिष्क बागची ने, जिनकी कृति 'धोलिदा' ने उनके नाम की पहचान हर संगीत प्रेमी से करवा दी थी। इस संभावित चार्टबस्टर के शानदार वीडियो में प्रसिद्ध अभिनेत्री और पूर्व मिस यूनिवर्स इंडिया उर्वशी रौतेला के साथ 'डांस इंडिया डांस' फेम के सनम जौहर भी शामिल हैं। वीडियो का निर्देशन राहुल शेट्टी ने किया है, जिन्होंने बड़ी खूबसूरती से कोरियोग्राफी भी डिजाइन की है। जैकी भगनानी कहते हैं, जस्ट म्यूजिक एक अद्वितीय स्थान बनाने का प्रयास करता रहा है जहां विविधता मुख्य है. हम प्रयास कर रहे हैं कि भारत की कई संगीत धाराओं को एकजुट कर, एक साथ लाएं। हमारी नवीनतम पेशकश, 'फ़रारी', देसी पॉप शैली का सच्चा प्रमाण है, जो पारंपरिक भोजपुरी-हिंदी लय को आधुनिक अपील के साथ मिश्रित करती है, इसीलिए ये गीत युवाओं को आकर्षित कर रहा है।



## हॉलीवुड मसाला




# लीपा के होटल में घुसे फैंस

**लॉस एंजिल्स।** पॉप सिंगर दुआ लीपा के हाल ही उस वक्त होश उड़ गए, जब फैंस उनके होटल में घुस गए और बेडरूम तक जा पहुंचे। यह घटना तब की है जब दुआ लीपा हाल ही चिली में एक लग्जरी होटल में ठहरी हुई थीं। अपने बेडरूम के पास फैंस को देख दुआ लीपा बुरी तरह डर गईं। 'द सन' की रिपोर्ट के मुताबिक, दुआ चिली में एक विज्ञापन की शूटिंग कर रही हैं। सिंगर की एक झलक देखने के लिए फैंस बेताब हो गए और इस चक्कर में वह उनके होटल में घुस गए।




# जूडी डेंच को दिखना हुआ बंद!

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विनिंग एक्ट्रेस जूडी डेंच को दिखना लगभग बंद हो गया है। वह न तो घर से अकेले बाहर निकल सकती हैं और ना ही किसी इवेंट में जा सकती हैं। जूटी डेंच ने एक इंटरव्यू में अपनी हालत बताई है। वह अब स्क्रिप्ट भी नहीं पढ़ पातीं। उनके पास कोई प्रोजेक्ट नहीं है। ऑस्कर के अलावा दो गोल्डन ग्लोब समेत 6 बाफ्टा अवॉर्ड्स जीत चुकीं जूडी डेंच ने साल 1957 में एक्टिंग डेब्यू किया था। वह अब 90 साल की हो चुकी हैं और अभी भी एक्टिंग कर रही हैं। पर अब मुश्किल हालातों से जूझ रही हैं। जूडी डेंच ने एक पॉडकास्ट में इस बारे में बताया। उन्होंने 'द फियरलेस' पॉडकास्ट में बताया, 'कोई न कोई हमेशा मेरे साथ रहेगा। मुझे अभी जाना होगा क्योंकि मैं देख नहीं सकती और मैं किसी चीज़ से टकरा जाऊंगी या गिर जाऊंगी।' जूडी डेंच ने बताया कि नजर कमजोर होने की वजह से अब वह किसी भी तरह के इवेंट्स में शामिल नहीं हो सकतीं। एक्ट्रेस ने बताया कि वह पहले कभी इवेंट्स में अकेले नहीं जाती थीं क्योंकि उन्हें पसंद नहीं था।



# फायर स्टंट करती नजर आईं निया

**मुंबई।** जानी मानी टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा थाईलैंड में छुट्टियां मना रही हैं। वह लगातार थाईलैंड से अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर रही थीं। अब उन्होंने अब थाईलैंड से बहुत खतरनाक स्टंट करते हुए वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में निया कुछ खतरनाक आग के स्टंट करती नजर आ रही हैं। एक क्लिप में, वह बीच में कूदती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि एक आदमी रस्सी को गोलाकार गति में घुमा रहा है। मोटी रस्सी में आग लगा दी गई थी। दूसरे वीडियो में, वह खतरनाक तरीके से जलती हुई छड़ को पार करती हुई दिखाई दे रही हैं। इस स्टंट में निया को काफी चोट भी लग गई। उन्होंने स्टंट को करने से निया को काफी चोट लग गई। वे थाईलैंड में काफी मस्ती कर रही हैं। फायर स्टेंट के साथ निया डांस करती भी नजर आ रही हैं।



# 'पंचायत 4' में नजर आएंगे अमिताभ!

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' के निर्माता टीवीएफ ने सोशल मीडिया पर सेट से कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें अमिताभ बच्चन फुलेरा गांव में नजर आ रहे हैं। अब सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या बिग बिस सीरीज के चौथे सीजन का हिस्सा हैं? किसी भी सुपरस्टार का फैन-फेवरेट शो में आना हमेशा देखने लायक होता है। ऐसे में सोचिए जरा, जब अमिताभ बच्चन 'पंचायत' की दुनिया में शामिल होंगे तो कैसा दिलचस्प माहौल होगा। लोकप्रिय वेब सीरीज द वायरल फीवर के निर्माता ने शो के कलाकारों के साथ बिग बी की कुछ तस्वीरें जारी कीं, जिससे तुरंत यूजर्स के बीच हलचल मच गई। कई लोगों ने निर्माताओं से छिपी हुई कहानी के बारे में पूछा कि वे बहुप्रतीक्षित सहयोग को कब देखने की उम्मीद कर सकते हैं।

## टीवी मसाला

# फर्श पर बैठकर फूट-फूटकर रोने लगीं कश्मीरा

**नई दिल्ली।** लाफ्टर शेफ सीजन 2 के साथ लोगों को हंसाने के लिए तैयार है। ये शो इसी हफ्ते शुरू होने जा रहा है और इसके प्रोमो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। शो में रुबीना दिलैक से लेकर अभिषेक कुमार तक कई नए चेहरे देखने को मिलने वाले हैं। वहीं, सीजन 1 के कुछ सेलेब्स भी इस बार नजर आएंगे। इस लिस्ट में कश्मीरा शाह, कृष्णा अभिषेक, विक्की जैन और अंकिता लोखंडे भी शामिल हैं। सीजन 1 में कश्मीरा और कृष्णा खूब मस्ती करते हुए नजर आते थे। अब इस सीजन में कुछ ऐसा हुआ है कि कश्मीरा फूट-फूटकर रोती नजर आ रही हैं। लाफ्टर शेफ के पहले सीजन में कश्मीरा शाह कुछ सब्जियों को पहचान नहीं पा रही थीं। ऐसा इस सीजन में फिर से हो गया है जिसकी वजह से वो रोती हुई नजर आ रही हैं। पति कृष्णा के कहने पर भी कश्मीरा बिल्कुल चुप नहीं हो रही हैं। वायरल वीडियो में कश्मीरा शाह स्टेज पर नीचे बैठकर फूट-फूटकर रो रही हैं। इस वीडियो पर लिखा है- सीजन 2 में भी मटर को बीन्स बोल दिया। कश्मीरा को वीडियो में कृष्णा उठाते नजर आ रहे हैं, लेकिन वो उठ नहीं रही हैं और जोर-जोर से रोती नजर आ रही हैं।



# 'बाल वीर' फेम देव जोशी ने गुपचुप की सगाई

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल में नजर आने वाले कई चाइल्ड आर्टिस्ट अब बड़े हो चुके हैं। सीरियल 'बाल वीर' में बाल वीर का रोल करने वाले देव जोशी भी युवा हो चुके हैं। हाल ही में उन्होंने सगाई की है, इसकी जानकारी अपने फैंस को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी। देव जोशी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उनके साथ आरती नाम की एक लड़की नजर आ रही हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए देव ने लिखा- 'भरोसे में, प्यार और जिंदगी में हम साथ हैं।' आगे वह देव आरती का हैशटैग लिखते हैं और साथ ही एंगेज्ड का हैशटैग भी लिखते हैं। इस तरह से उनके फैंस को पता चला कि देव ने सगाई कर ली। जबकि देव ने जो तस्वीर साझा की है, उसमें वह एक मंदिर के परिसर में सादे परिधान में नजर आ रहे हैं। देव और आरती ने नेपाल के कामाख्या मंदिर में सगाई की है। देव जोशी कई सीरियल्स में नजर आए हैं, इनमें 'महिमा शनि देव की', हमारी देवरानी, 'देवों के देव महादेव' जैसे सीरियल शामिल हैं। 'बाल वीर' के कई सीजन का वह हिस्सा रहे, इसमें एक सुपरहीरो कैरेक्टर बाल वीर का रोल निभाया था।



# 'एयरफोर्स की वर्दी पहनना गर्व की बात'

**नई दिल्ली।** अभिनेता अक्षय कुमार जल्द ही अपनी फिल्म 'स्काई फोर्स' में नजर आने वाले हैं। अक्षय की इस फिल्म को लेकर कई जगह प्रमोशन चल रहे हैं। अब फिल्म रिलीज के एक दिन पहले अक्षय कुमार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की है। अक्षय कुमार ने अपनी पोस्ट में लिखा कि वे अब तक 150 से ज्यादा फिल्मों का हिस्सा रह चुके हैं। यह कहानी एक सच्ची स्टोरी पर बनी है। ऐसी कहानियों में बहुत ताकत होती है। उन्होंने कहा कि एयरफोर्स की वर्दी पहनना बहुत अविश्वसनीय होता है। साथ ही गर्व भी महसूस होता है। स्काई फोर्स सम्मान, साहस और देशभक्ति की कहानी है। इसे जरूर देखना चाहिए। फिल्म का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है।



# 'सफलता ने कर दिया था अंधा'

**मुंबई।** राम गोपाल वर्मा ने हाल ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दिल छू लेने वाली बातें हुई हैं। उन्होंने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि उनकी फिल्म सत्या और रंगीला की सफलता ने उन्हें अंधा कर दिया था। निर्माता राम गोपाल वर्मा ने 2007 की अपनी राम गोपाल वर्मा की आग के लिए प्रतिष्ठित हिंदी शोले (1975) को रूपांतरित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया।शोले और रंगीला की आग दोनों में अमिताभ बच्चन ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई। उन्होंने ट्वीट पर कहा कि मैं सत्या जैसी कुछ फिल्म बनाना चाहता हूं। मेगास्टार को उन पर बहुत भरोसा था, यही वजह है कि उन्होंने ज़्यादा पूछताछ नहीं की। उन्होंने बताया, 'यह उनका मुझ पर भरोसा था। उन्होंने यह नहीं पूछा कि क्यों। उनका मुझसे सवाल न करना ठीक था। क्योंकि, इतनी सारी फिल्में बनाने के बाद एक निर्देशक के तौर पर मेरी एक निश्चित विश्वसनीयता थी। उन्हें लगा होगा कि मैं जानता हूं कि मैं क्या कर रहा हूं।

# माता-पिता को भगवान का दर्जा देते हैं अभिषेक



**मुंबई।** साहित्य से लेकर सिनेमा तक बच्चन परिवार का अलग रुतबा है। अभिषेक बच्चन के दादा व कवि हरिवंश राय बच्चन ने साहित्य जगत में नई लकीर खींचीं तो पिता अभिताभ बच्चन ने अभिनय की दुनिया में इतिहास रचा है। हाल ही में जूनियर बच्चन ने परिवार से मिली रचनात्मक विरासत पर बात की। इस दौरान उन्होंने जिंदगी में परिवार के महत्व पर बात करते हुए कहा कि वे बहुत ज्यादा पारिवारिक हैं और उनके लिए माता-पिता ईश्वर से पहले आते हैं।



चिंतन

# आतंकवाद को फन फैलाने से पहले ही कुचलना जरूरी

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी को फरीदकोट में तिरंगा फहराने वाले थे। अचानक पंजाब सरकार ने इस कार्यक्रम में बदलाव का ऐलान कर दिया है। अब फरीदकोट में कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल तिरंगा फहराएंगे। मुख्यमंत्री कहां तिरंगा फहराएंगे और मार्च पास्ट की सलामी लेंगे, यह अभी तय नहीं हुआ है। पूरी खबर पढ़ने पर यह सामान्य फेरबदल लग रहा होगा, लेकिन यह सब इतना सहज है नहीं। क्योंकि प्रशासन ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में यह बदलाव आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस की ओर से बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद किया है। खुद को एसएफजे चीफ बताने वाले खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने धमकी दी थी कि जो उल्टा चलता है, उसका हश्र पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह जैसा होगा। उसने एक वीडियो जारी करके कहा था कि फरीदकोट रेलवे स्टेशन और नेहरू स्टेडियम में उसने खालिस्तानी नारे लिखवाए हैं। यहां भगवंत मान 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराने वाले हैं। सिख युवा कमर पर बम न बांधें और तिरंगा हाथ में न लें। अमेरिका में अब डोनाल्ड ट्रम्प की सरकार आ चुकी है। सरकारें बदलने के साथ बहुत कुछ बदलता है। इसके पीछे मंशा साफ है कि एक आतंकी क्या कहना चाह रहा है। होना तो यह चाहिए था कि पंजाब सरकार वहीं कार्यक्रम करके उसे मुंहतोड़ जवाब देती, लेकिन आयोजन में बदलाव करके घुटने टेकने जैसे हालात पैदा किए जा रहे हैं। यह कोई पहला मौका नहीं है जब राज्य सरकार पीछे हटी हो। बीते दो साल के दौरान ऐसे कई मौके आए जब सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए। यही कारण है कि पाकिस्तान से सटे पंजाब में कट्टरता एक बार फिर रंग दिखाने लगी है। सिख फॉर जस्टिस का स्वघोषित सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू विदेश में बैठकर पंजाब और हरियाणा में आतंकी साजिश रचता रहता है। पटियाला में खालिस्तान विरोधी मार्च पर खालिस्तान समर्थकों द्वारा हमले के केंद्र में भी पन्नू ही रहा है। तीन कृषि कानूनों के विरोध में हुए किसान आंदोलन को भी सपोर्ट करने के आरोप लगे थे। पिछले साल मई में हिमाचल विधानसभा के बाहर खालिस्तानी झंडे बंधे नजर आए थे। मामले में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया था कि घटनास्थल से ही वीडियो बनाकर पन्नू को शेयर किए गए थे। एसआईटी ने 247 लोगों के एक मॉड्यूल का पता लगाया था, जिसमें 15 तो विदेशी थे। पंजाब के पटियाला में पन्नू ने खालिस्तान स्थापना दिवस मनाने का ऐलान किया था, जिसके बाद स्थानीय हिंदू संगठन ने खालिस्तानी मुर्दाबाद मार्च निकालने का ऐलान किया था। मार्च निकालने के बाद खालिस्तान समर्थकों ने विरोध किया और दोनों समुदायों के बीच तनाव ऐसा बढ़ा कि पत्थरबाजी और बवाल में तब्दील हो गया था। पंजाब के अजनाला में खालिस्तानी समर्थक संगठन वारिस पंजाब दे ने खूब बवाल मचाया, लेकिन सरकार शांत बनी रही। हालात ये हैं कि खालिस्तान समर्थक संगठनों और आतंकियों की मौजूदगी कनाडा से लेकर दुबई, पाकिस्तान, यूके और ऑस्ट्रेलिया तक है। ये वहीं रहकर एक बार फिर आतंक की चिंगारी को सुलगाने की कोशिशों में लगे हैं। इन्हें नेस्तानाबूद करना बहुत जरूरी है। इसके लिए पंजाब सरकार को सख्त कदम उठाने होंगे। केंद्र सरकार को भी चाहिए कि पंजाब को हरसंभव सहायता दे ताकि ऐसे सांपों का फन कुचला जा सके जो देश की शांति और सद्भाव को बिगाड़ने के प्रयास में लगे हैं।

दो टूक
आचार्य श्रीहरि



# डब्ल्यूएचओ ने खुद खोदी अपनी कब्र

विश्व स्वास्थ्य संगठन पर डोनाल्ड ट्रम्प की मार पड़ी है। ट्रम्प ने डब्ल्यूएचओ को अनाथ बना दिया, हाशिये पर खड़ा कर दिया, बेमौत मरने के लिए चौराहे पर छोड़ दिया। डोनाल्ड ट्रम्प के शब्द बहुत कड़े हैं और काफी मारक क्षमता वाले हैं। उन्होंने कहा कि मै डब्ल्यूएचओ को सजा दे रहा हूं, उसके कर्मों का फल उसे मिलेगा और वह हाशिये पर खड़ा होकर बेमौत मरेगा। डब्ल्यूएचओ से अमेरिका अलग हो गया। अमेरिका के अलग होने से डब्ल्यूएचओ एक तरह से अपंग हो जाएगा, उसके कई कार्यक्रमों और योजनाओं पर विराम लग जाएगा। उसकी भूखमरी से उत्पन्न बीमारियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियानों की कटौती होगी और कमजोर भी होगा। चीन की तरफदारी कर और चीन के गुनाहों के प्रति आंख मूंद कर डब्ल्यूएचओ ने अपनी कब्र खोद खोदी है। गुनहगारों के प्रति सहानुभूति रखना या फिर उसके प्रति हमदर्दी रखना हमेशा आत्मघाती होता है और अपनी क़ब्र खोदने जैसा ही होता है। इस विश्व स्वास्थ्य संगठन की निर्भरता अमेरिका पर कुछ ज्यादा ही थी। डब्ल्यूएचओ का अठारह प्रतिशत से अधिक दानकर्ता अमेरिका ही था। इसके साथ ही डब्ल्यूएचओ को अमेरिका तकनीकी सहित अन्य सहयोग भी करता था। अमेरिका के इस निर्णय से उसके मित्र देश भी इसी तरह के प्रतिबंधित और आघात वाले कदम उठा सकते हैं और डब्ल्यूएचओ से अपना पींड छुड़ा सकते हैं। डब्ल्यूएचओ की अपनी कुछ कमजोरियां ऐसी हैं कि जिससे वह हाथी का सफेद दांत बन गया है। चीन और रूस जैसे बड़े देशों का मोहरा बन गया है, बीमारियों से लड़ने और बीमारियों के खिलाफ सशक्त अभियान चलाने में डब्ल्यूएचओ जरूर विफल रहा है। डब्ल्यूएचओ के अधिकारी दुनिया को सिर्फ बीमारियों के डर को दिखाने और उसके नाम पर मनोरंजन करने में ज्यादा सक्रिय रहते हैं। कोरोना काल इसका उदाहरण है। जब कोरोना ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुनियाभर में लाखों मौतें हुई तो फिर डब्ल्यूएचओ सिर्फ कागजी शेर ही दिखाई दिया। उसके पास कोरोना से लड़ने के लिए कोई योजना नहीं थी और न ही उसकी तैयारियां ऐसी थी कि जिससे गरीब देशों को कोरोना बीमारी से राहत मिलती। अपनी अर्थव्यवस्था को बलिदान कर दुनिया के देश इस कागजी शेर को क्यों गतिशील रखने के काम करें? विचारण के विषय यही हैं। ट्रम्प की डब्ल्यूएचओ से दुश्मनी कोरोना काल की है। ट्रम्प की चार साल पूर्व हुई हार के पीछे डब्ल्यूएचओ को माना गया है। कोरोना संकट के दौरान ही अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव हुआ था और जनता के बीच कोरोना को लेकर गुस्सा था और उस गुस्से के शिकार डोनाल्ड ट्रम्प हुए थे। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि कोरोना चाइनिज वायरस है। चीन ने अमेरिका और यूरोप को तबाह करने के लिए कोरोना वायरस छोड़ा है। तथ्य भी यही था कि कोरोना बीमारी चीन से बाहर की दुनिया में गयी थी। डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन पर कोरोना वायरस फैलाने के सरेआम आरोप लगाये थे। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि चीन को अपनी करतूत के कारण जिम्मेदारी लेनी चाहिए और दुनिया भर में जो संहार हुआ है, जो क्षति हुई है उसकी सजा चीन को मिलनी चाहिए। डोनाल्ड ट्रम्प ने डब्ल्यूएचओ से चीन की जिम्मेदारी तय करने के लिए कहा था। डब्ल्यूएचओ ने यह भी नहीं माना था कि कोरोना बीमारी का वायरस चीन की करतूत है। जबकि चीन से नहीं तो यह बीमारी कहां से आयी थी? यह तय करने और या फिर खोज करने में डब्ल्यूएचओ विफल रहा था। एक प्रश्न यह भी उठा था कि डब्ल्यूएचओ के पास इतना संसाधन होने और इतनी स्वास्थ्य शक्तियां होने के बावजूद वह असहाय क्यों रहा? जबकि इस संगठन के पास हजारों स्वास्थ्य बैज्ञानिक और कर्मचारी हैं, जिनका प्रथम कार्य ही बीमारियों के बारे में संपूर्ण जानकारी जुटाना और रोकथाम के लिए कारगर कदम उठाना था। डब्ल्यूएचओ की स्वतंत्रता और निष्पक्षता जरूरी है। डब्ल्यूएचओ ने अपने बयान में खुद यह माना है कि अमेरिका विश्व स्वास्थ्य संगठन के लिए विशेष स्थान रखता है। चीन की तरफदारी कर, चीन के प्रति आंख मूंद कर डब्ल्यूएचओ ने अपनी कब्र खुद खोदी है। चीन के लिए मानवाधिकार और मानवता कोई अर्थ नहीं रखता है। चीन एक तानाशाही वाला देश है और उसकी नीतियां लूटो और राज करो वाली है। चीन के फेर में पड़कर कई अफ्रीकी देश, श्रीलंका और पाकिस्तान भी कंगाल हो गये। अमेरिका की तरह चीन कभी भी डब्ल्यूएचओ की सहायता नहीं करेगा। फिर डब्ल्यूएचओ के एचआईवी, मलेरिया और तपेदिक जैसी दर्जनों बीमारियों के खिलाफ चलने वाले अभियान कैसे चलेंगे, यह सोचने वाला विषय है?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



सियासत
योगेश कुमार सोनी

आम आदमी पार्टी की तर्ज पर भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस ने भी बड़े-बड़े वादों की झड़ियां लगा दी। इससे एक बात तो तय हो चुकी है किसी भी दल के पास कोई मजबूत एजेंडा नहीं है। दरअसल जिस तरह आम आदमी पार्टी ने अपनी राजनीति की शुरुआत दिल्ली वालों को फ्री चीजें देकर की थी और वह बीते दो बार के चुनाव में इस आधार पर कामयाब भी हुई लेकिन उन्होंने अपने फॉर्मेट को नहीं बदला और इस बार भी फ्री के सामान को बढ़ाकर परोसना शुरू कर दिया। उन्हें हर बार की तरह लग रहा है कि फिर से ऐसे ही बात बन जाएगी लेकिन समीकरणों के आधार पर राह इतनी आसान दिख नहीं रही। बीते लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन करने से जनता का मन कुंठित है।

# वोटरों को लुभाने के लिए वादों की झड़ी

आने वाली 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव होने वाले हैं जिसको लेकर राजधानी में तीनों सक्रिय पार्टी अपनी शक्तियों का प्रयोग कर रही है। आम आदमी पार्टी की तर्ज पर भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस ने भी बड़े-बड़े वादों की झड़ियां लगा दी। इससे एक बात तो तय हो चुकी है किसी भी दल के पास कोई मजबूत एजेंडा नहीं है। जहां एक ओर आम आदमी पार्टी ने फ्री शिक्षा, बीस हजार लीटर फ्री पानी, 60 साल से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों को फ्री का इलाज, पुजारियों और ग्रंथियों के लिए हर महीने 18000 रुपये, महिलाओं को हर महीने के 2100 रुपये व किराएदार को फ्री बिजली के अलावा तमाम बड़ी-बड़ी घोषणाएं की हैं, वहीं दूसरी ओर उस ही फॉर्मेट में कांग्रेस ने फ्री राशन कीट, 500 रुपये में गैस सिलेंडर, 300 यूनिट फ्री बिजली, महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये, हर नागरिक को 25 लाख तक का फ्री इलाज, बेरोजगार युवाओं को हर माह 8500 रुपये, व्यवसाय के लिए प्रशिक्षण देने के अलावा तमाम बड़ी योजनाओं की घोषणा की है। वहीं तीसरी पार्टी, केंद्र की सत्ता में बैठी बीजेपी जो कई राज्यों में अपनी सरकार बना चुकी है, वह भी रेवड़ियां बाटने में पीछे नही हैं। बीजेपी की ओर से एलपीजी सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी, गर्भवती महिलाओं को 21000 रुपये, दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू करना, महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये, झुग्गियों में पांच रुपये में राशन व वरिष्ठों नागरिकों को 3000 रुपये तक की पेंशन देने के अलावा और भी कई बड़े वादे कर रही है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने चुनाव घोषणा पत्र जारी कर दिया है। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, हमें संकल्प से सिद्धि की ओर जाना है। ये भी दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पॉलिटिकल कल्चर को बदल दिया है। तीनों पार्टियों के चुनावी वादे बताने के लिए इसलिए जरूरी हैं कि चूंकि जिस तरह दिल्ली वालों को सामान की तरह योजनाओं को बेचा जा रहा है उससे एक बात तो तय है कि सेल बंपर है।

दरअसल जिस तरह आम आदमी पार्टी ने अपनी राजनीति की शुरुआत दिल्ली वालों को फ्री चीजों को देकर की थी और वह बीते दो बार के चुनाव में इस आधार पर कामयाब भी हुई लेकिन उन्होंने अपने फॉर्मेट को नहीं बदला और इस बार भी फ्री के सामान को बढ़ा कर परोसना शुरू कर दिया और उन्हें हर बार की तरह लग रहा है कि फिर से ऐसे ही बात बन जाएगी लेकिन समीकरणों के आधार पर राह इतनी आसान दिख नहीं रही। जैसा कि केजरीवाल समेत पार्टी के सभी चोटी के नेताओं को शराब घोटाले में जेल जाना पड़ा और बीते लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन करने से जनता का मन कुंठित है और लोगों ने यह मान लिया कि आम आदमी पार्टी भी अन्य पार्टियों की तरह राजनीति ही कर रही है, चूंकि केजरीवाल जब अपने पहले कालखंड में मुख्यमंत्री बने थे तो उन्होंने कहा था कि हम राजनीति नहीं काम करने आए हैं। दरअसल शराब घोटाले से एक वर्ग बिल्कुल कटता दिखाई पड़ रहा है, चूंकि एक समय पर दिल्ली के हर इलाके में इतने सारे शराब के ठेके खुल गए थे जिससे जनता में अच्छी खासी नाराजगी है। वहीं



दूसरा बड़ा मुद्दा यह है कि आम आदमी पार्टी का जिस पार्टी यानि कांग्रेस की बुराइयां गिनवाते या उसका अंत करके उदय हुआ था उसके साथ ही गठबंधन करके वह जनता के सवाल के घेरे में खड़े हो चुके चूंकि अभी लोकसभा चुनाव को ज्यादा समय नहीं हुआ तो लोग उस बात को अभी भुले भी नहीं है।

यहां अब आम आदमी पार्टी के लिए चुनौती बड़ी है। जिस कांग्रेस ने शीला दीक्षित की सरकार में एक लंबे समय तक दिल्ली में राज किया, वह आज मात्र एक नई पार्टी की तरह अपनी पृष्ठभूमि तलाश रही है और दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीते तीन बार से एक भी सीट नहीं ला पाई। लेकिन दिल्ली को लेकर कांग्रेस पर कई सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। बीते लगभग दशक भर पहले जिस तरह बीजेपी ने देश के मानचित्र से कांग्रेस को गायब सा कर दिया था लेकिन बीते पांच वर्षों में कांग्रेस ने कुछ राज्यों में चुनाव जीतकर कमबैक किया है। उससे लगा था कि दिल्ली में कुछ चमत्कार होने की संभावना है लेकिन सच तो यह निकला कि कांग्रेस जिस तरह बाकी राज्यों में ऊर्जा से चुनाव लड़ी दिल्ली में वैसे पांच प्रतिशत भी नहीं दिखा, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि कांग्रेस दिल्ली में चुनाव ही नहीं लड़ना चाहती थी अर्थात मात्र उपस्थिति दर्ज कराने के लिए ही चुनाव लड़ा जा रहा है। वैसे तो कई बातें हैं जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस चुनावी लड़ाई में कहीं नहीं दिख रही, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली में एक महीने तक यात्रा निकाली लेकिन राहुल गांधी उसमें एक बार भी नहीं आए और उस समय ही एहसास हो चुका था कि मामला गड़बड़ है।

इसके अलावा दिल्ली चुनावों को लेकर न कोई प्रेस कांफ्रेंस करना या सोशल मीडिया पर कोई ब्यान न देना भी बहुत कुछ कह रहा था। इस मामले को लेकर विशेषज्ञों द्वारा यह माना जा रहा है कि दिल्ली चुनाव में आप व कांग्रेस ने अघोषित गठबंधन कर लिया, मतलब कांग्रेस केवल दिखाने के लिए ही चुनाव लड़ेगी। लेकिन अब दिल्ली वालों के सामने सवाल यही है कि वह किस ओर जाए। चूंकि चुनावी रेवड़ियां तो सभी बढ़-चढ़कर बांट रहे हैं लेकिन तथ्यात्मक बातें कोई भी नहीं कर रहा। निश्चित तौर पर चुनौतियां आम आदमी पार्टी के समक्ष है चूंकि किला उसको बचाना है। वहीं दिल्ली जीतना बीजेपी के लिए सम्मान की बात है। चूंकि वह बीते दशक भर में ऐसे राज्यों में चुनाव जीत चुकी, जहां कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

जैसा कि इस बार भी दिल्ली में सातों सांसद बीजेपी के हैं और आप व कांग्रेस का गठबंधन भी एक सीट तक नहीं जीत पाया था। यहां दिल्ली की जनता का मिजाज भी समझना बहुत मुश्किल है चूंकि बीते चुनावी अनुभव से यह स्पष्ट हो जाता है कि दिल्ली वालों को केन्द्र में बीजेपी ही चाहिए लेकिन विधानसभा में नहीं लेकिन इस बार कितना और कैसा चमत्कार करती है वह भी देखना होगा। खेल लहर का है या गुणवत्ता का, यह तो अब जनता का मिजाज बताएगा चूंकि हर दल अपनी शक्तियों का भरपूर प्रदर्शन कर रहा है। दिल्ली के चुनाव में रोमांच इसलिए भी बढ़ जाता है चूंकि यह देश की राजधानी है। लेकिन हाल ही में तमाम राजनीतिक दलों की स्थिति देखकर यह लगता है कि कोई अपने कामों को गिनवाने में असमर्थ नजर आ रहे हैं। सभी का रेवड़ियों पर ज्यादा जोर है लेकिन शायद उनको यह समझना होगा कि जनता ऐसे वादों से ऊपर आकर सोचने लगी है। हालांकि चुनाव में मात्र कुछ ही दिन बचे हैं और सभी पार्टियां मतदाताओं को बरगलाने में एड़ी-चोटी का जोर भी लगा रही हैं और अब देखना यह होगा कि किस्मत किस पार्टी की चमकेगी।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित
दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

## सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित
प्रेरणा

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी । वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया । तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

अंतर्मन




आज की पाती

### आत्महत्याएं करते छात्र चिंता का विषय

वैसे तो इस दौर में पूरी युवा पीढ़ी ही भयावह मानसिक व्याधि से विचलित है, इनमें विशेषतः छात्र विचलन गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। हमारे देश में प्रति 100 में 15 से अधिक छात्र आत्महत्या से प्रभावित हो रहे हैं। वे अवसाद, चिंता और आत्मघात से पीड़ित पाए जा रहे हैं। कठिन प्रतिस्पर्धा और पढ़ाई-लिखाई में अनुशासन आदि को लेकर तनाव बढ़ रहा है। उससे न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था से जुड़े लोगों, बल्कि पूरे समाज की चिंता बढ़ती गई है। पारिवारिक दबाव, शैक्षिक तनाव और पढ़ाई में अव्वल आने की महत्त्वाकांक्षा ने छात्रों के एक बड़े वर्ग को गहरे मानसिक अवसाद में डाल दिया है। अभिभावकों के

ट्रेंड

### क्रिकेट टीम को बधाई



भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को इंग्लैंड के खिलाफ उनकी शानदार जीत पर मेरी हार्दिक बधाई। अभिषेक शर्मा की दमदार पारी मैच का असली आकर्षण थी। उनके आगामी मैचों के लिए शुभकामनाएं, और वे अपनी जीत की लय जारी रखें।
-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष

### नेताजी को कोटि-कोटि नमन



'नेताजी' सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व और कृतित्व ने आजादी के आंदोलन को नई दिशा दी थी, आज उनकी पावन जयंती 'पराक्रम दिवस' पर लखनऊ में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। 'नेताजी' को कोटि-कोटि नमन!
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### ट्रेन हादसे से व्यथित हूं



महाराष्ट्र के जलगांव में हुए भीषण ट्रेन हादसे की ख़बर बेहद दुखद और व्यथित करने वाली है। शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं। सरकार और प्रशासन सुनिश्चित करे कि घायलों का बेहतर इलाज हो।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### गंगा स्नान से जीवन सफल



महाकुंभ में गंगा स्नान करके जीवन सफल हुआ। पहली बार उस स्थान पर पहुंच कर मंत्र उच्चारण किए जहां मां गंगा, जमुना और सरस्वती का संगम होता है। सनातन धर्म की जय।
-अनुपम खेर, अभिनेता

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर

## द. अफ्रीका से श्रद्धालुओं के महाकुंभ आने की उम्मीद



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुम्भ में दक्षिण अफ्रीका से हजारों श्रद्धालुओं के जाने की उम्मीद है। जोहानिस्बर्ग में भारत के महावाणिज्यदूत महेश कुमार ने बुधवार शाम कहा, '13 जनवरी को महाकुम्भ की शुरुआत के बाद से कुछ ही दिनों में उन लोगों के लिए सौ से ज्यादा वीजा जारी किए जा चुके हैं जो इसमें शामिल होने के इच्छुक हैं और कई लोगों ने इसमें शामिल होने के लिए अपने प्रवासी भारतीय नागरिकता (ओसीआई) कार्ड का इस्तेमाल किया है।'' कुमार 'महाकुंभ 2025- वेयर स्पिरिचुएलिटी मीट्स टेक्निकल इनोवेशन' नामक संगोष्ठी की मेजबानी कर रहे थे, जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने इस आयोजन के इतिहास और आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। कुमार ने कहा, 'ट्रैवल एजेंट विशेष पैकेज भी तैयार कर रहे हैं, जिससे महाकुम्भ में लोगों की संख्या में और इजाफा होने की उम्मीद है।' उन्होंने कहा, 'महाकुम्भ में शामिल होने के इच्छुक लोगों के मन में बहुत सारे प्रश्न हैं और इसी को देखते हुए यह संगोष्ठी आयोजित की गई है।' दक्षिण अफ्रीका में पर्यावरण कार्यकार्ता एवं 'सेव सॉइल मूवमेंट' के नेता त्सेके नकादिमेंग महाकुम्भ में जाएंगे। उन्होंने कहा, 'इस तरह का अगला महाकुम्भ साल 2169 में होगा।

ऑफ बीट

## ढीला पायजामा देखते ही आग पकड़ सकता है



ऑस्ट्रेलियाई प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता आयोग (एसीसीसी) ने पिछले साल बच्चों से जुड़े उत्पाद बनाने वाली कुछ कंपनियों के 'नाइटवियर' को बाजार से वापस लेने के लिए कम से कम नौ नोटिस जारी किए, क्योंकि इन कपड़ों में आसानी से आग लगने का जोखिम था, लेकिन कंपनियों ने इन पर आवश्यक चेतावनी संदेश नहीं प्रकाशित किए थे। सबसे ताजा नोटिस ई-कॉमर्स वेबसाइट टेमू पर उपलब्ध अंधेरे में चमकने वाली एक टी-शर्ट के संबंध में जारी किया गया था। दरअसल, क्वींसलैंड में आठ साल की एक बच्ची उस समय बुरी तरह से झुलस गई, जब हवा से फैली चिंगारी उसकी इस टी-शर्ट पर गिरी और देखते ही देखते इसने आग पकड़ ली। इस घटना ने ऑस्ट्रेलिया में उत्पादों से जुड़े सुरक्षा मानकों में गंभीर कमियों को उगाजर किया है। हालांकि, ज्यादातर कंपनियां कानूनी बाध्यताओं को पूरा करने के लिए चेतावनी संदेश तो प्रकाशित करती हैं, लेकिन वे इन खतरनाक ज्वलनशील कपड़ों का उत्पादन और बिक्री नहीं रोकतीं। इससे सुरक्षा का सारा दारोमदार खरीदारों पर आ जाता है, जो चेतावनी संदेश वाले उत्पाद तो खरीद लेते हैं, लेकिन इसके (चेतावनी) मायने नहीं समझ पाते।

चाइल्ड आर्टिस्ट्स

कोई भी राष्ट्रीय पर्व आता है तो बच्चे एक अलग ही जोश से भर जाते हैं। वे देशप्रेम से ओत-प्रोत हो जाते हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर बालभूमि ने कुछ टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स से पूछा कि उन्हें अपने देश में कौन-कौन सी विशेषताएं बहुत अच्छी लगती हैं? देश को मजबूत बनाने के लिए उनके क्या प्रयास हैं? बड़े होकर वे देश के लिए क्या करना चाहेंगे? इन्होंने जो जवाब दिए, हर बच्चे के लिए बहुत ही इंस्पायरिंग हैं।

# करना है कुछ अपने देश के लिए

## अपनी पेंटिंग्स से पॉजिटिविटी फैलाना चाहती हूं : आरिया सकारिया





**सोनी सब** के शो 'तेनाली रामा' में लछम्मा की भूमिका में अपने अभिनय का लोहा मनवाने वाली आरिया सकारिया देश को लेकर अपनी भावनाएं कुछ ऐसे व्यक्त करती है, 'मुझे अपने भारत की विविधता में एकता सबसे ज्यादा भाती है। भाषाएं, रहन-सहन, त्योहार, संस्कृति ये सब अलग-अलग होने के बावजूद हम सभी एक साथ मिलजुल कर रहते हैं, यही विविधता में एकता वाली भावना हमारे देश की खास पहचान है, खूबी है।'

आरिया एक्टिंग के साथ-साथ पेंटिंग भी करती है। वह अपनी पेंटिंग के माध्यम से कुछ बड़ा करना चाहती है। आरिया कहती है, 'मैं अपनी पेंटिंग्स के जरिए लोगों में पॉजिटिविटी पैदा करने की कोशिश करती हूं। मैं अपनी पेंटिंग्स के जरिए भारत की संस्कृति और परंपराओं को सबके सामने लाना चाहती हूं। इसके अलावा मैं आर्ट में इंटरेस्टेड गरीब बच्चों को पेंटिंग करना सिखाना चाहूंगी ताकि वे भी कुछ क्रिएटिव करें और खुश रहें।' *

## कोशिश रहती है हर जगह रहे स्वच्छता : कविश खुंगर





**कविश खुंगर** शेमारू उमंग के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कान्हा की भूमिका बहुत ही प्रभावशाली ढंग से निभा रहा है। देश के लिए अपनी फीलिंग्स शेयर करते हुए वह कहता है, 'हमारे देश में हर जाति-धर्म, के लोग मिल-जुलकर रहते हैं। जरूरत के वक्त सब एक-दूसरे की मदद करते हैं। मुझे अपने देश की यही बात सबसे ज्यादा अच्छी लगती है।' कविश देश को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देता रहता है। वह कहता है, 'मैं अभी छोटा हूं लेकिन हमेशा यही कोशिश रहती है कि अपने आस-पास हर जगह स्वच्छता रखूं। मैं कभी भी रास्ते पर कचरा नहीं फेंकता, जो कचरा फेंकता है उसे रोकता हूं। यह बात मैंने अपनी मां से सीखी है। वह हमेशा इसी तरह की अच्छी-अच्छी बातें मुझे सिखाती हैं। जब मैं बड़ा हो जाऊंगा तो एक अच्छा एक्टर बनूंगा और अपनी एक्टिंग से अपने देश का नाम रोशन करूंगा।' *

## शिक्षा और पर्यावरण के लिए काम करना चाहूंगा : आर्यन प्रजापति





**एंड टीवी** के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ह्रितिक का किरदार निभाकर आर्यन प्रजापति ने दर्शकों को मोह रखा है। जब उससे अपने भारत की खूबियों की बात होती है तो वह मुस्कराते हुए कहता है, 'हमारे पूरे देश के त्योहार, रहन-सहन, खान-पान ये सब, जगह-जगह के हिसाब से अलग-अलग हैं, लेकिन हम साथ मिलकर खुशियां मनाते हैं। मुझे तो भारत के अलग-अलग हिस्सों से आए बच्चों से मिलना और उनकी कहानियां सुनना, उनके ट्रेडिशन और कल्चर के बारे में जानना बहुत पसंद है।'

आर्यन एक अच्छा नागरिक बनकर देश की तरक्की में अपना योगदान देना चाहता है। वह कहता है, 'अभी तो मैं छोटा हूं, लेकिन अपने देश को बेहतर बनाने के लिए छोटी-छोटी कोशिशें करता रहता हूं, जैसे स्कूल और घर के आस-पास सफाई का ध्यान रखना, कचरा हमेशा कूड़ेदान में डालना, पानी और बिजली की बर्बादी न करना और पेड़ लगाना। मेरी यह भी कोशिश रहती है कि जरूरतमंदों की मदद करूं। बड़े होकर मैं कोई ऐसा काम करना चाहूंगा, जिससे मेरे देश को गर्व हो। मैं शिक्षा और पर्यावरण के लिए काम करना चाहूंगा। मेरा सपना है कि हमारा भारत दुनिया का सबसे मजबूत और खुशहाल देश बने।' *

## मैं देश में समानता का भाव लाना चाहता हूं : हनीश कौशल



**जी टीवी के** शो 'जागृति-एक नई सुबह' में आकाश का रोल प्ले कर रहे हनीश कौशल को अपने देश भारत में यूं तो बहुत सारी विशेषताएं दिखती हैं, लेकिन उसे सबसे बड़ी विशेषता लगती है अनेकता में एकता। हनीश कहता है, 'हमारे देश में कश्मीर से कन्याकुमारी तक अलग-अलग जाति, समुदाय के लोग रहते हैं और अनेक भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन हम सब एक हैं।' हनीश बड़े होकर एजुकेशन की फील्ड में कुछ बड़ा और अच्छा करना चाहता है। वह कहता है, 'मैं शो 'जागृति-एक नई सुबह' में आकाश का रोल प्ले कर रहा हूं, जिसमें मैं यह बता रहा हूं कि कोई भी जाति छोटी या बड़ी नहीं होती। हमें सबको एक समान समझना चाहिए। मैं देश में समानता के भाव लाना चाहता हूं। जैसे मैं अपने शो में जागृति को सपोर्ट कर रहा हूं, उसी तरह हम सबको एक-दूसरे का सहारा बनकर आगे बढ़ना चाहिए। मैं बड़े होकर कम से कम दस स्कूल खोलना चाहता हूं, जिसमें बच्चे फ्री में एजुकेशन पा सकें। *



## उन बच्चों की मदद करना चाहती हूं जो स्कूल नहीं जा पाते : परी भानुशाली





**सन नियो** चैनल के शो 'साझा सिंदूर' में नायरा की भूमिका निभाकर परी भानुशाली ने सबका दिल जीत लिया है। वह गणतंत्र दिवस को लेकर काफी उत्साहित दिखती है। परी को अपने देश की कई सारी खूबियां बहुत पसंद हैं। वह ये खूबियां गिनाती है, 'अपने देश में इतने सारे फेस्टिवल्स हैं, जैसे- दिवाली, होली, ईद और क्रिसमस। मैं इन सभी फेस्टिवल्स को खूब एंज्वॉय करती हूं। भारत में अलग-अलग संस्कृति और प्रांत के लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। मुझे अपने देश का खाना, यहां की ट्रेडिशनल ड्रेसेस, सुंदर जगहें, ये सब बहुत पसंद हैं। ऐसा लगता है, जैसे हमारा पूरा इंडिया एक हैप्पी फैमिली है।' परी अपने देश को मजबूत बनाने के लिए कुछ छोटे-छोटे प्रयास करती है, वह बताती है, 'मैं अपने घर और स्कूल को हमेशा साफ रखने की कोशिश करती हूं। यह भी सीख रही हूं कि नेचर और एनवॉयर्नमेंट को सेफ कैसे रखना है? मैं पेड़ लगाने और पानी बचाने का महत्व समझने लगी हूं।' बड़े होकर परी उन बच्चों की मदद करना चाहती है, जो स्कूल नहीं जा पाते। वह आगे कहती है, 'मैं चाहती हूं कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले। मुझे लगता है कि हमारे छोटे-छोटे अच्छे काम हमारे भारत को बेहतर और खुशहाल देश बना सकते हैं।' *

**प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स**

## जीके क्विज- 138



1. हाल ही में मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार पाने वाले हरमनप्रीत सिंह का संबंध किस खेल से है?
2. पूर्व सेना प्रमुख जनरल वी. के. सिंह किस राज्य के राज्यपाल बनाए गए हैं?
3. इस साल 2025 में क्रमानुसार कौन-सा गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है?
4. इस साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि कौन होंगे?
5. भारत का संविधान तैयार करने में कुल कितना समय लगा था?
6. भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष कौन थे?
7. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार शामिल हैं?
8. 'जन गण मन' को राष्ट्रगान कब घोषित किया गया था?
9. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' किसने लिखा था?
10. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?

बच्चों, जीके क्विज-138 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-137 का उत्तर :** 1.प्रयागराज, 2.बृहस्पति, 3.ब्रेन रोट, 4.केरल, 5.विटामिन ए, 6.सवाई जय सिंह, 7.गुग्लिल्मो मार्कोनी, 8.हड्डी, 9.अमर प्रीत सिंह, 10. 23.5 डिग्री

**जीके क्विज-137 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शिवांगी-बिलासपुर, कबीर-हिसार, सूरज-मुंगेली, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, चिन्मय-रोहतक, आदित्य-बालोद, कविता-भोपाल, रोहित-मटियारी, साकेत-बेमेतरा, किंशुक-दुर्ग, अक्षय-बेमेतरा, रोहित-भोपाल, कविता-बलौदा बाजार

## बूझो तो जानें





1
तीन रंगों बना तिरंगा,
है इसकी पहचान।
बीच चक्र उन्नति का मानो,
अपना देश महान।

2
आर्यावर्त नाम था प्यारा,
विश्व गुरु भी कहलाया।
पूरे विश्व मे नाम का अपने,
लोहा भी मनवाया।

3
माह जनवरी में इक आता,
राष्ट्र पर्व है पावन।
मिल जुल कर सब इसे मनाते,
पर्व बहुत मनभावन।

-कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव

उत्तर 1.राष्ट्रध्वज, 2.भारत, 3.गणतंत्र दिवस

## कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

सुदीप इस बात से बहुत खुश था कि इस बार उसकी बर्थ-डे पार्टी में उसके आर्मी ऑफिसर पापा घर में मौजूद रहेंगे। वह ज्यादातर घर से दूर देश में किसी ना किसी जगह जरूरी ड्यूटी पर होते हैं। सुदीप ने पापा के साथ मार्केट जाकर बहुत उत्साह से एक स्पेशल केक का ऑर्डर दिया था। लेकिन तभी एकाएक पापा को किसी जरूरी मिशन पर जाना पड़ा। क्या सुदीप ने अपना बर्थ-डे सेलिब्रेट किया, केक काटा?

# ऑपरेशन केक



सुदीप इन दिनों बहुत खुश था, क्योंकि इस बार उसके जन्मदिन पर पापा उसके साथ होने वाले थे। ऐसा बहुत कम होता है कि उसके जन्मदिन पर उसके पापा उसके साथ हों। सुदीप के पापा सेना में अधिकारी हैं। आमतौर पर ऐसा होता है कि छब्बीस जनवरी को होने वाले उसके जन्मदिन पर वे अपनी नौकरी के कारण घर से बहुत दूर होते हैं। कई बार तो घर में यह पता ही नहीं होता था कि वे उस दिन हैं किस जगह पर। लेकिन इस बार उसके पापा उसके जन्मदिन से कुछ दिन पहले पंद्रह दिन की छुट्टी पर घर आए हुए थे।

पच्चीस जनवरी की शाम को सुदीप अपने मम्मी-पापा के साथ बाजार गया। सबसे पहले वे कंफेक्शनरी की दुकान पर गए, जहां सुदीप ने अपना मनपसंद केक चुना, जो अगले दिन तक तैयार होना था। इसके बाद उन लोगों ने जन्मदिन मनाने के लिए कई तरह का दूसरा सामान भी खरीदा। जब वे लोग वापस घर पहुंचे तो सुदीप बहुत खुश था। वह अपनी कल्पना में यह दृश्य देख रहा था कि वह जन्मदिन का केक काट रहा है। आस-पास खड़े उसके मम्मी-पापा और दोस्त 'हैप्पी बर्थ-डे टू यू' गाते हुए तालियां बजा रहे हैं।

रात को सोने से पहले तक सुदीप इन्हीं ख्यालों में खोया रहा। उसे नींद आई ही थी कि मम्मी ने उसे जगा दिया और बताया कि पापा को उनके ऑफिसर ने फोन करके तुरंत ड्यूटी पर वापस बुलाया है। वे जाने की तैयारी कर रहे हैं। यह सुनते ही सुदीप एकदम से उठकर बैठ गया, बोला, 'लेकिन मम्मी, पापा को तो अभी एक हफ्ते तक यहीं रहना था न! उनकी छुट्टी थी!' 'वो ठीक है बेटा, लेकिन अगर उन्हें तुरंत बुलाया गया है तो जाना ही होगा न, सेना के लोगों को जरूरत पड़ने पर जाना ही पड़ता है, उनके लिए देश के काम सबसे पहले होते हैं, बाकी काम बाद में।' मम्मी ने प्यार से समझाया।

सुदीप बिस्तर से उतरकर उस कमरे में गया, जहां पापा अपना सामान अटैची में रख रहे थ। रुआंसी आवाज में वह उनसे बोला, 'पापा, आप क्यों जा रहे हैं आज ही? एक दिन और नहीं रुक सकते क्या? कल तो मेरा बर्थ-डे है।'

'बेटा, मेरा जाना बहुत जरूरी है। जरूर कोई ऐसी बात होगी जो हमारी जरूरत पड़ी है, देश की सुरक्षा और सेवा के लिए हमें सदैव तैयार रहना चाहिए। यह तो हमारा फर्ज है।' पापा ने जवाब दिया।

'किसी ऑपरेशन के लिए जाना है क्या पापा?' सुदीप ने पूछा। उसे मालूम था कि देश के किसी बड़े काम को सेना वाले ऑपरेशन कहते हैं।

'बेटा, इस बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता, बस बुलाया गया है, इसलिए तुरंत जा रहा हूं।' पापा ने कहा और फिर से अपनी तैयारी में लग गए। कुछ घंटे पहले जो सुदीप इतना खुश था, अब बहुत उदास हो गया। उसने तो क्या-क्या सपने देखे थे कि इस बार उसके जन्मदिन पर उसके पापा साथ होंगे तो कितना मजा आएगा लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा था।

कुछ देर बाद पापा ने टैक्सी बुलाई और एयरपोर्ट के लिए निकल गए।

उनके जाने के बाद मम्मी ने सुदीप को सो जाने के लिए कहा। सुदीप बिस्तर पर लेट तो गया, लेकिन उसे नींद नहीं आ रही थी। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि ऐसा कैसे हो गया। उसके जन्मदिन पर उसके पापा यहां होते तो कितना अच्छा होता। पिछले साल भी उसके पापा उसके जन्मदिन पर उसके साथ नहीं थे। यही सब सोचते-सोचते उसे नींद आ गई।

सुबह होने पर मम्मी ने उसे जगाया तो बड़े उदास स्वर में वह बोला, 'मम्मी, पापा तो होंगे नहीं आज घर में, तो बर्थ-डे भी क्या मनाना है!'

'अरे बेटा, ऐसा थोड़े ही कहते हैं। बर्थ-डे तो मनाना ही है तुम्हें। तुमने अपने सारे दोस्तों को भी तो बुलाया हुआ है।' मम्मी बोलीं। 'नहीं मम्मी, मेरा मन नहीं कर रहा बर्थ-डे मनाने के लिए। मैं सब दोस्तों को फोन करके मना कर दूंगा आने के लिए। हमने केक का जो ऑर्डर दिया है, वह भी कैंसिल करवा देंगे।' कहते हुए सुदीप ने करवट बदल ली। उसकी आंखों से आंसू बहने लगे।

मम्मी ने उसे बहुत समझाया, लेकिन वह अपनी बात पर अड़ा रहा। थक-हारकर मम्मी रसोई में चली गईं।

कुछ देर बाद सुदीप को फिर नींद आ गई। नींद में उसे एक सपना आया। सपने में उसके पापा उससे कह रहे थे, 'बेटा, हम लोग देश की सुरक्षा से जुड़े किसी बड़े काम के लिए जा रहे हैं।' पापा हंसकर आगे बोले, 'ऑपरेशन का नाम है ऑपरेशन केक! तुम भी शाम को अपने बर्थ-डे पर केक काटकर ऑपरेशन केक पूरा करना।'

तभी सुदीप की नींद खुल गई। कुछ देर तक वह सपने के बारे में सोचता रहा और फिर अचानक वह उत्साह से भर उठा, 'अरे! यह कितने प्राउड की बात है पापा देश के लिए किसी बड़े काम पर जा रहे हैं।' सुदीप ने रसोई में मम्मी के पास जाकर बड़े उत्साह भरे स्वर में सपने वाली बात बताई, 'मम्मी, शाम को मैं बर्थ-डे मनाऊंगा और ऑपरेशन केक पूरा करूंगा। उधर पापा भी देश के लिए कोई बड़ा काम करने के लिए निकले हैं, जो देश की सुरक्षा के लिए जरूरी होगा।'

सुदीप की बात सुनकर मम्मी मुस्कुरा पड़ीं, उन्होंने प्यार से उसे गले लगा लिया। *

## कविता

गौरीशंकर वैश्य विनम्र



### हमें देश प्राणों से प्यारा

विश्व पटल पर भारत चमके
जैसे जगमग ध्रुवतारा।।
हमें देश प्राणों से प्यारा
हम भारत के बच्चे हैं।
मातृभूमि के लिए समर्पित
वीर बहादुर सच्चे हैं।
सिंह सपूतों की दहाड़ से
भय खाता अरिदल सारा।।
कभी नहीं कम होने देंगे
जनगणमन की शान को।
बाह्य और अंतर खतरों से
आंच न आए आन को।
प्रेरित करता संघर्षों हित
'वंदेमातरम' का नारा।।
श्रम, विज्ञान, कला-कौशल से
उन्नत देश बनाना है।
बहु संस्कृतियों के फूलों से
नव उद्यान सजाना है।
ध्वजा तिरंगा लहराता है
बहती देशभक्ति-धारा।।

## रंग भरो-167

**रंग भरो-167** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





हिमांक, दुर्ग



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



केशव, कोरबा



तेजस, रायपुर



मायरा, बलौदा बाजार




शौर्य, रोहतक

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अहाना-रतनपुर, डॉली-मटियारी, रितेश-मटियारी, हनी-दुर्ग, सौम्या-दुर्ग, कार्तिक-खैरागढ़, प्रगति-बिलासपुर, सार्थक-रायपुर, शौर्य-रोहतक, सौम्य-बालोद, वैभव-दुर्ग, वाणी-रायपुर, वसनिक-रायपुर, वेदिका-बालोद, अमितेश-रायगढ़, कुनिका-बिलासपुर

## रंग भरो 168



बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में तीन बच्चे रिपब्लिक-डे के अवसर पर हमारे नेशनल फ्लैग को सैल्यूट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## रास्ता बताओ

बच्चों, अजय और पाखी गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने जा रहे हैं। आनंद को भी उन दोनों के साथ इस समारोह में शामिल होना है, लेकिन अजय-पाखी तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम आनंद को उन दोनों तक पहुंचने का रास्ता बताओ।



## खबर संक्षेप

### 2 किलो का आईईडी तथा एक डमी आईईडी बरामद

**दंतेवाड़ा।** थाना अरनपुर क्षेत्र के ग्राम बर्रेम क्षेत्र में 22 जनवरी को मुखबिर से नक्सल गतिविधि एवं नक्सली पर्चा लगने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी शंकरलाल ध्रुव के साथ टीम नक्सल गश्त अभियान और एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई के लिए थाना क्षेत्र में रवाना हुए थे। सर्चिंग के दौरान अरनपुर मुख्य मार्ग से लगभग 5 किमी की दूरी पर ग्राम समेली से बर्रेम जाने के रास्ते में 2 किग्रा का प्रेशर आईईडी बम मिला। थाना प्रभारी अरनपुर द्वारा इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। सुरक्षार्थ पुलिस लाइन कारली से बम डिस्पोजल स्क्वाड को मौके पर रवाना किया गया। जहां आईईडी को सुरक्षा के लिहाज से ऐहतियात बरतते हुए मौके पर डिस्पोज किया गया। कार्रवाई में अरनपुर थाना बल और बीडीएस टीम सूबेदार निर्मल सिंह, रामचंद्र कंवर, गौतम सोम, विनोद तिर्की, डॉग हैंडलर कामता प्रसाद भारती एवं थाना अरनपुर और टीम का योगदान रहा।

### रेत भरा हाईवा पलटा, दबने से बाइक सवार की मौत

**पलारी।** अंचल में तेज रफ्तार ओव्हरलोड वाहन राहगीरों के लिए आफत बना हुआ है। आए दिन ओव्हरलोड और तेज रफ्तार वाहनों से लोगों की जाने जा रही है। ताजा मामला बीते रात की है, जहां पलारी ब्लाक के ग्राम वटगन कालेज के समीप करीब 9 बजे तेज रफ्तार रेत से भरी हाईवा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई, उसमें दबकर एक राहगीर मोटर साइकिल सवार युवक की मौत हो गई है। मृतक युवक का नाम वटगन निवासी जितेंद्र कुमार वर्मा बताया जा रहा है, वही भारी वाहन में दबने मृतक युवक की मोटर सायकिल कचुंबर बन गई है मोटरसाइकिल अलग-अलग टुकडों यहां वहा बिखरा पड़ा है। बताया गया है कि रेत से भरी ओव्हरलोड हाईवा चिखली घाट से रेत भरकर ला रहा था।

# बेलर में शव दफनाने को लेकर बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बड़ाजी थाना क्षेत्र के बेलर में गुरुवार को धर्मातंरित महिला के शव को दफनाने को लेकर बवाल हो गया। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में आदिवासी समाज के दर्जनभर ग्रामीण घायल हो गए। वहीं देर शाम भारी फोर्स की तैनाती के बीच महिला के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

जानकारी के मुताबिक बुधवार दोपहर को बेलर ग्राम से लगे दाबपाल निवासी महिला सुबरो पति बलि लगभग 40 वर्ष जो मिर्गी बिमारी से पीड़ित थी, उसकी मौत हो गई। उसकी मौत के बाद शव को ग्रामीण दफनाने के लिए बेलर में लेकर आए जिसका ग्रामवासियों ने विरोध कर दिया। इस बीच बवाल इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष के बीच मारपीट शुरू हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ाजीं व लोहण्डीगुड़ा थाना की फोर्स मौके पर पहुंचकर दोनों पक्ष को समझाने का प्रयास शुरू किया। लेकिन दोनों पक्ष सुनने को तैयार नहीं थे। इस बीच स्थिति बिगड़ती देख जगदलपुर से अतिरिक्त फोर्स रवाना किया गया। काफी समझाइश के बाद शव को बेलर में ही दफन कर दिया गया। इस मारपीट में आदिवासी समाज के दर्जनभर ग्रामीण घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए लोहण्डीगुड़ा अस्पताल में लेकर पुलिस की टीम पहुंची थी।



**खास बातें**

- दर्जनभर से अधिक ग्रामीण हुए मारपीट में घायल
- भारी संख्या में फोर्स की मौजूदगी में हुआ शव दफन

**स्थिति नियंत्रण में, होगी एफआईआर**

बेलर में विवाद के बाद शव दफन कर दिया गया है। मारपीट में कुछ लोग घायल हुए है। पीड़ित पक्ष की ओर से एफआईआर की जा रही है। ऐहतियातन पूरे इलाके में फोर्स की तैनाती की गई है।

माहेश्वर नाग
एएसपी, बस्तर

### ऐसे शुरू हुआ बवाल

*जानकारी के मुताबिक दाबपाल ग्राम के कुछ लोगों ने बेलर में आधा एकड़ जमीन शव दफनाने के लिए क्रय किया था। महिला की मौत के बाद गुरुवार सुबह ग्रामीण शव दफनाने के लिए बेलर लेकर आए। खरीदी गई जमीन में गड्डा खोदकर शव के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। लेकिन इसका पता लगते ही बेलर के ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए खोदे गए गड्ढे को पाट दिया। इसके बाद से विवाद शुरू हो गया और दोनों पक्षों में मारपीट व हाथापाई शुरू हो गया। काफी समझाइश के बाद पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में उसी गड्ढे को पुनः खोदकर शव दफन किया गया।*

### एहतियातन फोर्स की तैनाती इलाके में नजर रखी जा रही

*बेलर में हुए भारी विवाद के बाद स्थिति फिर न बिगड़े इसे देखते हुए भारी पुलिस बल बेलर, दाबपाल व आसपास के क्षेत्र में तैनात किया गया है। पुलिस पेट्रोलिंग टीम लगातार इलाके में पेट्रोलिंग कर रही है। दोनों थानों की टीम के अलावा अतिरिक्त फोर्स को भी तैनात किया गया है जो इलाके में नजर बनाए हुए है।*

# सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों पर नौसिखिया वाहन चालक पड़ रहे भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा



कबीरधाम जिले में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाएं, चलते वाहनो में अचानक आग लग जाना, यातायात नियमो की खुलेआम अनदेखी, शहर में बेतरतीब पार्किंग, यह सब चिंता का विषय है। जो न सिर्फ लोगों के लिए जीवलेवा साबित हो रही है बल्कि उनके लिए परेशानी भी खड़ी कर रही है। माना जा रहा है कि सड़क दुर्घटनाओं और नियम कायदों की अनदेखी में परिवहन विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले ड्राइविंग लाइसेंस की भूमिका को कई दृष्टिकोणों से देखा जा सकता है।

यह समस्या कई कारकों से उत्पन्न होती है, जिनमें लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया, प्रशिक्षण की गुणवत्ता और यातायात नियमों की जानकारी शामिल है। जानकारों की माने तो मौजूदा दौर में ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया भी इसका एक प्रमुख कारण है। कमजोर जांच-पड़ताल के चलते कई जगहों पर ड्राइविंग लाइसेंस बिना उचित परीक्षण या योग्यता जांचे जारी कर दिए जाते हैं, नकली या अवैध तरीके से बनाए गए लाइसेंस भी दुर्घटनाओं को बढ़ावा दे सकते हैं, लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार भी इन तमाम खामियों और समस्याओं का एक महत्वपूर्ण कारण हो सकता है, जिससे बिना अनुभव या नियमों कायदों की जानकारी के लोग वाहन चलाने लगते हैं। इसी प्रकार कई ड्राइवरों को आज के आधुनिक वाहन चलाने का सही प्रशिक्षण नहीं दिया जाता। उन्हें इस बात की भी जानकारी नहीं होती कि चिल्फीघाटी जैसे घाट में वाहन को कैसे सुरक्षित ढंग से चलाएं, कितने किलो मीटर लगातार वाहन चलाने के बाद उसे कितने घंटे का विराम दें। इन अप्रशिक्षित वाहन चालकों में यातायात नियमों की जानकारी का भी अभाव होता है। उन्हें ये भी पता नहीं होता कि खाली सड़क में वाहन की गति क्या रखनी है और आबादी क्षेत्र में वाहन की गति क्या होनी चाहिए। कहां वाहन खड़ा करना चाहिए और कहां नहीं। यही वजह है कि जिले में सड़कों में हादसे लगातार बढ़ रहे हैं। बेहतर होगा कि शासन, प्रशासन और परिवहन विभाग को इस दिशा में ठोस कार्यवाही करे।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



दो अलग-अलग जगह हुए सड़क दुर्घटना में हाईवा चालक व बाईक सवार युवक की मौत हो गई है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम मुनईकेरा निवासी संतराम नेताम पिता सुखचंद मजदूरी का काम करता था। बुधवार की शाम युवक मोटर सायकल से गुड़रा गट्टासिल्ली गया था। जहां से युवक देर शाम को वापस अपने घर मुनईकेरा लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम गेदरा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन को चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मार दी। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए दुगली अस्पताल लाया गया। रिफर करने पर घायल को नगरी अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने घायल को धमतरी रिफर कर दिया। परिजन रात्रि में ही युवक को धमतरी लाकर रूद्री रोड स्थित निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराए थे। जहां इलाज के दौरान गुरूवार की सुबह युवक की मौत हो गई है। अन्य घटना में पंकज भुईया पिता अखिलेश उम्र 28 वर्ष झारखण्ड निवासी वाहन चालक था। युवक भाठागांव में रहकर हाईवा चलाने का काम करता था। मंगलवार की रात्रि युवक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एएन 4509 में महिला बैठाकर नगरी रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान नहर पुल के आगे ग्राम कोलियारी में अज्ञात ट्रक चालक ने तेज रफ्तार वाहन लापरवाहीपूर्वक चलाकर बाईक को ठोकर मार दी।

# बस और मालवाहक में भिड़ंत, आधा दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

सवारी लेकर जा रही बस एवं फल लेकर जा रही माल वाहक के बीच भिड़ंत होने से मालवाहक चालक घायल हो गया। वहीं बस में सवार आधा दर्जन से अधिक लोगों को चोंटे आई है, जिन्हें उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को दोपहर एक बस खैरागढ़ की ओर से सवारी भरकर राजनांदगांव की ओर जा रही थी। वहीं एक पिकअप राजनांदगांव की ओर से खैरागढ़ की ओर जा रही थी। पिकअप में फल भरे हुए थे। दोनों वाहन ठेलकाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत फत्तेपुर के पास राईस मिल के समीप पहुंचे ही थे कि दोनों वाहनों में भिड़ंत हो गई। जिससे बस में सवार यात्रियों में हायतौबा मच गई थी। वहीं कई लोगों को चोंटे भी आई। दोपहर लगभग डेढ़ बजे हुए इस दुर्घटना में मालवाहक के चालक को चोंटे आई है। वहीं बस में सवार आधा दर्जन से अधिक लोगों को चोंटे आई।


**फ्लैट बेचना है किराये से देना है**

शंकर नगर रायपुर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867



epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार **संपर्क:-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, **चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल:** - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

आवश्यकता है- सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 **पता** TANGO SECURITY PVT. LTD. **ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.-** 8109070600, 7869230888.(RO-2476)

**सेल्स/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- एक प्रतिष्ठित लोहे के व्यापारी को निम्न पदो पर योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता, सेल्स एक्सक्यूटिव- 1, डिस्पैच सुपरवाइजर- 1, लोहे के जानकार को प्राथमिकता, एवं कार ड्राइवर- 2, अनुभवी, **संपर्क- तिरूपति हाइट्स / तिरूपति स्टील इंटरप्राइजेस 87 नगर निगम कालोनी अग्रसेन चौक रायपुर समय 11 से 3 बजे** (RO-29)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर में 24x7 घरेलू कार्य करने हेतु एवं बच्चों को संभालने लड़की/ महिला की आवश्यकता है। रहने की सुविधा उपलब्ध। **संपर्क-** 9522220188.(RO-31)

**पैकिंग/लेबर कार्य**

आवश्यकता है- चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो. 7469980000, 07714075490. (RO-2496)

**असिस्टेंट**

आवश्यकता है- रियल स्टेट में काम करने हेतु पर्सनल असिस्टेंट महिला की आवश्यकता है जो टूर पर जा सकें।उम्र 28 से 35 वर्ष अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार। **फोन नंबर** 8269944900.(RO-458)

**नर्सिंग/हेल्पिंग स्टाफ**

आवश्यकता है- एक रिसेप्शनिस्ट चाहिए जिसे कंप्यूटर का ज्ञान हो, मेडिकल स्टोर में कार्य हेतु पुरुष/महिला जिसे कंप्यूटर का ज्ञान हो, नर्सिंग स्टॉफ प्रशिक्षित एवं हेल्पिंग स्टॉफ एवं ड्राईवर जो ट्रैक्टर भी चला सके **संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर** 0771-2425009. (RO-3239)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- पूनम स्वीट्स, प्रतिष्ठित मिठाई दुकान में सेल्समेन एंव सेल्सगर्ल्स की अतिशीघ्र आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। रहने की सुविधा उपलब्ध। आकर्षक वेतन। कोई शैक्षिणिक योग्यता नही। **संपर्क: पूनम स्वीट्स, जयस्तंभ चौक, रायपुर। मोबाइल** - 9893397633.(RO-1628)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर कार्य के लिए व इलेक्ट्रिक ई रिक्शा चलाने हेतु मेहनती लड़को की आवश्यकता है **पता संतोषी नगर के आगे। नोट पास मे रहने वालें को प्राथमिकता।** 8103076889.(RO-M)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन। **संपर्क - समय 12 से 7 बजे। पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर।**(RO-444)

आवश्यकता है- थोक दुकान में परमानेंट कार्य हेतु दुकान-दुकान सप्लाई हेतु लड़को की आवश्यकता है योग्यता 8+ उम्र 16 से 25 वर्ष। ट्रेनिंग + रहना + खाना फ्री। ट्रेनिंग बाद 7000 से 20,000 **संपर्क:- उतई दुर्ग मो.** 97544.09440, 99930-31494. (आरो न.-660)

आवश्यकता है- प्लास्टिक लाइन के लिए दुकान कार्य हेतु लड़के /लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार स्वयं आकर ही **संपर्क करें प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर** 98261-13735 **समय 11:00 से 8:00 बजे** (RO-7440)

**मार्केटिंग/सेल्समैन**

आवश्यकता है- हगीस डायपर ( बच्चों का ) रायपुर में मार्केटिंग हेतु अनुभवी सेल्समैन की जो जनरल वा मेडिकल मार्केट के बारे में जानकारी रखता हो, **संपर्क करे - अग्रवाल एजेसी रायपुर** Mob. 98264-16557.(RO-OM)

हरिभूमि

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार (बीएमडबल्यू, ऑडी, मर्सिडीज ) चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर का शादीशुदा होना व 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें )। इंटरव्यू के लिए आते वक़्त अपना आधार कार्ड, बिजली बिल व ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य लाये । सैलरी 20000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । **पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक :-** 9644720222. (RO-30)

आवश्यकता है- स्कूल वाहन चलाने हेतु बस चालक हेवी लाइसेंस धारक - 5 पद लाइट लाइसेंस धारक -8 पद वेतन योग्यता अनुसार। **मदर्स प्राईड हा. सें. स्कूल सुंदर नगर मो न** 7389358588.(RO-133)

**फील्ड एक्जीकेटिव**

आवश्यकता है- आधुनिक व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में फील्ड एक्जीक्यूटिव और फील्ड ऑफिसर युवक/ युवती की आवश्यकता है अपने ही क्षेत्र में रहकर कार्य करें शिक्षा- 10वीं से स्नातक वेतन- 10000 से 25000+ इंसेंटिव **सम्पर्क करें- कुशालपुर चौक, रायपुर** 9575666367. (RO-36592)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- पैकिंग कार्य हेतु लडको की आवश्यकता है सैलरी योग्यतानुसार **शीतला एजेंसी रिंग रोड नंबर 1 भांटागांव चौक न्यू बस स्टैंड रायपुर** 9826129026, 9300129026.(RO-132)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- होलसेल कन्फेशनरी में कार्य करने हेतु टैली जानकार कंप्यूटर ऑपरेटर एवं दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। टाइमिंग 11 से 9:30 **मोबाइल नं.** 9131356574, 9200670000, 9827400406. **कृष्णा एजेंसी, नयापारा फुलचौक रायपुर**(RO-7442)

आवश्यकता है- एलजी एवं वोल्टास इलेट्रॉनिक के कंपनी ऑथोराइस सर्विस सेंटर में कंप्यूटर ऑपरेटर लड़के/लड़की की आवश्कता है। अनुभवी को प्राथमिकता । **शंकरनगर,रायपुर** । 7566600066, 9826190214.(RO-458)

**घरेलु कार्य**

तत्काल आवश्यकता- बंगले में कार्य हेतु घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभवः 5 से 10 वर्ष वेतनः योग्यतानुसार कृपया केवल अनुभवी व्यक्ति ही **संपर्क करें** : 9109972720.(RO-om)

**हेल्पर कार्य**

आवश्यकता है- भिलाई कार एसी वर्कशॉप में कार की एसी रिपेयरिंग हेतु हेल्परो की अवसक्ता है **पता - पॉलिटेनिक कॉलेज के सामने दुर्ग मोबाइल नंबर** - 9098026110. (आरो न.-667)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**कीपर/लेबर**

आवश्यकता है- रायपुर भनपुरी स्थित सी.एंड एफ. गोडाऊन में कार्य हेतु 1 गोडाउन कीपर और 1 लेबर की । सी.एंड एफ. अनुभवी को प्राथमिकता **संपर्क** - 9229909971 **(समय - 10 से 6)**(RO-820)

**सेल्समैन/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- सेल्समैन, कम्प्यूटर आपरेटर, ड्राईवर,माल छोड़ने के लिए लड़कों की एवं घरेलू कार्य हेतु लड़की /महिला की आवश्यकता है **संपर्क करे बोरियाखुर्द रायपुर मो.न.** 9893115061.(RO-OM)

**अन्य**

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें:-** 8918984004.(RO-3026)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें:-** 7044713881, 7044684039, 7044893771. (RO-754)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें:-** 7450945537, 8335088415. (RO-818)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें:-** 8240426971, 9163849676. (RO-755)

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करेः- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai Mo.- 9826196515, 9826896515.(आरो.-7155)

**Property प्रापर्टी**

बेचना है- दुर्ग से मात्र 9 किमी. कोटनी-नगपुरा रोड पर बेहतरीन लोकेशन में रिवर व्यू रेस्टोरेंट प्लाट एरिया 5600 स्क्वे.फीट 1400 फीट में रेस्टोरेंट 95 फीट फ्रंट, रेस्टारेंट, ढाबा, वीकेंड होम, इन्वेस्टमेंट हेतु उपयोगी। बेचना है **सम्पर्क-** 9300044445.(आरो न.-4444)

बेचना है- दुर्ग -ग्राम नगपुरा में एक एकड बियासी डिसमील डामर रोड ग्राम से लगा व्यवसायिक के लिए उपयुक्त बेचना है **मो.-** 9300604957, 7587099540. (RO-OM)

**For Rent किराया**

**किराये से देना हैं**

"रायपुर के प्रमुख स्थान तात्यापारा, बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर, उपलब्ध है 4000 वर्ग फुट का भव्य स्पेस ।"
"यह जगह न केवल 24 घंटे पानी की सुविधा से लैस है, बल्कि बेसमेंट पार्किंग की भी सुविधा उपलब्ध है ।"
"यहाँ उपलब्ध है 44 किलोवॉट की पावर सप्लाई, जो आपके हर व्यावसायिक जरुरत को पूरा करने के लिए तैयार है ।"
"यह जगह वालफर्निश है, जो आपके ऑफिस या अन्य वाणिज्यिक उपयोग के लिए बिल्कुल उचित है ।"
"संपर्क करें स्थानः जी.डी. शेष. निलयम बिल्डिंग तात्यापारा, बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर, रायपुर, संपर्क करें:
मो.9826135333


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी...
**CLASSIFIED RATE CARD** 15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

**SCHEME**
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

24012025-Cit-04_Layout 1 1/24/2025 12:37 AM Page 1



## महाकुंभ के सेक्टर 17 में धर्मसभा में किया गया इसका ऐलान

# महाकुंभ में ही पेश होगा सनातन बोर्ड का मसौदा, 27 जनवरी को मनाया जाएगा 'धर्म की स्वतंत्रता का दिवस', धर्म का संरक्षण होगा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ के सेक्टर 17 में होने वाली धर्मसभा में आने वाली 27 जनवरी को सनातन बोर्ड का मसौदा पेश किया जाएगा। यह दिन 'धर्म की स्वतंत्रता का दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस बात की जानकारी प्रसिद्ध आध्यात्मिक प्रवक्ता देवकीनंदन ठाकुर ने गुरुवार को निरंजनी अखाड़े में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। ठाकुर ने कहा कि हमारा धर्म स्वतंत्र नहीं है। हमारे मंदिर सरकारों के अधीन हैं, गुरुकुल बंद हो गए हैं और गौ माता सड़कों पर भटक रही हैं। हमें अपने धर्म और संस्कृति को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए सनातन बोर्ड की जरूरत है। उन्होंने यह भी बताया कि धर्मसभा में सभी अखाड़ों, चारों शंकराचार्यों के प्रतिनिधि और सनातन धर्म से जुड़े प्रमुख लोग शामिल होंगे। ठाकुर ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक सरकार सनातन बोर्ड का गठन नहीं करती, हम कुंभ से वापस नहीं जाएंगे।

**साधु-संतों ने तय की तारीख, प्रसिद्ध आध्यात्मिक प्रवक्ता देवकीनंदन ने की घोषणा**



### समय-समय पर सनातन धर्म के लिए नागा संन्यासियों ने दिए बलिदान



महाकुंभ में अखाड़ों के नगर प्रवेश की परंपरा नागा संन्यासियों के अद्भुत शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है। सदियों पुरानी इस परंपरा के पीछे 17वीं शताब्दी का एक ऐतिहासिक युद्ध है, जिसमें नागा संन्यासियों ने अफगानी आक्रांताओं से प्रयागराज की रक्षा की थी। नागा साधुओं ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से बड़ी-बड़ी जंग जीती हैं। बरछी-भाले-तलवार चिमटा-फरसा ही थे, वे इसी से आक्रांताओं से लड़ते थे। आक्रांताओं को हराते थे। कर जब नागा साधु अपने अखाड़ों में पहुंचे तो उनका स्वागत विजयी सैनानियों की तरह किया गया। तभी से हर कुंभ में नागा साधुओं की पेशवाई की परंपरा शुरू हो गई।

## जैकेट के शेष

### 30 बरस बाद नक्सलियों .....

जरूरत नहीं है। इसके साथ ही सौ किमी का फासला भी बच जाएगा। 30 बरस बाद यह सड़क नक्सलियों के चंगुल से आजाद हुई है। बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) की ओर से बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा जिले के सीमा क्षेत्र एलमागुड़ा-दुलेड़, मेटागुंडू, इरापल्ली, गड़ेम-पल्ली, गुड़ा, मीनागुड़म, गमगुड़ा-भीमापुरम, रायगुड़ा, पुरम से पूवर्ती तक 51 किमी, कोंडापल्ली-जिदपल्ली-पामेड़ तक 26 किमी, उसूर-गलगम नब्बी-पुजारीकांकेर, एलमा तक 70 किमी, सिलगेर-पूवर्ती-कोंडापल्ली तक 24 किमी एवं तर्रेम-चिन्नाबेलूर तक 17 कमी सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया। इस तरह से चारों ओर से हिड़मा के गांव तक सड़क बनेगी, जहां लोगों का जाना-आना आसान हो जाएगा।

### 85 करोड़ की ....

11 सौ अकाउंट की जांच के बाद अपराध दर्ज - साइबर जालसाजों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए रेंज साइबर पुलिस ने साइबर क्राइम पोर्टल में 11 सौ से अधिक म्यूल बैंक अकाउंट की जांच की। इस दौरान ठगी के लिए इस्तेमाल अकाउंट से मिलान किया गया। रेंज साइबर पुलिस ने अकाउंट मिलान करने के बाद म्यूल अकाउंट खुलवाने वालों की लंबी पहचान प्रक्रिया की। इसके बाद जालसाजों की गिरफ्तारी की गई।

### म्यूल अकाउंट का ....

करता है। इंटरनेशनल साइबर अपराधी शेल कंपनियों और व्यक्तियों के खातों का उपयोग म्यूल अकाउंट के रूप में करते हैं तथा बैंकों द्वारा दी जाने वाली थोक भुगतान सुविधा का लाभ उठाते हैं। शेल कंपनी वह कंपनी होती है, जिसका कोई सक्रिय व्यावसायिक परिचालन या महत्त्वपूर्ण परिसंपत्ति नहीं होती।

### इस प्रकार की ....

दूसरे के नाम अकाउंट खुलवाकर खाता जालसाजों को उपलब्ध कराया है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि अकाउंट उपलब्ध कराने के एवज में उन्हें 10 से 20 प्रतिशत कमीशन मिलता था।

### हाईकोर्ट सीईओ से ...

करने के आरोप में हाईकोर्ट ने असिस्टेंट मैनेजर से पूछा कि क्यों ना उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। एनआरडीए में जमीन आवंटन को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान एनआरडीए के सीईओ व आईएएस सौरव कुमार को कोर्ट के कड़ी नाराजगी का सामना करना पड़ा। कोर्ट ने जब पूछा कि हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी शपथ पत्र क्यों पेश नहीं किया? आदेश के बाद जमीन का आवंटन किस आधार पर किसके कहने पर कर दिया है? कोर्ट के आदेश की लगातार अवहेलना की जा रही है।

### मोतियाबिंद ऑपरेशन में .....

मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन बीते दिनों 24 दिसंबर और 15 जनवरी को किया गया। 24 दिसंबर को 10 मरीज तथा 15 जनवरी को 3 मरीजों का ऑपरेशन किया गया। दिसंबर में जिन 10 मरीजों का ऑपरेशन किया गया उनमें से 3 मरीज तथा जनवरी में जिन 3 मरीजों का ऑपरेशन किया गया उनमें से 2 मरीजों को ऑपरेशन के बाद समस्या प्रारंभ हो गई। चार मरीजों की आंख की रोशनी मोतियाबिंद ऑपरेशन में हुई लापरवाही के चलते चली गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, वहां के बीएमओ डॉ.बलवंत सिंह के नेतृत्व में यह ऑपरेशन हुआ था। मरीजों की तबीयत अधिक बिगड़ने के बाद उन्हें रायपुर रेफर किया गया, तब मामले का खुलासा हुआ। आंबेडकर अस्पताल की रिपोर्ट के आधार पर स्वास्थ्य विभाग ने जांच कराने का निर्णय लिया है। कोरिया जिला कलेक्टर ने मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, नायब तहसीलदार और नेत्र रोग विशेषज्ञ के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की है। कमेटी द्वारा ऑपरेशन थियेटर से सैंपल लिए गए हैं।

**फिलहाल हालत स्थिर** : कोरिया जिले से आए नेत्र रोगियों का नेत्र रोग विभाग के डॉक्टरों की देखरेख में उपचार किया जा रहा है। आंबेडकर अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक आवश्यक दवा एवं इलाज के बाद स्थिति स्थिर है। चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी एवं अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने मरीजों के उपचार एवं उचित देखभाल के लिए संबंधित विभाग को विशेष निर्देश दिए हैं। नेत्ररोग विभागाध्यक्ष डॉ. निधि पांडेय के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम द्वारा तीनों मरीजों को आवश्यक मेडिकल एवं सर्जिकल उपचार प्रदान किए जा रहे हैं।

### दो मरीजों का ....

गई थी। इसके बाद 16 जनवरी को दो मरीजों को इंट्राविट्रियल इंजेक्शन देने के बाद उन्हें रायपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। 17 जनवरी को दोनों मरीज आए और दूसरे दिन ही दोनों की विट्रेक्टॉमी की गई। 21 जनवरी को एक अन्य मरीज आया। इंट्राविट्रियल इंजेक्शन के बाद उसकी हालत स्थिर है।

### ये गर्मी कुछ ....

उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवा के स्थान पर दक्षिण-पूर्व से आने वाली गर्म और नमीयुक्त हवा की मात्रा में वृद्धि हुई है। ठंडी हवाओं के स्थान पर गर्म हवा के आने के कारण तापमान में वृद्धि हुई है। शुक्रवार से पुनः ठंडी और शुष्क हवा का आगमन शुरू हो जाएगा। ठंड में वृद्धि तो होगी, लेकिन अत्यधिक सर्दी का सामना लोगों को नहीं करना पड़ेगा। गुलाबी ठंड ही रहेगी। जनवरी अंत तक यही स्थिति रहेगी।

**पाकिस्तान के ऊपर स्थित है पश्चिमी विक्षोभ** : मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पश्चिम मध्य प्रदेश और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। बन रही परिस्थितियों के चलते 24 जनवरी से उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं के आगमन प्रारंभ होने की संभावना है। इनके प्रभाव से मौसम शुष्क रहेगा तथा न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होगा। प्रदेश के उत्तर और मध्य में 26 जनवरी तक और बस्तर संभाग के जिलों में 27 जनवरी तक गिरावट होने की संभावना है। इस अवधि में प्रदेश में न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक कमी होने की संभावना है।

# 'दोनों पैसे बांट रहे' दीक्षित ने भाजपा आप पर लगाए गंभीर आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जारी सियासी सरगर्मी के बीच आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल लगातार उनके प्रतिद्वंदी बीजेपी प्रत्याशी परवेश साहिब सिंह वर्मा पर पैसे कंबल और जूते बांटने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं अब केजरीवाल के ही खिलाफ नई दिल्ली सीट से कांग्रेस प्रत्याशी संदीप दीक्षित ने परवेश वर्मा और अरविंद केजरीवाल दोनों पर ही पैसे बांटने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने इस मामले में चुनाव आयोग के खिलाफ शिकायत दर्ज



करने का आरोप भी लगाया है। आम आदमी पार्टी और बीजेपी पर आरोप लगाते हुए संदीप दीक्षित ने कहा कि यह पूरी तरह से सच है कि चुनाव में पैसा बांटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके समर्थक इसको लेकर उन्हें जानकारी भी दे रहे हैं। उन्होंने इस दौरान आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह पर भी निशाना साधा है।

### संदीप दीक्षित ने आप-भाजपा पर लगाए आरोप

एएनआई से बातचीत में नई दिल्ली विधानसभा सीट से प्रत्याशी संदीप दीक्षित ने कहा कि यह सच है कि पैसा बांटा जा रहा है। जब कोई व्यक्ति देख लेता है कि वह विफल हो रहा है और उसके पास विकास के बारे में बात करने के लिए कुछ नहीं है, तब वे पैसा, कंबल बांटना शुरू कर देते हैं। कल मैं ईस्ट किदवई नगर में था और वहां लोगों ने मुझे एक पैकेट दिया और कहा कि परवेश जी यह बांट रहे हैं। दीक्षित ने कहा कि चुनाव आयोग को कई बार शिकायतें की गईं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मेरा संजय सिंह से भी एक सवाल है, कल हम काली बाड़ी इलाके में प्रचार कर रहे थे और वहां कुछ महिलाओं ने कहा कि आप 1,000 रुपये बांट रही है और वे इसके लिए जा रहे थे।

## रविवार से चीन के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे विदेश सचिव विक्रम मिस्री

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री 26 से 27 जनवरी तक चीन की राजधानी बीजिंग की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह दोनों देशों के राजनीतिक, आर्थिक और आमजन से जुड़े हुए मुद्दों के अगले कदम पर चर्चा करेंगे।

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत और चीन के बीच स्थापित विदेश सचिव-उप मंत्री तंत्र की बैठक में भाग लेने के लिए मिस्री बीजिंग की यह यात्रा करेंगे। इस द्विपक्षीय तंत्र की बहाली दोनों देशों के बीच हुए नेतृत्व स्तर के समझौते से हुई है। जिसमें भारत-चीन संबंधों के अगले कदमों पर चर्चा का मुद्दा प्रमुखता से शामिल है।

## फरवरी के पहले सप्ताह में होगी भारत-मिस्र के विदेश मंत्रियों की बैठक

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** अगले फरवरी महीने के पहले सप्ताह में मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती भारत की यात्रा पर रहेंगे। यहां विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ उनकी राजधानी में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न आयामों जैसे रक्षा-सुरक्षा, व्यापार, निवेश, कृषि और शिपिंग के मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा इजरायल और हमास के बीच हालिया लागू हुए संघर्ष विराम समझौते के बाद उभरते हुए हालातों का मामला भी दोनों विदेश मंत्रियों की चर्चा में प्रमुखता से शामिल रहेगा। अब्देलती की भारत यात्रा के विषय से जुड़े लोगों ने बताया कि दोनों विदेश मंत्रियों की बातचीत में वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल सीसी के बीच नई दिल्ली में हुई बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ सहित देशभर के 200 से ज्यादा टोल प्लाजा पर करोड़ों की ठगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर के 200 से ज्यादा टोल प्लाजा पर सॉफ्टवेयर के जरिए करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले तीन जालसाजों को एसटीएफ की वाराणसी और लखनऊ यूनिट ने गिरफ्तार किया है। मिर्जापुर के लालगंज स्थित अतरैला टोल प्लाजा पर छापा मारकर इन्हें पकड़ा गया। आरोपियों ने एनएचएआई को सैकड़ों करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी आलोक कुमार सिंह ने एमसीए किया हुआ है और उसे सॉफ्टवेयर बनाने की पूरी जानकारी है। उसने एक सॉफ्टवेयर तैयार किया, जिसे टोल प्लाजा के कंप्यूटर सिस्टम में इंस्टॉल कर दिया जाता था। यह सॉफ्टवेयर फास्ट टैग रहित वाहनों से वसूले गए दोगुने टोल शुल्क को एनएचएआई के सिस्टम से अलग कर देता था। एसटीएफ के मुताबिक, आरोपियों ने इस सॉफ्टवेयर को 42 टोल प्लाजा पर इंस्टॉल किया था। आलोक कुमार सिंह ने बताया कि उसने यह गबन टोल प्लाजा मालिकों और प्रबंधकों की मिलीभगत से किया। ठगी से हासिल रकम को टोल कर्मियों और अपने साथियों के बीच बांटा जाता था। गिरफ्तार आरोपियों में आलोक कुमार सिंह (वाराणसी), मनीष मिश्रा (मध्य प्रदेश), और राजीव कुमार मिश्र (प्रयागराज) शामिल हैं।

**खास बात**

- सॉफ्टवेयर के जरिए किया गया फर्जीवाड़ा, वाराणसी, लखनऊ से तीन गिरफ्तार

### छत्तीसगढ़ के ये टोल प्लाजा

अभियुक्त सिंह द्वारा एनएचएआई सर्वर के अलावा कई और टोल प्लाजा पर अलग से साफ्टवेयर इंस्टाल किया था। इनमें छत्तीसगढ़ से भोजपुरी टोल प्लाजा, कम्पनी एकेसीसी, महराजपुर टोल प्लाजा, मुढ़ियापारा टोला प्लाजा व कुम्हारी टोल प्लाजा दुर्ग थे। छत्तीसगढ़ के अलावा एमपी, यूपी, राजस्थान, कश्मीर, गुजरात आदि राज्यों के भी कई टोल प्लाजा थे जिनमें अलग से साफ्टवेयर इंस्टाल किया गया था।

## पेज एक के शेष

### इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट...

माइक हैंकी व रूस के काउंसिल जनरल इवान फेटिसोव से मुलाकात की। काउंसिल जनरल ने इस दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, आईटी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नई औद्योगिक नीति के कारण अब तक छत्तीसगढ़ ने लगभग 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आकर्षित किए हैं। ये प्रस्ताव हाल ही में रायपुर, दिल्ली और मुंबई में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट समिट के दौरान प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री ने इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमुख उद्योगपतियों से छत्तीसगढ़ सरकार को 6 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए। इस मीट में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव राहुल भगत, उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ की इन्वेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सैन और सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक विश्वेश कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए हैं।

**बस्तर और सरगुजा सर्वाधिक निवेश प्रोत्साहन क्षेत्र** : मुख्यमंत्री ने कहा, बस्तर में नगरनार स्टील प्लांट के पास ग्राम नियानार में 118 एकड़ में नये औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना करने जा रहे हैं इससे यहां बड़े पैमाने पर लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों को स्थापना के अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया बस्तर और सरगुजा को हमने सर्वाधिक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन क्षेत्र के रूप में रखा है। यहां कोर सेक्टर प्रोत्साहन, आयरन और कोल रायल्टी में 50 से 100 प्रतिशत तक छूट है। सेस की प्रतिपूर्ति 150 प्रतिशत तक किये जाने का प्रावधान है।

**आधारभूत संरचना निवेशकों के अनुकूल** : मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि नवा रायपुर में 1.6 बिलियन डालर का निवेश किया गया है जिससे यहां की अधोसंरचना देश के सबसे शानदार शहरों जैसी है। यही नहीं अगले पांच वर्षों में यहां 2.1 बिलियन डालर की नई परियोजनाएं भी आरंभ की जाएंगी। उन्होंने बताया छत्तीसगढ़ की कनेक्टिविटी शानदार है। रांची, विशाखापट्नम तथा हैदराबाद के लिए एक्सप्रेस वे तैयार किये जा रहे हैं जो शीघ्र ही तैयार हो जाएंगे।

**ऊर्जा और खनिज उत्पादन में अग्रणी** : मुख्यमंत्री ने बताया खनिज संसाधनों और विद्युत उत्पादन के मामले में छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में से हैं। जो कोर इंडस्ट्री के लिए सबसे जरूरी खनिज हैं, जैसे कोयला, लोहा और बाक्साइट आदि, यह छत्तीसगढ़ में प्रचुरता से है और स्वाभाविक रूप से हमारा प्रदेश स्टील, सीमेंट और एलुमीनियम आदि के उत्पादन में अग्रणी राज्यों में से है। छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र राज्य है जो टिन का उत्पादन करता है। इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट में लीथियम जरूरी है। छत्तीसगढ़ में न केवल लीथियम के बड़े भंडार मिले हैं अपितु हम लीथियम ब्लाक की नीलामी करने वाले पहले राज्य हैं।

**कई प्रमुख उद्योग समूहों ने दिए प्रस्ताव** : इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में अम्बुजा सीमेंट लिमिटेड ने राज्य में 2367 करोड़ के निवेश प्रस्ताव की घोषणा की। वहीं बॉम्बे हॉस्पिटल ट्रस्ट ने राज्य में विश्वस्तरीय अस्पताल बनाने की इच्छा जताई है, उन्होंने 700 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है। प्लास्टिक और टेक्सटाइल के क्षेत्र में अग्रणी वेलस्पन ग्रुप ने छत्तीसगढ़ में 500 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना साझा की है। वहीं ड्रूल्स कंपनी ने पालतू जानवरों के आहार के उत्पादन को बढ़ाने के लिए राजनांदगांव में 625 करोड़ रुपये का निवेश की घोषणा की है। कंपनी द्वारा ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए 30 मेगावॉट सोलर पावर प्लांट भी लगाया जाएगा। क्रिटेक टेक्नोलॉजीज ने राज्य में आईटी क्षेत्र में 600 करोड़ रुपये का निवेश के प्रस्ताव दिए हैं। नन्टेक्स मशीनरी ने 45 करोड़ और नन्टेक्स इंडस्ट्रीज ने 39.50 करोड़ तथा पिडिलाइट इंडस्ट्रीज 80 करोड़ व विजन प्लस सिक्योरिटी ने 50 करोड़ के निवेश की योजना साझा की है। इन सबके साथ ही अन्य कंपनियों को मिलकर कुल 6000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव छत्तीसगढ़ को मिले हैं।

### एनओसी प्रक्रिया...

लोगों को रोजगार देने वाले उद्योगों को बी-स्पोक नीति का अवसर प्रदान किया गया है। 5 से 12 वर्ष तक नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, रोजगार एवं ईपीएफ प्रतिपूर्ति तथा प्रशिक्षण व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए आकर्षक प्रावधान किये गये हैं।

### मंत्री राणे ने सैफ...

मिलते थे, लेकिन अब वे घरों में घुस जाते हैं। बंदरगाह और मत्स्य पालन मंत्री ने कहा, हो सकता है कि बांग्लादेशी घुसपैठिए उन्हें (सैफ को) ले जाना चाहते हों।

**पूजा भट्ट ने दिया करारा जवाब** : अभिनेत्री पूजा भट्ट ने इस बारे में कहा कि फैन्स ने जैसा सोचा था सैफ अली खान शायद उस परसेप्शन से अलग नजर आए, इसलिए उन्हें ट्रोल किया जा रहा है, लेकिन ट्रोलर्स को ये सोचना चाहिए कि जब वो सैफ के खुद हॉस्पिटल जाने पर उनकी तारीफ कर रहे थे तो, उनके खुद बाहर आने पर भी उनकी तारीफ ही करना चाहिए, न कि इसमें कोई कॉन्सपिरेसी थ्योरीज ढूंढना चाहिए।

## राशिफल

**मेष** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन** — शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

C/PDCL

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूसन कम्पनी लिमिटेड
CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD. (A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB) (CIN: U40108CT2003SGC015822)
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, जिला नारायणपुर (छ.ग.) 494661 दूरभाष नंबर (कार्यालय) 07781 - 252901

क्र./ कार्य.अ. / सामा./ 2024/ नारायणपुर दिनांक 23.01.2025

// आवश्यक सूचना //

समस्त जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि 132 / 33 के.व्ही. उपकेन्द्र नेलवाड़ में बसबार विस्तार का कार्य किया जाना है जिसके कारण 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र नेलवाड़ से निकलने वाली 33/11 के.व्ही. लाईन उपकेन्द्र बेनुर, छोटेडोंगर, ओरछा, बखरूपारा, कुंदला एवं आकाबेड़ा से संचालित होने वाली सभी ग्रामों की विद्युत आपूर्ति दिनांक 25.01.2025 दिन शनिवार को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक बंद रहेगा। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

नोट:- असुविधा के लिए खेद है। // स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं //

कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा)
संभाग छ.ग.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि.,नारायणपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
मोतीबाग वर्कशॉप, नागपुर में विभिन्न कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, एमआईबी-डब्ल्यूएस, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

■ 1. निविदा सूचना सं.: MIBW-2024-19-06-05-02 दिनांक: 15.01.2025
कार्य का विवरण: मोतीबाग वर्कशॉप, नागपुर में कार्य के दायरे के अनुसार 02 (दो) वर्षों के लिए BG कोचेस के POH के दौरान IR-DRDO बायो-डाइजेस्टर टैंकों का विघटन, सफाई, मरम्मत और पुनः फिटमेंट।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 1,20,94,120/- (रु. एक करोड़ बीस लाख चौरानबे हजार एक सौ बीस मात्र), GST @ 18% सहित),
बयाना राशि: ₹ 2,10,500/- (रु. दो लाख दस हजार पांच सौ मात्र)
अनुबंध की अवधि: 24 (चौबीस) महीने, निविदा प्रपत्र मूल्य: ₹ 0 (शून्य)।

■ 2. निविदा सूचना सं.: MIBW-2024-19-06-03-15 दिनांक: 16.01.2025
कार्य का विवरण: मोतीबाग वर्कशॉप, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर में 0 - 150 टन क्षमता की हाइड्रोलिक हॉरीज़ोंटल टेंसाइल टेस्टिंग मशीन का OEM या OEM के अधिकृत डीलरों के माध्यम से 03 (तीन) वर्षों के लिए CAMC।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 15,41,626/- (रु. पंद्रह लाख इकतालिस हजार छह सौ छब्बीस मात्र), GST @ 18% सहित),
बयाना राशि: ₹ 30,800/- (रु. तीस हजार आठ सौ मात्र) | अनुबंध अवधि: 36 (छत्तीस) महीने, निविदा प्रपत्र मूल्य: ₹ 0 (शून्य)।

■ 3. निविदा सूचना सं.: MIBW-2024-19-06-03-16 दिनांक: 17.01.2025
कार्य का विवरण: मोतीबाग वर्कशॉप, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर में 200 टन क्षमता वाले हाइड्रोलिक प्रेस ब्रेक के लिए CNC की मरम्मत।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 22,45,304/- (रु. बाईस लाख पैंतालीस हजार तीन सौ चार मात्र), सभी करों सहित),
बयाना राशि: ₹ 44,900/- (रु. चौवालीस हजार नौ सौ मात्र)
अनुबंध की अवधि: 24 (चौबीस) महीने, निविदा प्रपत्र मूल्य: ₹ 0 (शून्य)।

निविदा जमा करना: बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल निम्नलिखित तिथि के 11:00 बजे तक ही या उस से पहले प्रस्तुत कर सकेंगे।
1. निविदा सूचना सं. 1: दि. 06.02.2025
2. निविदा सूचना सं. 2: दि. 07.02.2025
3. निविदा सूचना सं. 3: दि. 08.02.2025

इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। प्राप्त सभी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

कार्यशाला प्रबंधक,
मोतीबाग कार्यशाला,
AIM/46-199 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## शब्द पहेली - 5757

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | 7 | | 8 |
| | ■ | 9 | | | ■ | 10 | | | ■ | |
| 11 | 12 | ■ | ■ | | ■ | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | 15 | | 16 | | 17 | ■ | 18 | |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | | | |
| ■ | ■ | ■ | 21 | | ■ | 22 | | ■ | ■ | ■ |
| 23 | 24 | | | ■ | 25 | ■ | 26 | | 27 | 28 |
| 29 | | ■ | 30 | 31 | | 32 | | ■ | 33 | |
| 34 | | ■ | ■ | | ■ | | ■ | ■ | 35 | |
| | ■ | 36 | 37 | | ■ | 38 | 39 | 40 | ■ | |
| 41 | | | | | ■ | 42 | | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

**शब्द पहेली- 5756 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | ■ | ब | ला | ■ | य | म | ■ | श | र |
| या | ■ | क | ल | ■ | जो | श | ■ | जा | य | ज |
| ■ | कै | द | ■ | श | र | ■ | का | न | न | ■ |
| न | दी | ■ | खे | मा | ■ | का | त | ना | ■ | जा |
| म | ■ | जा | ल | ■ | का | य | र | ■ | ता | ल |
| ■ | मा | न | ■ | र | म | ल | ■ | का | ला | ■ |
| का | या | ■ | बी | न | ना | ■ | रा | म | ■ | सी |
| र | ■ | क | ह | र | ■ | शो | र | ■ | बा | धा |
| ■ | की | च | ड़ | ■ | सा | ला | ■ | री | त | ■ |
| क | म | य | ■ | ख | र | ■ | सी | ता | ■ | द |
| म | त | ■ | जी | त | ■ | मा | मा | ■ | दा | म |

## सूडोकु नवताल - 5768

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5767 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

रायपुर, शुक्रवार 24 जनवरी 2025
haribhoomi.com



# अमेरिकी अस्पतालों में भारतीय महिलाओं की भीड़

## समय से पहले करा रहे सीजेरियन डिलीवरी

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका की बागडोर संभालते ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जन्मजात नागरिकता के अधिकार को समाप्त कर दिया है। इससे अमेरिका में रहने वाले उन भारतीयों को झटका लगा है जो वहां बच्चे को जन्म देकर नागरिकता हासिल करना चाहते थे। ट्रम्प के इस आदेश को लागू होने में 30 दिन का समय है। आदेश की समय सीमा 19 फरवरी को पूरी हो रही ऐसे में प्रेंग्नेट भारतीय महिलाए 20 फरवरी से पहले सातवें या आठवें महीनें में ही सी सेक्शन यानी सर्जरी के जरिए बच्चे को जन्म देना चाहती है। अवैध रूप से या वीजा पर रह रही प्रेग्नेंट महिलाएं समय से पहले इसलिए डिलीवरी करवा लेना चाहती हैं ताकि उनके बच्चे को अमेरिका की नागरिकता मिल जाए और बच्चे की इस वजह से उन्हें और उनके पति को अमेरिका में रहने की कानूनी मदद मिल जाए।

अमेरिकी संविधान में हुए 14वें संशोधन के अनुसार जन्म के आधार पर नागरिकता देने का प्रविधान है। मतलब, अमेरिका में जन्म लेने वाला हर बच्चा खुद ही अमेरिका का नागरिक बन जाता है। भले ही उसके माता-पिता की नागरिकता कुछ भी रही हो। अमेरिका में सबको बराबरी का अधिकार देने के मकसद से यह संविधान संशोधन 1868 में लागू हुआ था। काफी समय से राजनीतिक दल अवैध प्रवासियों और घुसपैठ का मुद्दा लगातार उठा रहे थे। खासतौर पर ट्रंप इसके सख्त खिलाफ थे। दरअसल, राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ट्रम्प ने एग्जीक्यूटिव ऑर्डर जारी कर जन्मजात नागरिकता के अधिकार को समाप्त करने का फैसला किया है। ऐसे में अवैध प्रवासियों या वीजा पर रहने वाले लोगों के उन बच्चों को नागरिकता नहीं मिल पाएगी जिनका जन्म अमेरिका में होगा। ट्रंप के ऐलान के बाद कई भारतीय महिलाएं आठवें या नौवें महीने में, 20 फरवरी से पहले बच्चे पैदा करना चाहती हैं। न्यू जर्सी की डॉ. एस.डी. रामा ने बताया कि ट्रम्प के ऐलान के बाद ऐसे मामले बढ़े हैं।

### ट्रंप के बर्थराइट सिटिजनशिप खत्म करने के फैसले से मची खलबली

#### सर्जरी से महिलाओं को खतरा

टेक्सास की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. एस जी मुक्काला ने तय समय से पहले बच्चे के जन्म के बाद होने वाले नुकसान पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि समय से पहले बच्चे पैदा करना संभव है, लेकिन इससे मां और बच्चे के लिए खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि समय से पहले डिलीवरी से बच्चों में अविकसित फेफड़े, तंत्रिका तंत्र को नुकसान, कम वजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।



#### ट्रम्प के आदेश का भारतीयों पर असर

अमेरिकी सेंसस ब्यूरो के 2024 तक के आंकड़ों के मुताबिक अमेरिका में करीब 54 लाख भारतीय रहते हैं। यह अमेरिका की आबादी का करीब डेढ़ फीसदी है। इनमें से दो-तिहाई लोग फर्स्ट जेनरेशन इमिग्रेंट्स हैं। यानी कि परिवार में सबसे पहले वही अमेरिका गए, लेकिन बाकी अमेरिका में जन्मे नागरिक हैं।

#### ग्रीनकार्ड का इंतजार कर रहे परिवारों की उम्मीद टूटी

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प के आदेश से हर साल 1.5 लाख नवजातों की नागरिकता पर संकट आ गया है। आदेश के बाद अमेरिका में ग्रीन कार्ड का इंतजार कर रहे परिवारों को सबसे ज्यादा झटका लगा है क्योंकि वे अपने बच्चों के जन्म की नागरिकता से अमेरिका में लंबे समय तक रहने का मौका तलाश रहे थे, इसलिए लोग अमेरिका में बच्चे पैदा करने को अमेरिका में रहने के सुनहरे मौके के रूप में देखते हैं। इससे उन्हें अमेरिका में लंबे समय या फिर स्थाई रूप से रहने का टिकट मिल जाता है। प्यू रिसर्च सेंटर की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक, 16 लाख भारतीय बच्चों को अमेरिका में जन्म लेने की वजह से नागरिकता मिली है।

## खबर संक्षेप

### सिंगापुर में भारतीयों के लिए कार्यक्रम शुरू



**सिंगापुर।** सिंगापुर पर्यटन बोर्ड ने भारतीय पर्यटकों के लिए साल भर चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत की है। दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। बोर्ड के भारत, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और अफ्रीका मामलों के क्षेत्रीय निदेशक मार्कस टैन ने कहा कि इस साल, हम भारत में अपने दोस्तों को रोमांचक अनुभवों के लिए हमारे साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित करते हैं। हम दोनों देशों के बीच मित्रता के अगले दशक की शुरुआत करने के लिए उत्सुक हैं।

### लॉस एंजिलिस आग: 50 हजार लोगों को निकालेंगे



**कैलिफोर्निया।** अमेरिका में लॉस एंजिलिस के उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में लगी भीषण और तेजी से फैलती आग के कारण बुधवार को वहां रहने वाले 50,000 से अधिक लोगों को जगह खाली करने का आदेश या चेतावनी जारी गई। वहीं, दक्षिणी कैलिफोर्निया में प्रचंड हवाओं के कारण दो स्थानों पर पहले भड़की आग अब तक शांत नहीं हो पाई है। सुबह ह्यूजेस में लगी आग भड़क उठी और कुछ ही घंटों में 39 वर्ग किमी में पेड़ जले हैं।

### इंसान के लिए 8-9 घंटे से ज्यादा काम करना ठीक नहीं, घातक है ये



**नई दिल्ली।** सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने वर्क लाइफ बैलेंस के महत्व पर जोर देते हुए कहा है कि मनुष्य की उत्पादकता 8-9 घंटे से अधिक नहीं हो सकती। अदार पूनावाला की यह टिप्पणी लार्सन एंड टूब्रो के चेयरमैन एसएन सुब्रह्मण्यन की ओर से 90 घंटे के कार्य सप्ताह का समर्थन करने के बाद आई है। सुब्रह्मण्यन ने कहा था कि उन्हें इस बात का अफसोस है कि वे अपने कर्मचारियों से रविवार को भी काम नहीं करवा पा रहे हैं।

## दिल्ली के चुनावी जंग में सीएम योगी ने की जनसभा, आप को चैलेंज

# मेरी कैबिनेट ने कुंभ में लगाई डुबकी, केजरीवाल 'आप' की सरकार यमुना में ही लगाकर दिखाए

### आप ने दिल्ली को कूड़ाघर बनाया, सड़कें बेहाल, बिजली-पानी भी नहीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के चुनावी मैदान में अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उतर चुके हैं। उन्होंने गुरुवार को किराड़ी से भाजपा विधानसभा प्रत्याशी बजरंग शुक्ला के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। योगी ने आप सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इन्होंने यमुना को गंदे नाले में बदल दिया। मेरी पूरी कैबिनेट में कुंभ में डुबकी लगाई। क्या केजरीवाल की कैबिनेट यमुना में स्नान कर सकती है? उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव के चलते आज मुझे यहां आने का अवसर मिला है, आज मुझे नजदीक से यहां की सड़कों को देखने का अवसर मिल रहा है।

**आप सरकार ने तो यमुना की दुर्दशा कर दी**

**विकास मॉडल को देखना हो तो महाकुंभ जाइए**




#### यहां सड़क पर गड्ढा है या गड्ढे में सड़क

दिल्ली सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सड़क पर गड्ढा है या गड्ढे में सड़क है। ये आज मैं खुद देख रहा हूं। ये केजरीवाल कीछूट है। दिल्ली में इतना कूड़ा हर जगह है कि पूरी राजधानी की दुर्गति हो गई है। आज हमारे वाहनों को यहां उसी सीवर के पानी से गुजरना पड़ा। आजकल अपने भाषणों में केजरीवाल बार बार यूपी की चर्चा कर रहे हैं, लेकिन उन्हें नहीं भूलना चाहिए कि आज यूपी पूरे देश में एक मॉडल के रूप में विकसित हुआ है। दिल्ली और नोएडा की सड़कों को स्वयं देखिए, दिल्ली और गाजियाबाद की सड़कों को देखिए, जमीन और आसमान का अंतर आपको स्वयं नजर आएगा।

#### आप झूठ बोलने की एटीएम गुरु को भी दिया धोखा

केजरीवाल ने अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा दिया, जो गुरु को धोखा दे सकता है वो जनता को भी धोखा देगा। दिल्ली में बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। आप झूठ बोलने की एटीएम मशीन है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की तस्वीर को बदसूरत कर दिया।आम आदमी पार्टी को सत्ता में आने का कोई अधिकार नहीं है। वह लगातार दिल्लीवासियों से झूठ बोल रही है।

#### राहुल का केजरीवाल और पीएम पर निशाना



#### दिल्ली को 'असली विकास मॉडल' की जरूरत

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी और आपके संयोजक अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। राहुल ने कहा कि दिल्ली की जनता को अब पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का असली विकास मॉडल की जरूरत है, न कि पीएम मोदी और अरविंद केजरीवाल के 'झूठे प्रचार का मॉडल' की। फेसबुक पर महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को उठाने वाला एक वीडियो साझा किया। राहुल ने हिंदी में अपने फेसबुक पोस्ट में कहा, खराब निर्माण, गंदगी, महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार - दिल्ली की सच्चाई जनता के सामने है।

## अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे पीएचसी

# अब गांवों में 12 हजार से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 24 घंटे देंगे सेवाएं




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने देश भर में 24 घंटे 7 दिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और प्रथम रेफरल इकाइयां (एफआरयू) स्थापित की हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत पिछले साल मार्च तक 12,348 पीएचसी को 24 घंटे 7 दिन सेवाओं में परिवर्तित किया गया है और 3,133 एफआरयू को चालू किया गया है।

#### देश में 31,000 से अधिक पीएचसी

2023 में एमएमयू पोर्टल की शुरुआत ने कमजोर आदिवासी समूहों के लिए स्वास्थ्य संकेतकों पर निगरानी और डेटा संग्रह को और मजबूत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल को वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान एनएचएम के तहत हुई प्रगति से अवगत कराया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में 31,000 से अधिक चालू हैं।

#### दूरस्थ अंचलों को मिलेगा लाभ

मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के बेड़े का विस्तार किया गया, जिसमें 1,424 एमएमयू अब दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल ने बैठक के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि पीएचसी को 24 घंटे 7 दिन चालू रखना एक बेहतरीन कदम है, क्योंकि इससे लोगों, खासकर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को इमरजेंसी सर्विस तक तुरंत पहुंचेगी।

# ट्रंप सरकार हिन्दुस्तान से संबंधों को मजबूत करने के लिए दिखी उत्सुक

### विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ समारोह में शामिल होने के बाद बुधवार को वाशिंगटन डीसी में मीडिया से बात करते हुए भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि ट्रम्प प्रशासन भारत के साथ संबंधों को गहरा करने को प्राथमिकता दे रहा है। ट्रम्प प्रशासन क्वाड को भी आगे बढ़ाने और इसकी गतिविधियों को तेज करने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा कि मजबूत आधार पर संबंधों को और मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आत्मविश्वासी प्रशासन को बहुत आश्वस्त और उत्साहित प्रशासन बताया हैं। इसके साथ ही उन्होंने अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों को वैध तरीके से भेजने की बात की और ये भी बताया कि पाकिस्तान के साथ व्यापार फिर से शुरू करने पर कोई बातचीत नहीं हुई है।

#### पीएम मोदी और ट्रंप के बीच बेहतर हैं रिश्ते

*जयशंकर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच बहुत अच्छा रिश्ता है। साथ मिलकर काम करने का इतिहास रहा है। पिछले 48 घंटों में मैंने जो उत्साह और आत्मविश्वास देखा है, उसे देखते हुए मुझे लगता है कि यह एक असाधारण रूप से सक्रिय प्रशासन है। और सिर्फ पिछले 48 घंटे ही नहीं, बल्कि वे पदभार संभालने से पहले भी बहुत सक्रिय थे। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने पहली बार किसी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया।*

## लॉन्च वाहन की ह्यूमन रेटिंग हुई पूरी

# इसरो प्रमुख ने कहा- अब जल्द होगा एनवीएस-02 लॉन्च, तैयारी लगभग पूरी

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा



इसरो प्रमुख डॉ वी. नारायणन ने इंटरव्यू में बताया कि भारत एक लंबा सफर तय कर चुका है। अब तक हमने छह जेनरेशन को डेवलप किया है और अब हम सातवीं जेनरेशन के तौर पर नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल पर काम कर रहे हैं। इसमें पृथ्वी की निचली कक्षा में 30 हजार किलो का वजन ले जाने की क्षमता होगी। मार्क 3 (एलवीएम 3) (जिसे पहले जीएसएलवी एमके-3 कहा जाता था) रॉकेट के साथ हमारी मौजूदा क्षमता लगभग 8,500 किलोग्राम है। इसरो की आगे की योजना के बारे में वी. नारायणन ने बताया कि हमें पहले से ही एक रोडमैप दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसरो का 100वां लॉन्च इस महीने के अंत में होगा। यह एनवीएस-02 का लॉन्च होगा, जो नेविगेशन सैटेलाइट की दूसरी पीढ़ी का दूसरा उपग्रह है। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधार शुरू किए हैं और अब निजी क्षेत्र को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हमारी है। गगनयान मिशन और मानव अंतरिक्ष उड़ान की क्या स्थिति है, इस सवाल के जवाब में वी. नारायणन ने कहा कि लॉन्च वाहन की ह्यूमन रेटिंग लगभग पूरी हो चुकी है।

#### 91 मीटर ऊंचा होगा एनजीएलवी

वी. नारायणन ने बताया कि एनजीएलवी 91 मीटर ऊंचा होगा और यह लगभग 30 मंजिला इमारत जितना होगा जबकि एमके 3 की ऊंचाई 43 मीटर है। थ्री स्टेज वाला वाहन होगा जिसमें नई प्रोपल्शन प्रणाली होगी और इसमें ईंधन के रूप में लिक्विड ऑक्सीजन और मीथेन का उपयोग होगा।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देंखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

# पीएम मोदी ने दी सुभाष बाबू को श्रद्धांजलि, कहा- 'नेताजी का विजन आज भी प्रेरणा देता है'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**सुभाष चंद्र बोस जयंती**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर उन्हें याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में कई बड़े नेता शामिल हुए। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे। इस मौके पर बच्चों को भी खास तौर से सेंट्रल हॉल में आमंत्रित किया गया था। आइए, जानते हैं देश भर के नेताओं ने कैसे किया नेताजी को याद। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

#### बच्चों से मिले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने सेंट्रल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों से बातचीत की और उनके साथ मिलकर 'जय हिंद' के नारे लगाए। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस का योगदान अद्वितीय है। उनका साहस और धैर्य हमें प्रेरित करता है। हम उनके सपनों का भारत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंकोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सनराइजर्स ने कैपिटल्स को 52 से हराया

**गक्बेरहा।** मौजूदा चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 लीग में प्रिटोरिया कैपिटल्स को 52 से हराकर लगातार तीसरे मैच में बोनस अंक के साथ जीत दर्ज की। सनराइजर्स ने सात विकेट पर 149 रन बनाने के बाद कैपिटल्स को 16.3 ओवर में 97 रन पर आउट कर दिय। लीग की शुरुआती दोनों सत्र की चैंपियन सनराइजर्स की टीम 15 अंक के साथ तालिका में तीसरे पायदान पर है जबकि कैपिटल्स की टीम पांचवें स्थान पर है। बॉश कैपिटल्स के लिए सबसे सफल गेंदबाज बन गये है। उनके नाम 26 विकेट हो गए हैं।

### वरुण हमारे लिए 'गेम चेंजर' रहे हैं: अभिषेक

**कोलकाता।** सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने भारत की इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में सात विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस जोरदार जीत के लिए स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को अधिक श्रेय दिया। अभिषेक ने कहा, 'अगर आप पिछली कुछ श्रृंखलाओं को देखें, तो वरुण हमारे लिए गेम-चेंजर रहे हैं। टी20 क्रिकेट में परिस्थितियां बल्लेबाजों के अनुकूल होती हैं लेकिन वह ऐसे गेंदबाज हैं जिन पर आप भरोसा कर सकते हैं और यह महत्वपूर्ण है।'




### क्लार्क ऑस्ट्रेलियन हॉल ऑफ फेम में शामिल

**मेलबर्न।** विश्व कप विजेता पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले 64वें खिलाड़ी बन गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को इसकी घोषणा की जबकि बुधवार को इससे संबंधित समारोह सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित किया गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक्स पर लिखा, 'ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क को बधाई।' क्लार्क ने टेस्ट और वनडे में क्रमशः 49.10 और 44.58 की औसत से 8643 और 7981 रन बनाए।



### महाराष्ट्र के अंकित पर एक मैच का निलंबन



**पुणे।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने महाराष्ट्र के बल्लेबाज अंकित बावने पर पिछले साल रणजी ट्रॉफी मैच में मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ असहमति जताने पर एक मैच का निलंबन लगाया जिसके कारण वह बड़ौदा के खिलाफ नासिक में चल रहे मैच में नहीं खेल पाए।

---

## दो अंकों में रन नहीं बना पाए भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी

# सितारे जमीं पर... रोहित-पंत और गिल रणजी में फेल, जडेजा ने दिखाया दम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और शुभमन गिल जैसे स्टार भारतीय खिलाड़ियों की रणजी ट्रॉफी में वापसी निराशाजनक रही और वे गुरुवार को अपनी अपनी टीमों से खेलते हुए सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौटे। अनुभवी ऑल राउंडर रविंद्र जडेजा ही अपेक्षाओं पर खरे उतरे। उन्होंने पांच विकेट लिए जिससे सौराष्ट्र ने दिल्ली की टीम को 188 रन पर आउट कर दिया। राष्ट्रीय टीम के अन्य खिलाड़ियों ने हालांकि निराश किया।

ऑस्ट्रेलिया में निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद भारतीय कप्तान रोहित अगले महीने शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपने नाम पर कुछ रन लिखवाना चाहते थे लेकिन जम्मू कश्मीर के खिलाफ मुंबई की पहली पारी में ऐसा नहीं हो पाया। रोहित केवल तीन रन बनाकर आउट हो गए। रोहित ने तेज गेंदबाज उमर नजीर मीर की गेंद को पुल करने का प्रयास किया लेकिन गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर मिड ऑफ पर खड़े जम्मू कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा के सुरक्षित हाथों में चली गई।



### मुंबई ने पहली पारी में गंवाई बढ़त

रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए मैच में मुंबई ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ पहली पारी में बढ़त गंवा दी। तेज गेंदबाजों की मददगार विकेट पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करना अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली टीम के लिए महंगा साबित हुआ क्योंकि मुंबई की टीम महज 120 रन पर आउट हो गई और जवाब में जम्मू-कश्मीर ने पहले दिन स्टंप तक सात विकेट पर 174 रन बनाकर 54 रन की बढ़त हासिल की। मैच के पहले दिन में 17 विकेट गिरे।

### घरेलू क्रिकेट मैच खेलना अनिवार्य

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद फिट होने की स्थिति में सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया है। इसके बाद ही इन खिलाड़ियों ने अपनी अपनी टीमों के लिए खुद को उपलब्ध रखा।

### पंत ने बनाए सिर्फ 1 रन




लंबे समय बाद दिल्ली की तरफ से रणजी ट्रॉफी में खेल रहे पंत राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ 10 गेंद पर केवल एक रन बना पाए। उन्हें बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्रसिह जडेजा ने आउट किया। बेंगलुरु में पंजाब और कर्नाटक के बीच खेले जा रहे मैच में गिल केवल चार रन बना पाए। उन्होंने पंजाब की पारी के चौथे ओवर में अभिलाष शेट्टी की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दिया।

### यशस्वी 4 रन पर आउट



भारतीय टीम में रोहित के साथी सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल भी केवल चार रन बना पाए। जायसवाल को जम्मू कश्मीर के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने पगबाधा आउट किया। उमर ने मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे (12) को भी पवेलियन भेजा।

### अय्यर का स्कोर 11 रन



चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में शामिल किए गए श्रेयस अय्यर भी केवल 11 रन बना पाए। उन्होंने तेज गेंदबाज युद्धवीर सिंह की गेंद पर मिड ऑन पर कैच थमाया। इन प्रमुख खिलाड़ियों के निराशाजनक प्रदर्शन से मुंबई की टीम पहली पारी में 120 रन पर आउट हो गई।

### एमसीए ने बनाया 'गिनीज वर्ल्ड' रिकॉर्ड

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम में 14,505 लाल और सफेद गेंदों का इस्तेमाल करके क्रिकेट बॉल से सबसे बड़ा वाक्य बनाने का 'गिनीज वर्ल्ड' रिकॉर्ड हासिल किया। भारत के प्रतिष्ठित क्रिकेट स्थलों में से एक वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के लिए एमसीए के भव्य समारोह के दौरान यह उपलब्धि हासिल की गई। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, 'हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम में 14,505 लाल और सफेद क्रिकेट गेंदों का उपयोग करके क्रिकेट बॉल से सबसे बड़ा वाक्य 'फिफ्टी इयर्स ऑफ वानखेड़े स्टेडियम' बनाकर 'गिनीज वर्ल्ड' रिकॉर्ड हासिल किया है।'

---

## लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग की जोड़ी इंडोनेशिया मास्टर्स से बाहर

एजेंसी ▶▶| जकार्ता



भारत के बैडमिंटन खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय मंच पर निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिसमें लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। भारत के 10वीं रैंकिंग के खिलाड़ी लक्ष्य का अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर संघर्ष जारी रहा, उन्हें जापान के केंटा निशिमोटो से 50 मिनट में 16-21, 21-12, 21-23 से पराजय मिली।

एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें थाईलैंड के किटिनुपोंग केद्रेन और देचापोल पुआवारानुक्रोह की जोड़ी से 20-22, 21-23 से हार का मुंह देखना पड़ा। इससे पहले ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को मलेशिया के पांग रोन हू और सु यिन चेंग की जोड़ी से 21-18 15-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा।बुधवार को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और उभरते हुए पुरुष एकल खिलाड़ी प्रियांशु राजावत पहले दौर में बाहर हो गए थे।

### चक्रवर्ती 7 तरह से फेंकते हैं मिस्ट्री बॉल

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 22 जनवरी को मौजूदा सीरीज का पहला टी20 मैच खेला गया, जहां टीम इंडिया के गेंदबाज फुलफॉर्म में दिखे। लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती तो कमाल के रहे। उन्होंने इंग्लैंड के तीन बेशकीमती विकेट झटके। चक्रवर्ती ने एक ओवर में मैच का पासा पलट दिया। चक्रवर्ती स्पिन के बड़े 'करतबबाज' माने जाते हैं, वह 7 तरीके से गेंदें फेंक सकते हैं। वरुण ने अब तक 14 टी20 इंटरनेशनल में 22 विकेट झटके हैं। आईपीएल में उनकी एंट्री ही मिस्ट्री गेंदबाजी के चलते हुई। वरुण ने कुछ साल पहले यह खुद ही दावा किया था कि वह 7 तरह से गेंद फेंक सकते हैं। इनमें ऑफब्रेक, लेगब्रेक, गुगली, कैरम बॉल, फ्लिपर, टॉपस्पिन, पैर की उंगलियों पर यॉर्कर शामिल है।

## भारत की सुपर सिक्स में जगह पक्की श्रीलंका को 60 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

अंडर-19 विश्व कप



सलामी बल्लेबाज जी तृषा की 49 रन की पारी और तेज गेंदबाजों की नई गेंद से शानदार गेंदबाजी से भारत ने गुरुवार को यहां श्रीलंका पर 60 रन की एकतरफा जीत के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए आईसीसी अंडर-19 टी20 महिला विश्व कप के सुपर सिक्स में प्रवेश किया।

बल्लेबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में त्रिशा ने 44 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया जिससे भारत को नौ विकेट पर 118 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। तेज गेंदबाज जोशीथा और शबनम शकील ने शुरुआती चार ओवर में दो-दो विकेट झटक कर श्रीलंका का स्कोर चार विकेट पर नौ रन कर दिया। अगले ओवर में कप्तान मनुडी नानायककारा के रन आउट होने से उसकी 12 रन तक आधी टीम पवेलियन पहुंच गई। श्रीलंका की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 58 रन ही बना सकी। भारत ने ग्रुप चरण के अपने अभियान को तीन मैचों में तीन जीत के साथ खत्म किया।

---

## मैनचेस्टर सिटी बाहर होने के कगार पर, जीता मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| लंदन



मैनचेस्टर सिटी बुधवार को पेरिस सेंट-जर्मेन से मिली करारी हार के बाद चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच गया लेकिन रियल मैड्रिड पर साल्ज़बर्ग को हराने के बाद अब ऐसा कोई खतरा नहीं है।

पीएसजी ने पेरिस में खेले गए मैच में मैनचेस्टर सिटी को 4-2 से पराजित किया। इस जीत के बावजूद पीएसजी पर बाहर होने का खतरा बना हुआ है। इस टूर्नामेंट में 36 टीम भाग ले रही हैं जिनमें से 24 टीम ही अगले दौर में प्रवेश करेंगी। मैनचेस्टर सिटी अभी 25वें जबकि पीएसजी 22वें स्थान पर है। मैनचेस्टर सिटी को नॉकआउट प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अपने अगले मैच में क्लब ब्रुग को हर हाल में हराना होगा। पीएसजी को भी अगले दौर के मैच में 24वें स्थान पर काबिज स्टटगार्ट पर जीत हासिल करने की जरूरत पड़ेगी। इस बीच पिछले सत्र में रिकॉर्ड 15वां यूरोपीय खिताब जीतने वाले रियल मैड्रिड ने नॉकआउट चरण में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। बुधवार को खेले गए मैच से पहले रियल मैड्रिड 22वें स्थान पर था लेकिन साल्ज़बर्ग को 5-1 से हराकर वह 16वें स्थान पर पहुंच गया।

### शाह विश्व सलाहकार बोर्ड में शामिल




**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष जय शाह को नवगठित विश्व क्रिकेट कनेक्ट्स सलाहकार बोर्ड में शामिल किया गया है जो एक स्वतंत्र ग्रुप है जो सात और आठ जून को लॉर्ड्स में एक चर्चा के दौरान खेल में कई तरह की चुनौतियों और मौकों पर चर्चा करेगा। विश्व क्रिकेट में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति माने जाने वाले बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह ने पिछले साल एक दिसंबर को आईसीसी अध्यक्ष का पद संभाला था और 'विश्व क्रिकेट कनेक्ट्स' फोरम में उनका शामिला होना उनके लिए अपने विचारों को व्यापक मंच पर पहुंचाने का एक मौका है।

## कीज और सबालेंका में होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियन ओपन





अमेरिका की मैडिसन कीज ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में गुरुवार को यहां मैच प्वाइंट का बचाव करते हुए विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज पोलैंड की इगा स्वियाटेक को शिकस्त दी। विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज 29 साल की कीज ने शुरुआती सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए 5-7, 6-1, 7-6 (10-8) से जीत दर्ज की। कीज के सामने शनिवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी एरिना सबालेंका की चुनौती होगी।

बेलारूस की 26 साल की सबालेंका ने अपनी अच्छी सहेली और 11वीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बनने की ओर कदम बढ़ाया। स्वियाटेक को शिकस्त देने के बाद कीज कोर्ट पर बैठ गई और रैकेट नीचे रख अपने हाथों से सिर को पकड़ लिया। सबालेंका अगर इस बार भी चैंपियन बनती है तो फिर वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के महिला एकल में मार्टिना हिंगिस के बाद खिताबी हैट्रिक बनाने वाली पहली खिलाड़ी बन जाएगी। हिंगिस ने 1997 से 1999 तक यह कारनामा किया था।

---

## गुकेश के अब 2784 रेटिंग अंक

# भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी बने गुकेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अपने नाम पर नित नई उपलब्धियां दर्ज करने का क्रम जारी रखा है और वह गुरुवार को फिडे की नवीनतम रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचकर अर्जुन एरिगैसी की जगह भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी बन गए। इस 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने नीदरलैंड के विज्क आन ज़ी में चल रहे टाटा स्टील टूर्नामेंट में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। टूर्नामेंट में यह उनकी दूसरी जीत थी। हाल में भारत के सर्वोच्च खेल पुरस्कार ध्यान चंद खेल रत्न को प्राप्त करने वाले गुकेश के अब 2784 रेटिंग अंक हो गए हैं जबकि पिछले कुछ समय से भारत के नंबर एक खिलाड़ी रहे एरिगैसी 2779.5 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन 2832.5 अंकों के साथ निर्विवाद रूप से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं। उनके बाद अमेरिका के दो खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा (2802) और फैबियानो कारुआना (2798) का नंबर आता है।

### हासिल की थी 2801 रेटिंग

गुकेश ने पिछले साल दिसंबर में सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीता था। एरिगैसी पिछले साल सितंबर में भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी बने थे। उन्होंने इसके बाद दिसंबर में अपनी सर्वोच्च रेटिंग 2801 हासिल की थी। वह 2800 या इससे अधिक रेटिंग अंक हासिल करने वाले दुनिया के 15वें और विश्वनाथन आनंद के बाद भारत के दूसरे खिलाड़ी हैं।

### विश्व चैंपियन गुकेश ने टाटा शतरंज में कीमर को हराया

विज्क आन ज़ी। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अपनी समझबूझ और तकनीकी खेल का शानदार नमूना पेश करते हुए टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर अपने अंकों की संख्या 3.5 अंक तक पहुंचा दी। टूर्नामेंट में अभी आठ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी है। गुकेश दो जीत और तीन ड्रॉ के साथ हमवतन आर प्रज्ञानानंदा और उज़्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से पीछे संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा ने नीदरलैंड के मैक्स वार्मरडैम के साथ ड्रॉ खेला, जबकि अब्दुसातोरोव ने एक अन्य स्थानीय खिलाड़ी जोर्डन वान फॉरेस्ट को हराया।



# खपत बढ़ाने बजट में आयकर में 'असरदार' कटौती की जरूरत

**रेटिंग एजेंसी बार्कलेज ने बजट पर दिया सुझाव, कर स्लैब में बदलाव कर व्यक्तिगत आयकर दर में कटौती करनी चाहिए**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्तीय सेवा प्रदाता बार्कलेज ने बृहस्पतिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में सरकार को खपत और मांग को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत आयकर में 'असरदार' कटौती की घोषणा करनी चाहिए।

बार्कलेज ने एक फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट से पहले कहा कि इस बजट से मुख्य मांग राजकोषीय मजबूती की राह पर चलने के साथ आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने की है। बार्कलेज की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) आस्था गुडवानी ने एक बयान में कहा कि उपभोग को समर्थन देने के प्रयास में वित्त मंत्री को कर स्लैब में बदलाव कर व्यक्तिगत आयकर दर में 'असरदार' कटौती करनी चाहिए।

### राजकोषीय लागत ज्यादा बढ़ने की आशंका

ऐसा करने से राजकोषीय लागत ज्यादा बढ़ने की आशंका नहीं है। गुडवानी ने कहा, /"इस घोषणा के तहत कर में उछाल से राजस्व में आई कमी की भरपाई हो जाएगी। हमें लगता है कि खपत को बढ़ावा देने की जरूरत है, खासकर निजी निवेश के साथ जो अब मांग में वृद्धि का इंतजार कर रहा है।




### नई कर व्यवस्था में बदलाव संभव

बार्कलेज को उम्मीद है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नई कर व्यवस्था के प्रावधानों में बदलावों का ऐलान करेंगी जिससे यह अधिक करदाताओं के लिए आकर्षक बन जाएगी। पिछले बजट में सरकार ने नई कर व्यवस्था के तहत वेतनभोगी करदाताओं के लिए मानक कटौती को बढ़ाकर 75,000 रुपये और पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती को बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दिया था, जो करों की कम दर प्रदान करता है।

### खुदरा कीमतें 2022 से स्थिर

बार्कलेज ने कहा कि मुद्रास्फीति नियंत्रित करते हुए खर्च-योग्य आय और क्रय शक्ति को बढ़ावा देने का एक और संभावित विकल्प ईंधन के लिए उत्पाद शुल्क में कटौती हो सकता है। कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में कमी के बावजूद ईंधन की खुदरा कीमतें 2022 से ही लगभग स्थिर बनी हुई हैं।

## खबर संक्षेप

### डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे टूटकर 86.47 पर बंद



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर में मजबूती और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी के बीच बृहस्पतिवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 12 पैसे टूटकर 86.47 (अस्थायी) पर बंद हुआ। हालांकि, विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि सकारात्मक घरेलू शेयर बाजारों और कच्चे तेल की कम कीमतों ने भारतीय मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन दिया।

### अल्ट्राटेक सीमेंट का लाभ घटकर 1,473.51 करोड़



**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर घटकर 1,473.51 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में शुद्ध मुनाफा 1,774.78 करोड़ रुपये रहा था।

### सीसीपीए ने एप्पल को जारी किया नोटिस




**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने आईओएस 18+ सॉफ्टवेयर 'अपडेट' के बाद आईफोन के प्रदर्शन में कथित समस्याओं के संबंध में एप्पल इंक को नोटिस जारी किया है। जोशी ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी।

### पूर्व आरबीआई गवर्नर ने रुपए में गिरावट के लिए डॉलर को जिम्मेदार ठहराया

# डॉलर मजबूत होने से रुपए में गिरावट, आरबीआई के हस्तक्षेप से निर्यात को हो सकता नुकसान

एजेंसी ▶▶| दावोस

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने भारतीय रुपये में गिरावट के लिए पूरी तरह से अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि इसमें आरबीआई का कोई भी हस्तक्षेप भारतीय निर्यात को नुकसान पहुंचा सकता है। राजन ने साथ ही नीति निर्माताओं से अधिक नौकरियों के सृजन और घरेलू उपभोग को बढ़ावा देने पर ध्यान देने का आग्रह किया। यह पूछे जाने पर कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के वैश्विक तथा भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में क्या मायने होंगे, राजन ने कहा, मुझे लगता है कि इसका मतलब अनिश्चितता है।



**आरबीआई को कोई भी हस्तक्षेप निर्यात को नुकसान पहुंचा सकता है**

### ट्रंप की शुल्क घोषणा डाल रही असर

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने अभियान के दौरान कई नीतियों और उपायों की रूपरेखा तैयार की थी, जिन्हें वह लागू करना चाहते हैं। अमेरिकी डॉलर में वृद्धि और अन्य मुद्राओं खासकर रुपये सहित उभरते बाजारों पर इसके प्रभाव के बारे में राजन ने कहा कि डॉलर अन्य मुद्राओं की तुलना में मजबूत हो रहा है, जिसकी आंशिक वजह ट्रंप के संभावित शुल्क की घोषणा है।




### अमेरिका को कम आयात करना होगा

भारतीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा, '' यदि वह शुल्क लगाते हैं, तो इससे अन्य देशों से अमेरिका का आयात कम हो जाएगा तथा चालू खाता घाटा और व्यापार घाटा कम हो जाएगा।

### अमेरिका निवेश के लिए आकर्षक बन रहा

राजन ने कहा, '' एक समझ यह भी है कि अमेरिका निवेश के लिए अधिक आकर्षक स्थान बनता जा रहा है, क्योंकि जो लोग अमेरिका को निर्यात नहीं कर सकते, वे अपना उत्पादन अमेरिका में करेंगे। साथ ही, आप देख रहे हैं कि अमेरिका में अधिक पूंजी आ रही है और यह बहुत बड़ी बात है। इससे शेयर बाजार में तेजी आएगी और डॉलर भी मजबूत होगा।''

### रुपए को सभी मुद्राओं के मुकाबले मजबूत करना होगा

अगर वह रुपये को मजबूत करने की कोशिश करता है तो यह उसके लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। यदि डॉलर के मुकाबले रुपये को मजबूत करने की कोशिश करता है तो वह अनिवार्य रूप से अन्य सभी मुद्राओं के मुकाबले उसे मजबूत करेगा तथा इससे हमारे निर्यातकों के लिए और अधिक मुश्किल हो जाएगी।''

### सभी मुद्राएं कमजोर हो रही

पूर्व गवर्नर ने कहा कि ये सभी कारक, साथ ही अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूत वृद्धि, डॉलर को मजबूत बना रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या भारतीय रिजर्व बैंक रुपये में हो रही गिरावट को रोकने के लिए कुछ नहीं कर सकता, राजन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि आरबीआई को कुछ करना चाहिए, क्योंकि अन्य सभी मुद्राएं अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर हो रही हैं।

### हस्तक्षेप बहुत अधिक अस्थिरता पर

राजन ने कहा, '' इसलिए, मैं इस बारे में सावधान रहूंगा। मैं केवल तभी हस्तक्षेप करूंगा जब रुपये में गिरावट वास्तव में अचानक आए और बहुत अधिक अस्थिरता उत्पन्न करे। किसी भी हस्तक्षेप के पीछे आरबीआई का हमेशा यही उद्देश्य रहा है कि अस्थिरता को कम किया जाए, न कि रुपये के स्तर को बदलने का प्रयास किया जाए।''

### अन्य देश अमेरिका में निवेश करेंगे

यह पूछे जाने पर कि क्या अमेरिका के अधिक आकर्षक निवेश गंतव्य बनने से किसी अन्य देश या भारत पर कोई असर होगा, राजन ने कहा, '' शुल्क लगाने के पीछे की वजह उत्पादन को पुनः स्थापित करना है, ताकि इसका अन्य देशों के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर प्रभाव पड़े।'' उन्होंने कहा कि इससे लोग अन्य देशों में निवेश करने की बजाय अमेरिका में निवेश करेंगे।

# सैमसंग नोएडा संयंत्र में गैलेक्सी एस 25 स्मार्टफोन बनाएगी




एजेंसी ▶▶| सैन जोस (अमेरिका)

सैमसंग दक्षिण-पश्चिम एशिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जे. बी. पार्क ने कहा कि कंपनी अपने नए स्मार्टफोन गैलेक्सी एस25 का विनिर्माण नोएडा स्थित अपने संयंत्र में करेगी। सैमसंग ने गैलेक्सी एस25 को बुधवार को पेश किया था। कंपनी के अनुसार, सैमसंग के बेंगलुरु स्थित अनुसंधान एवं विकास केंद्र ने गैलेक्सी एआई की एस25 श्रृंखला को विकसित करने में ''महत्वपूर्ण योगदान'' दिया है। दक्षिण कोरिया के बाहर कंपनी का यह सबसे बड़ा आरएंडडी केंद्र है। नए फोन के तीन संस्करण गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस25+ और गैलेक्सी एस25 हैं। यह सैमसंग को भारतीय बाजार में 800 अमेरिकी डॉलर से अधिक कीमत वाले सुपर प्रीमियम स्मार्टफोन खंड में अपनी स्थिति मजबूत करने में भी मदद करेगा।

- कपनी ने गैलेक्सी एस25 को बाजार में किया पेश

### कीमत 80,999 रुपए से शुरू

गैलेक्सी एस25 की कीमत 12 जीबी रैम और 250 जीबी स्टोरेज के लिए 80,999 रुपये से शुरू होती है। गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा के लिए 1.65 लाख रुपये तक जाती है। एस25+ की कीमत 256 जीबी और 512 जीबी स्टोरेज के लिए 99,999 रुपये और 1,11,999 रुपये है।

## बिजनेस साइट

### हर्षित अर्बन सिटी में 'प्लॉट मेला' आज से

**रायपुर।** रियल एस्टेट क्षेत्र में अग्रणी ब्रांड सिंघानिया बिल्डकॉन के हर्षित अर्बन सिटी में 'प्लॉट मेला' आज से शुरू हो रहा है। यह मेला 24, 25 और 26 जनवरी तक चलेगा। यह मेला विशेष रूप से उन ग्राहकों के लिए है जो राजधानी रायपुर में प्राइम लोकेशन पर किफायती प्लॉट खरीदने की सोच रहे हैं। सिंघानिया बिल्डकॉन के 'शहर के बीच में अपना जहां' स्कीम के तहत हर्षित अर्बन सिटी के प्लॉट मेला में बुकिंग कराने वालों को कई आकर्षक स्कीमों का लाभ मिलेगा। हर्षित अर्बन सिटी, रिंग रोड नं-1, डी-मार्ट के सामने रायपुरा में स्थित है। एक पूरी तरह से विकसित प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉट्स का विकल्प पेश करता है। यहां 1000 से 3000 वर्गफुट साइज के प्लॉट्स किफायती कीमत पर उपलब्ध हैं। यह प्लॉट्स रेरा द्वारा पंजीकृत हैं, जिससे निवेशकों को सुरक्षा और विश्वास का ऐहसास होता है। **कई विश्वस्तरीय सुविधाएं:** साथ ही हर्षित अर्बन सिटी में विश्वस्तरीय सुविधाओं भी है, जैसे कवर्ड कैम्पस, सीसीटीवी सुरक्षा, 24X7 जल आपूर्ति, लैंडस्केप गार्डन, स्ट्रीट लाइट, भूमिगत पानी की टंकी, वॉकिंग ट्रैक, पार्टी लॉन, बच्चों के लिए प्लेइंग ग्राउंड और पर्यावरण मानकों के अनुरूप ग्रीन प्लांटेशन, जो यहां रहने के अनुभव को और भी शानदार बनाता है।



### मुथूट फाइनेंस ने 'महाकुंभ' में भक्तों के लिए लांच की मुफ्त लॉकर सुविधा

**प्रयागराज।** मुथूट समूह की प्रमुख कंपनी मुथूट फाइनेंस ने 'महाकुंभ प्रयागराज 2025' में आने वाले भक्तों के लिए एक नई और अनूठी मुफ्त लॉकर सुविधा 'विश्वास की तिजोरी' का अनावरण किया है। महाकुंभ के दौरान करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है और मुथूट फाइनेंस का उद्देश्य भक्तों के सामान की सुरक्षा की महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करना है। यह लॉकर सुविधा अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं से लैस है, जिसमें 24x7 सुरक्षा कर्मी, सीसीटीवी निगरानी, अग्निशामक यंत्र और ट्रैकिंग सिस्टम शामिल हैं, ताकि भक्तों का सामान पूरी सुरक्षा के साथ रखा जा सके। इस मौके पर मुथूट ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने 'विश्वास की तिजोरी' की शुरुआत की और इस सेवा को भक्तों की आध्यात्मिक यात्रा को और भी सरल और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



### रिलायंस डिजिटल ने घोषित की 'डिजिटल इंडिया सेल' की वापसी

**मुंबई।** रिलायंस डिजिटल ने भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स सेल 'डिजिटल इंडिया सेल' की वापसी की घोषणा की है। इस सेल में ग्राहकों को इलेक्ट्रॉनिक्स की एक विशाल रेंज पर शानदार डिस्काउंट्स का लाभ मिलेगा। खास बात यह है कि ग्राहक प्रमुख बैंक कार्ड्स के जरिए खरीदारी करने पर 26,000 रु तक का इंस्टेंट डिस्काउंट प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही यूपीआई पेमेंट करने पर एक्सेसरीज और छोटे अप्लायंसेस पर 1,000 रु तक की छूट भी मिल रही है। यह ऑफर रिलायंस डिजिटल और माय जियो स्टोर्स के साथ-साथ ऑनलाइन भी लागू है। लैपटॉप की तलाश कर रहे ग्राहकों के लिए वर्क एंड लर्न कोर आई3 रेंज 26,999 रु से शुरू हो रही है, वहीं क्रिएटर कोर आई5एच रेंज 47,599 रु से और गेमिंग आरटीएक्स 3050 रेंज 49,999 रु से उपलब्ध है। फ्लिप फोन के दीवानों के लिए मोटोरोला रेजर 50 अल्ट्रा 12जीबी/512जीबी 69,999 रु में उपलब्ध है, साथ ही 9,999 रु की कीमत वाले मोटो बड्स+ (साउंड बाय बोस) भी फ्री मिल रहे हैं।होम और किचन अप्लायंसेस पर 1 प्रोडक्ट खरीदने पर 5%, 2 प्रोडक्ट खरीदने पर 10% और 3 या उससे अधिक प्रोडक्ट खरीदने पर 15% तक की भारी छूट का फायदा उठाएं। 'डिजिटल इंडिया सेल' 26 जनवरी 2025 तक पूरे भारत में लाइव है, जिससे ग्राहकों को नए टेक प्रोडक्ट्स में अपग्रेड करने का बेहतरीन अवसर मिलेगा।




# अमेजन कनाडा में बंद कर रहा गोदाम, 1700 नौकरियां होंगी खत्म

**कनाडा के क्यूबेक स्थित गोदामों को बंद कर देगा**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑनलाइन रिटेलर अमेजन की ओर से एक बड़ा फैसला लिया गया है। अमेजन की तरफ से जानकारी दी गई कि वो आने वाले दो महीने में कनाडा के क्यूबेक में अपने गोदामों को बंद कर देगा। अमेजन के क्यूबेक में कुल सात गोदाम हैं और अमेजन इन सभी गोदाम को बंद करेगा। ई-कॉमर्स की ओर से कहा गया कि इस फैसले के बाद लंबे समय तक हमारे कस्टमर्स की बचत होने वाली है। हालांकि, कनाडाई संघ ने कंपनी पर क्षेत्र में की गई कोशिशों को रोकने की वजह से अपनी साइटों को बंद करने का आरोप लगाया। कनाडाई संघ ने कहा कि उन्होंने सफलतापूर्वक एक गोदाम को संघबद्ध किया है। अमेजन के मुताबिक, इस फैसले के बाद ग्रेटर मॉन्ट्रियल क्षेत्र में लगभग 1,700 लोगों की नौकरियां खत्म हो जाएंगी। मौजूदा समय में वहां पर 250 कर्मचारी ऐसे हैं, जो अस्थायी तौर पर काम कर रहे हैं।




### 14 हफ्ते का वेतन दिया जाएगा

इस पैकेज में सुविधाओं के बंद होने के बाद 14 हफ्ते तक का वेतन दिया जाएगा। साथ ही नौकरी प्लेसमेंट संसाधनों जैसे लाभ को भी इसमें शामिल किया गया है। एग्रेट ने कहा कि यहां पर कंपनी के संचालन की समीक्षा की गई, जिसके बाद इसे बंद करने का फैसला लिया गया।

### प्रभावित कर्मचारियों को दिया था पैकेज

अमेजन की तरफ से जानकारी दी गई कि पैकेज को बांटने के लिए स्थानीय और तीसरे पक्ष की कंपनियों को नियुक्त करेगा। अमेजन की ओर से 2020 से पहले क्यूबेक में जिस बिजनेस मॉडल को फॉलो किया गया था, वो उसे फिर से इस्तेमाल करेगा। अमेजन प्रवक्ता बारबरा एग्रेट के मुताबिक, ये फैसला यूं ही नहीं लिया गया। उन्होंने बताया कि इस फैसले के बाद प्रभावित कर्मचारियों को एक पैकेज दिया जाएगा।

### कनाडा ने बातचीत के लिए किया था संपर्क

अमेजन की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, बंद की जाने वाली साइटों में एक फुलफिलमेंट सेंटर, दो शॉर्टिंग सेंटर, तीन डिलीवरी स्टेशन और एक फेसिलिटी शामिल हैं। इसे अमेजन एएमएक्सएल कहता है। ये टीवी और फर्नीचर जैसे बड़े सामानों की शिपमेंट में मदद करता है। कनाडा की नई तकनीकि, विज्ञान और उद्योग मंत्री, फ्रांस्वा-फिलिप शैम्पेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि उन्होंने कनाडा में अमेजन के संचालन के प्रमुख से अपनी आपत्तियों को बताने और उस पर चर्चा करने के लिए संपर्क किया था।

# इरेडा क्यूआईपी के जरिए 5,000 करोड़ जुटाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इरेडा के निदेशक मंडल ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 5,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना को मंजूरी दे दी है।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला इरेडा ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि यह निर्णय बृहस्पतिवार को निदेशक मंडल की बैठक में लिया गया। अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लि. (इरेडा) ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल ने एक या एक से अधिक किस्तों में धन जुटाने को मंजूरी दे दी है। लेकिन यह भी कहा है कि सरकार की हिस्सेदारी कंपनी के कुल 'इक्विटी शेयर' पूंजी में सात प्रतिशत से ज्यादा नहीं घटनी चाहिए।




कंपनी ने एक बयान बताया कि वह जो वित्तीय संसाधन जुटा रही है उनका इस्तेमाल हरित ऊर्जा के लिए बढ़ती हुई वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में किया जाएगा।

इरेडा के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास ने कहा, /"क्यूआईपी के माध्यम से धन जुटाने की यह पहल भारत के नवीकरणीय ऊर्जा परिवेश को मजबूत करने के लिए इरेडा की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह हमें स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने और इस क्षेत्र में हमारे नेतृत्व को और मजबूत करने में सक्षम बनाएगी।/"

### कृषि खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में रही नरम

**नई दिल्ली।** कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में घटकर क्रमशः 5.01 प्रतिशत और 5.05 प्रतिशत रही। यह नवंबर में क्रमशः 5.35 प्रतिशत और 5.47 प्रति शत थी। श्रम मंत्रालय के बयान के अनुसार, कृषि श्रमिकों और ग्रामीण कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक दिसंबर 2024 में क्रमशः 1,320 और 1,331 अंक पर अपरिवर्तित रहे।

**कच्चे माल की लागत वृद्धि के असर को कम करेगी**

# मारुति एक फरवरी से वाहनों के दाम 32,500 रुपए तक बढ़ाएगी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) एक फरवरी से अपने विभिन्न मॉडल के दाम 32,500 रुपये तक बढ़ाएगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि इससे कच्चे माल की लागत वृद्धि के असर को कुछ हद तक कम कम करने में मदद मिलेगी। मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, "कच्चे माल की बढ़ती लागत और परिचालन व्यय के कारण कंपनी एक फरवरी, 2025 से कार की कीमतें बढ़ाने की योजना बना रही है।" कंपनी ने कहा, "हालांकि, कंपनी लागत को अनुकूलतम बनाने और ग्राहकों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है, फिर भी हम बढ़े हुए खर्चों का कुछ हिस्सा बाजार पर डालने के लिए मजबूर हैं।" संशोधित कीमतों के तहत कंपनी की कॉम्पैक्ट कार सेलेरियो की शोरूम कीमत 32,500 रुपये तक बढ़ जाएगी, जबकि प्रीमियम मॉडल इनविक्टो की कीमत में 30,000 रुपये तक की वृद्धि होगी। कंपनी के लोकप्रिय मॉडल वैगन-आर की कीमत 15,000 रुपये जबकि स्विफ्ट की कीमत 5,000 रुपये तक बढ़ जाएगी।

- स्विफ्ट की कीमत 5,000 रुपए तक बढ़ जाएगी

### बेलेनो की कीमत 9000 रुपए तक बढ़ेगी

प्रीमियम कॉम्पैक्ट मॉडल बलेनो की कीमत 9,000 रुपये तक, कॉम्पैक्ट एसयूवी फ्रोंक्स की कीमत 5,500 रुपये तक और कॉम्पैक्ट सेडान डिजायर की कीमत 10,000 रुपये तक बढ़ जाएगी। कंपनी फिलहाल शुरुआती स्तर की ऑल्टो के-10 (शुरुआती कीमत 3.99 लाख रुपये) से लेकर 28.92 लाख रुपये की इनविक्टो तक विभिन्न प्रकार के वाहन बेचती है।

# आईटी शेयरों के दम पर बाजार में दूसरे दिन तेजी

**सेंसेक्स में 115 और निफ्टी में 50 अंक की तेजी**

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), टिकाऊ उपभोक्ता और जिंस शेयरों में खरीदारी आने से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 115 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी में 50 अंकों की तेजी रही।

विश्लेषकों ने कहा कि उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में निवेशकों ने चुनिंदा खंडों को लेकर भरोसा दिखाया। हालांकि बैंकों के शेयरों में बिकवाली का दबाव दिखा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 115.39 अंक बढ़कर 76,520.38 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 50 अंक यानी 0.22 प्रतिशत बढ़कर 23,205.35 पर बंद हुआ। यह शेयर बाजार में तेजी का लगातार दूसरा दिन रहा। जियोजत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"बाजार में अमेरिकी सरकार के फैसलों से वैश्विक व्यापार प्रभावित होने, मुद्रास्फीति तेज होने और मुद्राओं में उतार-चढ़ाव की अनिश्चितता बनी हुई है। हालांकि आगामी बजट से जुड़ी उम्मीदों ने गिरावट के रुझान को थामने का काम किया है।



**रिलायंस में रहा नुकसान :** इसके उलट, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंडसइंड बैंक, नेस्ले इंडिया और एक्सिस बैंक में गिरावट दर्ज की गई।

### अल्ट्राटेक सीमेंट में रही तेजी

बृहस्पतिवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मास्युटिकल, जोमैटो, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, टाइटन, आईटीसी और बजाज फाइनेंस के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही।


Special Offer
24th-25th & 26th JAN 2025
FLAT 50% OFF
OFFER VALID FOR
SAREE | LAHANGA | KURTIE
SUITING & SHIRTING
UPTO 50% OFF
V - SQUARE | VIMAL VATIKA
LUXURY Wedding Collection
10% SPECIAL DISCOUNT
FOR 3 DAYS
ALL ETHNIC COLLECTION
*Terms & Condition Apply.
VIMAL VATIKA
EXCLUSIVE MEN'S WEAR
51, I.G.V.P., Cloth Market, Pandri, Raipur, Pn: 0771 4055094
Follow us on :
SUNDAY OPEN
V - SQUARE
MEN'S | WOMEN | KIDS
Main Road, Science Center Turning, Near Ambuja Mall,
Raipur (C.G.) 0771 3172293




## Your true AI companion has arrived

| | |
|---|---|
| Retail price of S25 Ultra (512GB) | ₹ 141999# |
| Exchange value of old device | ₹ 71000~ |
| Additional upgrade bonus | ₹ 9000^ |
| Memory upgrade benefit | ₹ 12000~~ |
| **Effective price** | **₹ 49999*** |

Also get

Free memory upgrade 256GB to 512GB



₹ 18000** off on Galaxy Watch Ultra



₹ 7000^^ off on Galaxy Buds3 Pro

**Pre-order now**

Offer valid till Feb 06, 2025

samsung.com

Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 180057267864 for information on e-waste/plastic waste.

Image simulated. Samsung account login may be required for certain AI features. Actual UX/UI may differ. Samsung promotes responsible use of Artificial Intelligence (AI) features. *T&C apply. Offer price shown for 1 unit of Galaxy S25 Ultra 12GB | 512GB inclusive of exchange value of old device, additional upgrade bonus and memory upgrade benefit as detailed further below. Final pricing subject to dealer discretion. #Retail price of 1 unit of Galaxy S25 Ultra 12GB | 512GB. Price inclusive of taxes. ~Approximate value on exchange of 1 unit of Galaxy S24 Ultra 12GB | 512GB. Exchange value varies basis model & condition of old device. Exchange at the sole discretion of dealer. ^Additional upgrade bonus as per Samsung Upgrade program, provided by brand/dealer at their sole discretion upon exchange of select devices. ~~Value of memory upgrade benefit from 256GB to 512GB. Pre-order customers of S25 Ultra 256GB are eligible to benefits of memory upgrade from 256GB to 512GB worth ₹ 12000. **Discount amount of ₹ 18000 applicable only when purchasing 1 unit of Galaxy Watch Ultra together with 1 unit of any variant of Galaxy S25 Ultra. ^^Discount amount of ₹ 7000 applicable only when purchasing 1 unit of Galaxy Buds3 Pro together with 1 unit of any variant of Galaxy S25 Ultra. Offers may be revised or withdrawn without prior notice.

Scan to meet your true AI companion

Or WhatsApp "S25" to 9870 494949 to pre-order at Samsung Exclusive Store

Cheil-24410/25

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com